कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वितीया 09:49 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 19 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 59, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ला नीना से मार्च तक बनी रह सकती है ठंड 16

तीसरे दिन भारत ने किया पलटवार 15




# अयोध्या के आकाश पर रोशनी बिखेरेंगे 500 ड्रोन

**दीपोत्सव** राम, लक्ष्मण व हनुमान की वीर मुद्रा का दर्शन कर सकेंगे, आतिशबाजी का भी मिलेगा लुत्फ

- लाइट एंड साउंड शो में देख सकेंगे श्रीराम के जीवन के प्रेरक प्रसंग
- रावण वध, पुष्पक विमान, राम दरबार, राम मंदिर के भी होंगे दर्शन

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



### अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगा शो

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है। सरकार का इसे और भव्य बनाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री योगी के विजन के अनुसार आठवें दीपोत्सव में एरियल ड्रोन-शो का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार होगा। 30 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव से एक दिन पहले 29 अक्टूबर को ड्रोन-शो का रिहर्सल होगा। राम की पैड़ी पर इस ड्रोन-शो का आयोजन किया जाएगा।

### 15 फॉर्मेशन होंगे आकाश में साकार

आयोजन के तहत 15 फॉर्मेशंस को आकाश में साकार करने की योजना है। इसके लिए एनिमेशन के साथ डीटेल्ड स्टोरीबोर्ड का निर्माण किया जाएगा। इसे उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग से स्वीकृत किया जाएगा। आकाश में बनने वाले फॉर्मेशंस को सपोर्ट करने के लिए कॉन्सेप्ट, पटकथा, बैकग्राउंड म्यूजिक, वॉयसओवर, नैरेशन व लेजर लाइट्स समेत विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा। इन पर कार्य शुरू हो गया है।

**अमृत विचार :** इस बार दीपोत्सव पर मुख्य कार्यक्रम में 15 मिनट का एरियल ड्रोन शो का आयोजन भी होगा। इसके तहत 500 ड्रोन राम नगरी के आसमान पर रंग-बिरंगी रोशनी बिखेरेंगे। शो के जरिए श्रद्धालु राम, लक्ष्मण व हनुमानजी की वीर मुद्रा के दर्शन भी कर सकेंगे। रावण वध, पुष्पक विमान, राम दरबार, वाल्मीकि, तुलसीदास व राम मंदिर के भी दर्शन होंगे। दर्शक लाइट एंड साउंड शो के साथ आतिशबाजी का भी लुत्फ उठाएंगे। ड्रोन शो के लिए मेड इन इंडिया ड्रोन्स का इस्तेमाल होगा। कार्यक्रम में लेजर लाइट्स, वॉयस ओवर व म्यूजिकल नैरेशन के जरिए समां बंधेगा। रावण वध, पुष्पक विमान, दीपोत्सव, राम दरबार वाल्मीकि, तुलसीदास व राम मंदिर को भी अयोध्या के आकाश में ड्रोन के जरिए दिखाया जाएगा। इसे देख लोगों का मंत्रमुग्ध होना लाजिमी है। शो में उत्तर प्रदेश सरकार व पर्यटन विभाग के लोगो आकाश पर साकार दिखेंगे।

राम की पैड़ी पर श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को लेजर लाइट शो के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा। ड्रोन शो के साथ ही साउंड व लेजर शो का भी आयोजन होगा। इसे आर्टिस्टिकली डिजाइंड ग्रीन फायर क्रैकर्स की आतिशबाजी का साथ मिलेगा। जो आयोजन स्थल समेत समूचे अयोध्या के आकाश की आभा में चार चांद लगा देंगे। उप निदेशक पर्यटन राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि दीपोत्सव को भव्य बनाने के लिए एरियल ड्रोन-शो की तैयारी की जा रही है।

## सलमान खान को फिर जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को फिर से पांच करोड़ रुपये की फिरौती की धमकी मिली है और कहा गया है कि अगर वह ये रकम नहीं देते हैं तो उन्हें गोली मार दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने खूंखार लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक गैंगस्टर द्वारा यह धमकी दिए जाने का संदेह जताया है। धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान के घर, कार्यालय, शूटिंग स्थलों, अभिनेता के काम पर आने-जाने के रास्तों तथा उनके आगंतुकों पर निगरानी बढ़ा दी है।

## कोहली ने पूरे किए 9,000 रन

**बेंगलुरु।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले मैच के तीसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में 9,000 रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बन गए। इस तरह कोहली ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल की। अब वह सचिन तेंदुलकर (15,921), राहुल द्रविड़ (13,265) और सुनील गावस्कर (10,122) जैसे दिग्गजों की जमात में शामिल हो गए हैं, पर वह इन खिलाड़ियों में इस उपलब्धि तक काफी धीमी गति से पहुंचे क्योंकि इसके लिए उन्होंने 197 पारियां खेली। 35 साल के कोहली ने भारत की दूसरी पारी में अपना अर्धशतक पूरा करने के बाद यह कारनामा हासिल किया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कोहली पहली पारी में नौ गेंद में बिना रन जोड़े आउट हो गए थे और भारत 46 रन पर ऑल आउट हो गया था। बांग्लादेश के खिलाफ हाल में टेस्ट शृंखला में कोहली सिर्फ 594 पारियों में 27,000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बन गए।

**594** पारियों में 27,000 अंतर्राष्ट्रीय रन पूरे करने वाले सबसे तेज बल्लेबाज बने विराट

**197** पारियों में हासिल की उपलब्धि चौथे भारतीय बल्लेबाज बने विराट कोहली

### एक नजर

#### केंद्रीय मंत्री जोशी के भाई पर धोखाधड़ी का मामला

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस ने जनता दल (सेक्युलर) के एक पूर्व विधायक की पत्नी द्वारा दर्ज कराई गई धोखाधड़ी की शिकायत के आधार पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने स्पष्ट किया कि वे अपने भाई गोपाल जोशी से तीन दशक से अधिक समय पहले से अलग हो चुके हैं। जोशी ने कहा कि उन्होंने अदालत में एक हलफनामा भी दायर किया था तथा एक सार्वजनिक नोटिस भी प्रकाशित करवाया था, जिसमें कहा गया कि जो भी व्यक्ति उनका भाई, रिश्तेदार या मित्र होने का दावा करेगा और किसी वित्तीय गतिविधि में शामिल होगा, वह उसके लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

#### आठ करोड़ का सोना जब्त, तीन गिरफ्तार


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के भाटागांव बस स्टैंड में शुक्रवार को पुलिस ने आठ करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। सोने के साथ तीन तस्कर को भी गिरफ्तार भी किया है। पूरा मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आकस्मिक चेंकिग के दौरान बस स्टैंड भाठागांव रायपुर में तीन तस्करों से लगभग 12 किलो 800 ग्राम सोना बरामद किया जिसकी कीमत आठ करोड़ रुपये बताया जा रहा है। मामले में पुलिस ने तीनों तस्करों लिंगराज नायक, हितेश तांडी और शुभम को गिरफ्तार कर लिया।

# बाल विवाह रोकथाम कानून को नहीं रोक सकता पर्सनल लॉ : सुप्रीम कोर्ट

## पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता छीन लेते हैं बचपन के विवाह

- अदालत ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी पर्सनल लॉ के तहत परंपराएं बाल विवाह निषेध अधिनियम के क्रियान्वयन में बाधा नहीं बन सकतीं और बचपन में कराए गए विवाह अपनी पसंद का जीवन साथी चुनने की स्वतंत्रता छीन लेते हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने देश में बाल विवाह रोकथाम कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कई दिशानिर्देश भी जारी किए। हालांकि, पीठ ने इस बात पर गौर किया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम (पीसीएमए) पर्सनल लॉ पर प्रभावी होगा या नहीं, यह मुद्दा विचार के लिए संसद के पास लंबित है।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट (उच्चतम न्यायालय) से पीसीएमए को पर्सनल लॉ पर प्रभावी बनाए रखने का आग्रह किया था। प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर प्रकाश डाला कि निर्णय में बहुत व्यापक समाजशास्त्रीय विश्लेषण किया गया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पीसीएमए का उद्देश्य बाल विवाह पर रोक लगाना है लेकिन इसमें किसी बच्चे के कम उम्र में विवाह तय करने की बड़ी सामाजिक कुप्रथा का उल्लेख नहीं है। इस सामाजिक बुराई से बच्चे के चयन के अधिकार का भी हनन होता है... यह उनसे उनके साथी और जीवन पथ के चयन के अधिकार को उनके परिपक्व होने और अपनी स्वतंत्रता का दावा करने में सक्षम होने से पहले ही छीन लेता है। अदालत ने कहा कि बाल विवाह के लिए एक अंतरविषयी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो हाशिए पर पड़े समुदायों के बच्चों, विशेषकर लड़कियों के इसके कारण और कमजोर होने की बात को स्वीकार करता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अंतरविषयी दृष्टिकोण में लिंग, जाति, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और भूगोल जैसे कारकों पर विचार करना भी शामिल है, जो कम उम्र में विवाह के जोखिम को अक्सर बढ़ाते हैं।

### बेनामी संपत्ति कानून के प्रावधानों को असंवैधानिक बताने वाले वर्ष 2022 के अपने फैसले को लिया वापस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने 2022 के उस फैसले को वापस ले लिया जिसमें बेनामी संपत्ति लेनदेन पर रोक लगाने वाले कानून के दो प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित किया गया था। ये प्रावधान ऐसे सौदों और संपत्तियों को अधिकारियों द्वारा कुर्क किए जाने पर रोक लगाते हैं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पीएस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 23 अगस्त, 2022 के फैसले पर केंद्र की समीक्षा याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व सीजेआई एनवी. रमण की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ द्वारा दिए गए फैसले को वापस ले लिया। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2022 के अपने फैसले में तब माना था कि बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धाराएं 3(2) और पांच स्पष्ट रूप से मनमानी होने के कारण असंवैधानिक थीं।

### कानूनी परिणामों के बारे में भी जागरूकता आवश्यक

कोर्ट ने कहा कि पीसीएमए में दंडात्मक प्रावधानों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है कि बाल विवाह और इसके कानूनी परिणामों के बारे में व्यापक जागरूकता हो। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया कि यह नहीं समझा जाना चाहिए कि अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ मुकदमा चलाने को हतोत्साहित किया जाता है। उसने कहा कि कानून प्रवर्तन तंत्र को बाल विवाह को रोकने और निषिद्ध करने के लिए सर्वोत्तम प्रयास करने चाहिए तथा केवल अभियोजन पर ही ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहिए। यह निर्णय 'सोसाइटी फॉर एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन' द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान सुनाया गया।

# 32 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था वाला राज्य होगा उप्र : मुख्यमंत्री

## योगी ने मंत्रियों, अफसरों और सलाहकारों को सौंपा इस वर्ष का लक्ष्य



योजना भवन में समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था को लेकर की 10 क्षेत्रों की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए चल रहे प्रयासों की शुक्रवार को योजना भवन में समीक्षा की।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत संबंधित विभाग के मंत्रियों, शीर्ष अफसरों, सलाहकारों और विशेषज्ञों को लक्ष्य सौंपा कि इस सत्र में प्रदेश को 32 लाख करोड़ रुपये का जीडीपी हासिल करना होगा। 10 सेक्टरों में जारी कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विगत 7 वर्षों के नियोजित प्रयासों से अर्थव्यवस्था अब सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। वर्ष 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 25.48 लाख करोड़ रुपये हुई। इस वर्ष जीडीपी लक्ष्य 32 लाख करोड़ रुपये का है। जीडीपी के साथ प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हुई है। अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश अब देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में ग्रोथ इंजन बन रहा है। योगी ने यह भी कहा कि प्रत्येक विभाग में पूरी क्षमता है, इसलिए बड़े बदलाव के लिए तैयार रहें। वर्ष 2023-24 में कम्पाउंडेड एनुअल ग्रोथ रेट (सीएजीआर) लगभग 16 प्रतिशत दर्ज किया गया है। इस साल 25 प्रतिशत का लक्ष्य है।

कृषि क्षेत्र में बेहतर बीज, फसल विविधीकरण व आपूर्ति चक्र प्रबंधन को बेहतर करने के निर्देश देते हुए कहा कि हार्टिकल्चर में भी पर ब्लॉक-वन क्रॉप जैसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

योगी ने होटल/रेस्टोरेंट, ट्रान्सपोर्ट, संचार, रियल एस्टेट, प्रोफेशनल सर्विस, व अन्य सेवाओं में तेजी से हुई तरक्की की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि यूपी देश में पर्यटकों की पहली पसंद है। वर्तमान वर्ष में अब तक 62 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ है। निर्देश दिए कि बौद्ध सर्किट और नैमिषारण्य जैसे केंद्रों को चिन्हित कर उनकी बेहतर ब्रांडिंग करनी चाहिए। साथ ही पर्यटन स्थलों पर जनसुविधाएं और बेहतर की जाएं।

# न्याय न मिला तो परिवार के साथ कर लूंगा आत्मदाह

संवाददाता, बहराइच

**बहराइच हिंसा**

- हिंसा में मारे गए राम गोपाल के पिता कैलाशनाथ ने दिया बयान
- घटना में घायल लोगों ने भी पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल

**अमृत विचार :** रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा के पिता कैलाश नाथ ने बहराइच पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने वीडियो बयान जारी कर चेतावनी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वह पूरे परिवार के साथ आत्मदाह कर लेंगे। वहीं विसर्जन जुलूस के दौरान हुई गोलबारी में घायल हुए लोगों ने भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं।

रामगांव थाना क्षेत्र के रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) की रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान महराजगंज में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में नामजद पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इनमें आरोपित सरफराज और तालिब को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। उधर, मृतक के पिता कैलाश नाथ पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि पुलिस द्वारा उन्हें न्याय नहीं दिलाया जा रहा है। पुलिस का अपराधियों से गठजोड़ है। उन्होंने धमकी दी कि अगर न्याय नहीं मिला तो वह परिवार समेत आत्मदाह कर लेंगे। राम गोपाल की पत्नी रोली ने भी पुलिस पर अपराधियों से मिलने और घूस लेकर फर्जी मुठभेड़ दिखाने का आरोप लगाया है। उधर गोलीकांड में घायल हुए सिपहिया प्यूली गांव निवासी सत्यनाम मिश्रा समेत दो लोगों ने कहा कि वह लखनऊ से सही होकर घर आए हैं। कहा कि गोली के बदले गोली होनी चाहिए। कहा कि पुलिस आरोपियों को बचा रही है। दूसरी ओर हिंसा के सभी पांच आरोपियों मो. फहीन, मो. तालिब, मो. सरफराज, अब्दुल हमीद और अफजल की शुक्रवार को सीजेएम प्रतिभा चौधरी के सिविल लाइंस में जजेज कालोनी स्थित आवास पर पेशी हुई, जहां से सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### मुख्य आरोपी समेत 23 के मकान पर नोटिस चस्पा



महराजगंज में रविवार को हुई हिंसा के बाद अब बुलडोजर की कार्रवाई की जा सकती है। इसके लिए शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से 23 मकानों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है। इनमें अब्दुल हमीद समेत अन्य के घर शामिल हैं। नोटिस जारी कर सभी से पूर्व में डीएम के आदेश की कॉपी मांगी गई है, जिसमें अनुमति पत्र न मिलने पर सभी के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। एसडीएम महसी अखिलेश सिंह ने बताया कि सभी को भेजे गए नोटिस का जवाब न मिलने पर निर्माणों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई की सकती है।

## लापरवाही पर दो मत्स्य अधिकारी निलंबित

**लखनऊ।** जलाशयों व योजनाओं में लापरवाही पर शुक्रवार को दो मत्स्य अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। मत्स्य विकास मंत्री संजय कुमार निषाद के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। निलंबित अधिकारियों में कानपुर देहात के ज्येष्ठ मत्स्य निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह यादव व फतेहपुर के सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश चन्द्र यादव हैं। अवनीश यादव पर जलाशयों की नीलामी, मत्स्य जीवी सहकारी समितियों का गठन, किसान क्रेडिट कार्ड योजना व मछुआ कल्याण कोष योजनाओं में लक्ष्य प्राप्ति में असफल रहने समेत कई आरोप हैं। मिर्जाताल की नीलामी प्रक्रिया को गुमराह करने का भी आरोप है।

गिरीश चन्द्र यादव पर मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन में जानबूझकर विलंब करने का आरोप है। फरवरी 2024 में प्राप्त आवेदनों पर समय से कार्रवाई न करने के कारण उन्हें निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में दोनों मत्स्य निदेशालय लखनऊ से संबद्ध रहेंगे। उपनिदेशक मत्स्य अयोध्या मंडल को जांच सौंपी गई है।

# सपा कार्यालय के सामने औरैया की युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस ने सिविल अस्पताल में कराया भर्ती हालत गंभीर, कानपुर के कल्याणपुर थाना पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

**अमृत विचार :** औरैया जिले की 27 वर्षीया युवती ने शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यालय के सामने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने वह इधर-उधर दौड़ने लगी। गौतमपल्ली थाने के पुलिसकर्मियों ने देखा तो उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। युवती ने कानपुर के कल्याणपुर थाने में दर्ज दुष्कर्म के मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। जानकारी होने पर डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने कानपुर पुलिस से संबंधित मामले की रिपोर्ट मंगाई है।

युवती कानपुर के कल्याणपुर में किराए पर रहती थी। कन्नौज के ठठिया निवासी सिपाही निशांत कुमार की तैनाती 2023 में कानपुर में थी। इसी दौरान फेसबुक पर उसने युवती से दोस्ती कर कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। निशांत का तबादला लखीमपुर खीरी हो गया। कुछ दिन बाद लौटा तो फिर उसे बहाने से एक होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। निशांत का दोस्त अनुज भी युवती को प्रताड़ित करने लगा। परेशान हो युवती ने निशांत के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराया था। युवती का आरोप है कि दोनों उसे धमकी दे रहे हैं। कल्याणपुर पुलिस इस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। युवती ने राज्य महिला आयोग में भी शिकायत की थी। वहां पर निशांत का बयान दर्ज हुआ था।

# विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी



- ईडी ने दर्ज कराया था धन शोधन का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने धनशोधन से जुड़े एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी को शुक्रवार को जमानत दे दी। अब्बास अंसारी, गैंगस्टर और राजनेता मुख्तार अंसारी के पुत्र हैं। मुख्तार की कुछ महीने पहले जेल में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने अंसारी को राहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 अगस्त को ईडी से अंसारी की उस याचिका पर जवाब मांगा था जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा उनकी जमानत याचिका खारिज करने के आदेश को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने अंसारी की जमानत याचिका 9 मई को खारिज कर दी थी। ईडी ने 4 नंवबर 2002 को मामला दर्ज किया था।

### जैन को भी मिली बेल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को दिल्ली के पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन को धन शोधन के एक मामले में जमानत दे दी। जैन को ईडी ने 30 मई, 2022 को उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में हैं।

**जीवन की राह** लीची, अमरूद, आंवला, लहसुन, गुलाब की खेती को दिया नया आयाम, बांस, तेज पत्ता, दालचीनी, जिमीकंद के साथ खीरा, ककड़ी, तरबूज, मक्का और अदरक भी उगा रहे

# गैर परंपरागत खेती के जुनून ने यदुनंदन को बनाया अनुसंधान का केन्द्र

धर्मवीर गुप्ता, बांकेगंज (लखीमपुर खीरी)

**अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी की जगह खुशगवार गुलाबी सर्दी ने ले ली है। यदुनंदन सिंह पुजारी दर्जनों श्रमिकों के साथ सुबह से शाम तक खेतों में व्यस्त हो गए हैं। हवा का रुख भांप कर किसानी करने वाले यदुनंदन कैश क्रॉप जिमीकंद की खोदाई और बाजार का खाका खींच रहे हैं, वहीं गत वर्ष हुए लाभ को देखकर लहसुन की बुवाई में भी व्यस्त हैं। गैर परंपरागत खेती के जुनून ने उनके खेतों को कृषि अनुसंधान का केन्द्र बना दिया है।

कई सम्मान अर्जित कर चुके यदुनंदन सिंह पुजारी के खेतों की सैर करना मानों किसी कृषि विज्ञान से संबंधित ग्रंथ के पन्ने पलटना जैसा है।



ताइवानी अमरूद की बाग।

एक एकड़ में गुलाबों की बहार है तो दूसरे में गेंदे की पौध रोपी जा चुकी है। अगले खेत में एकड़ भर में ताइवानी अमरूद के पेड़ हैं तो अगले पड़ाव पर अनानास लहलहा रहे हैं। एक खेत में केला फसल दे रहा है तो दूसरे में केले की नई फसल चार फीट की हो चुकी है। उनके बाग में आंवले की टहनियां फलों से लदी हैं। सामने लीची के हरे भरे पेड़ हैं, उनमें कुछ तेज पत्ता और दालचीनी के भी पेड़ हैं। खेतों में लहलहाने को बांस की पौध तैयार है। इतनी विविधता की बाबत पूछे जाने पर वह कहते हैं कि धरती मां हमें उतना आशीर्वाद देती है, जितनी उसकी सेवा की जाए। इन्हीं फसलों के मध्य खीरा, ककड़ी, तरबूज तो कभी मक्के का भुट्टा और अदरक उगाते हैं। इन सभी फसलों से पूरे साल अच्छी आय होती है। वहीं उनकी बगिया को हरा-भरा रखने में सहयोग करने वाले श्रमिकों को भी पर्याप्त धन मिलता है। वह कहते हैं खेती करना उनका व्यवसाय नहीं है, बल्कि उनके जीवन की राह है। उन्हें चीनी मिलों या सरकारी क्रय केंद्रों पर अपनी फसल बेचने को कभी मुंह ताकना नहीं पड़ता है बल्कि लोग आकर फसल खरीदते हैं। उन्हें तब सुकून मिलता है जब शिक्षित युवक उनसे सलाह मांगने आते हैं।

### खेती करना भी एक कला है



यदुनंदन सिंह पुजारी कहते हैं कि खेती करना कला है। खराब मौसम तो कभी बीमारियों से सामना होता है, यही चुनौती है। खेती करना घाटे का सौदा कभी नहीं होता है। हां, इसकी सेहत का ख्याल रखना उतना ही जरूरी है, जितना की अपनी सेहत का। यदि यह बात ध्यान रहे तो न खेती बीमार होगी न ही किसान मायूस होगा।

### वाराणसी और जौनपुर जिमीकंद का बाजार

यदुनंदन सिंह बताते है यूं तो दिवाली पर पूरे देश में जिमीकंद की मांग बढ़ जाती है, किंतु बनारस और जौनपुर जिमीकंद की मंडी है इसलिए दीपावली से करीब एक सप्ताह पूर्व जिमीकंद की खोदाई कराकर जौनपुर तथा बनारस भेजेंगे।

### यह फसलें कर रहे तैयार

यदुनंदन का केले से शुरू सफर शतावर, पपीता, स्ट्राबेरी, प्याज, लहसुन, ताइवानी तरबूज, ताइवानी अमरूद, जिमीकंद, गेंदा, गुलाब, ग्लैडियोलस, अदरक, अनानास से होकर गुजर रहा है। लीची, आंवला, तेज पत्ता, दालचीनी, बारहों मास वाली तुलसी बगीचे की शोभा बढ़ा रहे हैं।

## एक नजर

### माल गोदाम का डीसीपी ने किया निरीक्षण

**कानपुर**। कलक्टरगंज थानाक्षेत्र में स्थित सीपीसी माल गोदाम का निरीक्षण पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार ने स्थानीय ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ कियया। टीआई पूर्वी राजकुमार मिश्रा व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्थाओं की समीक्षा की। अधिकारियों ने माल गोदाम परिसर में व्यवस्था सुधारने के लिए कदम उठाने पर जोर दिया ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

### 70 कैमरे खंगालकर वाहन चोर पकड़ा

**कानपुर**। नजीराबाद क्षेत्र से तीन दिन पूर्व चोरी हुई मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद कर लिया है। नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि संजय गांधी नगर के रहने वाले शुभम दीक्षित की बाइक गुमटी से चोरी हो गई थी। पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस घटना के खुलासे के लिए टीम गठित की गई। जिसके बाद 70 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर करन यादव उर्फ चुर्री निवासी रेलवे लाइन पांडु नगर को गिरफ्तार किया गया।

# आईआरसीटीसी लाया गुजरात का हवाई टूर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अहमदाबाद, कच्छ, भुज, केवडिया का 6 रात 7 दिन का टूर 13 नवंबर से

**अमृत विचार**। दीपावली आईआरसीटीसी अहमदाबाद, कच्छ, भुज, केवडिया के लिए हवाई टूर पैकेज लेकर आया है। 6 रात 7 दिन का यह टूर लखनऊ से 13 नवंबर को शुरू होगा। पैकेज में खाना, नाश्ता, रहना, घूमना शामिल रहेगा।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि टूर में यात्रियों को आने जाने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। ठहरने के लिए थ्री स्टार होटल, टेंट की व्यवस्था है। टूर के दौरान कच्छ उत्सव, काला डूंगर (काली पहाड़ियां), भुज में हस्तशिल्प गांव, आइना महल, प्राग महल, सरद बाग पैलेस, कच्छ संग्रहालय, स्मृति वन, भूकंप स्मारक संग्रहालय आदि का भ्रमण कराया जाएगा।

एक यात्री का खर्च 78,500, दो व्यक्तियों के साथ ठहरने पर प्रति व्यक्ति 53,000 रुपये और तीन यात्रियों के एक साथ ठहरने पर कीमत 49,200 रुपये है। माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य बेड के साथ 42,000 और बिना बेड 41,000 रुपये है। बताया गया कि बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर की जा रही है। बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी कार्यालय, पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ से संपर्क किया जा सकता है या वेबसाइट irctctourism. Com पर ऑन लाइन बुकिंग कराई जा सकती है। मोबाइल 8287930911, 8287930902, 7988676189 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# जाम का झाम, यातायात की व्यवस्था धड़ाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जरीब चौकी से घंटाघर मुख्य मार्ग पर हजारों वाहन जाम में फंसे
- यातायात पुलिस की टीम फेल, तंग गलियों तक फंसे रहे राहगीर

**अमृत विचार**। त्योहारों पर शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यातायात विभाग के पास ऐसी कोई योजना नहीं है जिससे जाम का खात्मा हो सके। शुक्रवार को उत्तर-दक्षिण शहर जाम से जूझता रहा। सेंट्रल स्टेशन से ट्रेनें पकड़ने वाले तमाम यात्रियों की ट्रेन छूट गई।

शुक्रवार को सबसे ज्यादा जाम जरीब चौकी से डिप्टी पड़ाव होते हुए घंटाघर जाने वाले मार्ग पर लगा। यहां संगीत टाकीज, भन्नानापुरवा, डिप्टी तक हजारों वाहन फंसे रहे। इस जाम में उलटी दिशा में घुसे ई रिक्शों ने सर्वाधिक योगदान दिया। कई यात्रियों की प्रतापगढ़ इंटरसिटी, मेमू, स्वर्ण शताब्दी छूट गईं। जवाहर नगर निवासी अक्षत पांडेय अपने परिवार के साथ रायबरेली जाने के लिए निकले थे लेकिन वे संगीत टाकीज के पास से ही वापस घर चले गये। उन्हें अपनी ससुराल में एक समारोह में रायबरेली जाना था। इसी प्रकार तमाम लोगों ने चमनगंज अजमेरी चौराहा, टुकनिया पुरवा चौराहा, बासमंडी होते हुए निकलने का प्रयास किया तो ये तंग रूट भी फंस गया। यहां हलीम कालेज चौराहा पर भीषण जाम लगा। इसी प्रकार संगीत सिनेमा के सामने से होकर लेनिन पार्क के रास्ते से भदौरिया चौराहा होते हुए जिन लोगों ने 80 फिट रोड पर निकलने की कोशिश की, वे भी जाम में फंसे रहे।



घंटाघर मुख्य मार्ग पर दोपहर में लगा भीषण जाम। अमृत विचार

### तंग गलियों में ई रिक्शों की भरमार ने बढ़ाई मुसीबत

मूलगंज से लाटूश रोड होते हुए डिप्टी पड़ाव, संगीत टाकीज, जरीब चौकी तक चलने वाले ई रिक्शों की अराजकता से राहगीर परेशान रहे। इसी प्रकार रेव मोती के पास एक साइड में ई रिक्शों व ऑटो वालों ने कब्जा कर रखा जिससे यहां भी जाम लग रहा है। यहां यातायात की टीम रहती है लेकिन इन ऑटो और ई रिक्शों की ओर देखते तक नहीं हैं और न तो इन्हें व्यवस्थित करते हैं। इसी प्रकार रूपम चौराहा, तलाक महल, बजरिया, बकरमंडी, कर्नलगंज, छिपियाना, मीनामन शिवाला, रहमानी मार्केट, दादा मियां चौराहा, नई सड़क, बेकनगंज, बीडी मार्केट, हीरामन पुरवा, दलेलपुरवा, इफ्तिखाराबाद समेत दर्जनों ऐसे क्षेत्र हैं जहां ई रिक्शों की अराजकता से जाम लगा रहा।

### नवरात्र में थी मंगनी, तबियत खराब होने के चलते टल गई थी

# शादी की तैयारी थी पर जोड़े की अर्थी उठ गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सड़क हादसे में मृत दरोगा और युवती की शादी तय थी
- हादसे के दूसरे दिन किया गया पोस्टमार्टम

**अमृत विचार**। महाराजपुर थानाक्षेत्र में एनएच-2 हाईवे पर खड़ी डीसीएम में तेज रफ्तार कार पीछे से घुसने पर पुलिस मुख्यालय लखनऊ में तैनात दरोगा बर्रा निवासी 27 वर्षीय सागर सिंह सेंगर और रायबरेली के थाना सलोन के ग्राम गहरौली निवासी 21 वर्षीय वैशाली सिंह की मौत हो गई थी। हादसे के बाद दूसरे दिन शुक्रवार को दोनों के शवों का पोस्टमार्टम किया गया।

वैशाली के मामा पंकज सिंह ने बताया कि वह लखनऊ डायल 112 में कॉल सेंटर पर कार्यरत थी। दरोगा सागर सिंह से उसकी शादी तय थी। नवरात्र में मंगनी का कार्यक्रम होना था, लेकिन भांजी की तबियत ज्यादा खराब होने के कारण कार्यक्रम आगे के लिए टल गया था। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों के अनुसार डीसीएम में कार घुसने से कार के आगे का हिस्सा दोनों के शरीर में घुस गया था। दरोगा सागर सिंह के सिर, छाती, दाहिनी व बायें कंधे, कोहनी, दोनों हाथ, घुटने समेत 8 गंभीर चोटें हैं। वहीं वैशाली सिंह के चेहरे, आंख, ठुड्डी, दोनों हाथ व पैर, गला, कोहनी, छाती समेत 13 चोटें हैं। दोनों को गंभीर चोटें और कोमा में जाने से सांसे थम गईं। वैशाली का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव रायबरेली लेकर रवाना हो गए। वहीं दरोगा का शव जब परिजनों को सुपुर्द किया गया तो चीखपुकार मच गई। पिता रणकेंद्र, मां सुमन व भाई बिलखते रहे।



डीसीएम में घुसी कार। (फाइल फोटो)। अमृत विचार

### युवती को छोड़ने जा रहे थे रायबरेली

- परिजनों ने बताया कि वैशाली की तबियत कई दिन से खराब चल रही थी। इस कारण वह दरोगा सागर सिंह के साथ दवा लेने के लिए कानपुर आई थी। यहां से गुरुवार दोपहर करीब एक बजे एनएच 2 हाईवे से होते हुए रायबरेली वैशाली को छोड़ने के लिए जा ही रहे थे कि रास्ते में हादसा हो गया। इस संबंध में महाराजपुर इंस्पेक्टर संजय कुमार पांडेय ने बताया कि डीसीएम चालक की तलाश की जा रही है।

### नौकरी के दौरान दोनों की हुई थी मुलाकात

- दोनों लखनऊ में नौकरी करते थे। इसी दौरान दोनों में मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान दोनों में शादी तक बात पहुंच गई। बीमार होने के बाद जब वह दवा लेने कानपुर आती थी तो दरोगा के साथ ही आती और वापस जाती थी। लेकिन इस बार जो सफर तय किया वो अंतिम था।

# परिजनों ने फार्मासिस्ट कक्ष घेरा, घंटों चला हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डॉक्टर के देरी से आने पर भड़के परिजन, नवविवाहिता की पीटकर हत्या करने की पुष्टि

**अमृत विचार**। नरवल थानाक्षेत्र के नरौरा गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने नवविवाहिता 26 वर्षीय कविता की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। शुक्रवार को परिजनों ने देरी से पोस्टमार्टम किए जाने का आरोप लगाकर फार्मासिस्ट कक्ष का घेराव कर जमकर हंगामा काटा। लोगों ने वहां मौजूद मीडियाकर्मियों से भी अभद्रता की और भाजपा विधायकों को बुलाने की धमकी दे डाली। कविता के परिजनों का आरोप था कि गुरुवार सुबह 11 बजे शव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा दिया गया था। इसके बाद भी शुक्रवार दोपहर 1 बजे तक महिला डॉक्टर के न आने से प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में उसके चेहरे, पीठ और सिर में इंजरी पाई गई है। कोमा में जाने के कारण जान चली गई।

महाराजपुर के तिलसहरी निवासी रामसजीवन कुशवाहा ने 26 वर्षीय बेटी कविता की शादी 3 दिसंबर 2023 को नवरल थानाक्षेत्र के नरौरा गांव निवासी सुधीर कुशवाहा से की थी। परिजनों का आरोप था कि शादी के पांच महीने बाद से ससुरालीजन पति, ससुर और ननद उसे दहेज में कूलर, कुर्सी और दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे। गुरुवार रात बेटी को ससुरालीजनों ने जमकर मारापीटा जिससे उसकी मौत हो गई। गुरुवार सुबह मायके पक्ष ने हत्या का आरोप लगाकर जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने गुरुवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था लेकिन शुक्रवार दोपहर तक पोस्टमार्टम नहीं हुआ तो परिजन भड़क गए। पोस्टमार्टम हाउस के प्रभारी डॉ नवनीत चौधरी का कहना था कि गुरुवार सुबह पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू होने वाली थी, लेकिन दोपहर में अचानक परिजनों ने वीडियोग्राफी की मांग कर दी थी। परमीशन देरी से हुई तो लेट हो गया।

## सार-संक्षेप



वायुसेना की सारंग टीम। (फाइल फोटो)

### सारंग टीम आज 5 हेलीकॉप्टरों से दिखाएगी करतब

**कानपुर**। वायु सेना स्टेशन में शनिवार को भारतीय वायु सेना की 'सारंग एरोबेटिक डिस्प्ले टीम' 5 हेलीकॉप्टरों के जरिए आसमान में हैरतअंगेज प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर देगी। यह एयर शो सुबह 9 बजे से 10 बजे के बीच होगा, जिसे देखने के लिए आम जनता को भी आमंत्रित किया गया है। सारंग टीम अब तक देश-विदेश में 386 स्थानों पर 1200 से अधिक प्रदर्शन कर चुकी है। 1 घंटे तक चलने वाले प्रदर्शन में हेलीकॉप्टर एक से बढ़कर एक हवाई करतब दिखाएंगे। सारंग हेलीकॉप्टर डिस्प्ले टीम का यह प्रदर्शन भारतीय वायु सेना की 92वीं वर्षगांठ समारोह पर होगा। कार्यक्रम में एयर कमोडोर एमके प्रवीण, वायु सेना स्टेशन कानपुर के साथ वायुसेना और रक्षा बलों के अधिकारी शामिल रहेंगे। वर्ष 2003 में स्थापित सारंग टीम भारतीय वायु सेना के लिए ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करती है। यह टीम दुनिया में एकमात्र 5 हेलीकॉप्टर एरोबेटिक प्रदर्शन टीम है। टीम अपने प्रदर्शन में एचएएल में विकसित स्वदेशी 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल करती है। टीम के प्रदर्शन का उद्देश्य शहर के युवाओं को भारतीय सशस्त्र बलों में करियर चुनने के लिए प्रोत्साहित करना है। सारंग टीम अपने करतबों के जरिए लोगों को देश प्रेम के उत्साह में सराबोर कर देती है। एयर शो के दौरान टीम के सदस्य हेलीकॉप्टर को इतने नजदीक से गुजारते हैं कि देखने वाले हतप्रभ रह जाते हैं। टीम हेलीकॉप्टरों से आसमान में तीन रंग के धुंए से तिरंगा बनाकर अपना प्रदर्शन राष्ट्र के नाम समर्पित करती है।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर मां-बेटी को पीटा

**कल्याणपुर**। कल्याणपुर में छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने किशोरी व उसकी मां को पीट दिया। पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। कल्याणपुर सीटीएस बस्ती निवासी महिला के अनुसार उनकी 13 वर्षीय बेटी कक्षा चार की छात्रा है। पड़ोस में रहने वाला सुमित पिछले लंबे समय से बेटी को आते-जाते परेशान कर रहा था। गत पांच सितंबर को सुमित ने दुकान से सामान लेकर घर लौट रही छात्रा के साथ अश्लील हरकतें कीं। विरोध करने पर सुमित उसके पिता संजय, भाई अमित व सिद्धार्थ ने गाली गलौज करते हुए मां बेटी को पीट दिया। कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# कर्जा अदा न कर पाने पर युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सल्फास खाया, कई लोगों से लिए थे रुपये उधार

**अमृत विचार**। रावतपुर थानाक्षेत्र में कर्जा अदा न कर पाने पर एक युवक ने सल्फास खाकर जान दे दी। साले ने बताया कि उसने एक ई-रिक्शा खरीदा था लेकिन किस्त न जमा कर पाने के कारण वह लोगों से कर्जा लेता गया। कमाई न होने के कारण कर्जा अदा नहीं कर पा रहा था। इससे परेशान होकर उसने देर रात सल्फास खा लिया। पुलिस ने मामले की जांच की।

रावतपुर गुप्ता कालोनी निवासी 45 वर्षीय संदीप सिंह ई-रिक्शा चालक था। परिवार में पत्नी मधु और तीन बच्चे हैं। हाथरस में रहने वाले साले संजीव कुमार ने बताया कि तीन महीने पहले जीजा ने डेढ़ लाख रुपये कीमत का ई-रिक्शा खरीदा था। वह किस्त अदा न कर पाने पर लोगों से कर्जा लेते गए। जब काफी उधारी हो गई तो कर्जदारों ने अपना रुपया मांगना शुरू कर दिया। साले के अनुसार कर्जा अदा न कर पाने पर गुरुवार देर रात उन्होंने सल्फास खा लिया।

तबियत बिगड़ने पर वह शोर मचाने लगे तो लोगों को जानकारी हुई। किसी तरह उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली और आगे की कार्रवाई की।

# अपार्टमेंट में लटका मिला इलेक्ट्रीशियन का शव

**कानपुर**। सिविल लाइंस स्थित गोकुल अपार्टमेंट में इलेक्ट्रीशियन राकेश मिश्रा ने लिफ्ट के लिए बने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आत्महत्या की पुष्टि हुई है।

अर्रा बिनगवां निवासी 60 वर्षीय राकेश मिश्रा के परिवार में पत्नी शारदा और दो बेटे रामजी और श्यामजी हैं। साले कमलेश तिवारी ने बताया कि गुरुवार को बहनोई राकेश गोकुल अपार्टमेंट में काम करने गए थे। वहां उन्होंने लिफ्ट को संचालित करने के लिए बनाए गए कमरे में रस्सी के सहारे फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर अपार्टमेंट के लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

# व्यापारी पर गोली-चापड़ चलाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रायपुरवा थानाक्षेत्र में गुरुवार रात हुई थी घटना, रिपोर्ट दर्ज
- सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ था वायरल

**अमृत विचार**। रायपुरवा थानाक्षेत्र में गुरुवार रात एक व्यापारी पर तमंचे से फायर किया गया, पीड़ित गोली से बचा तो उसे दौड़ाकर चापड़ से वार किया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित की पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने घायल का मेडिकल कराकर आरोपियों को चापड़ के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शक्कर मिल खलवा निवासी मनीष वर्मा ने दर्ज एफआईआर में बताया कि वह स्वरूप नगर में अपने रेस्टोरेंट का निर्माण करवा रहे हैं। गुरुवार रात बाइक से छोटे बेटे चिराग और बड़े बेटे अहम के साथ संगीत टाकीज के पास से घर लौट रहे थे। उनका आरोप है कि लाल फाटक के पास प्रकाश यादव, राज यादव उर्फ टमटम यादव, मोटू, शोभित, कुछ अज्ञात ने घेरकर रोक लिया और तमंचे से फायर झोंक दिया। वह बाल-बाल बच गए तो आरोपियों ने बाइक से गिरा दिया और चापड़ से हमला कर लहूलुहान कर दिया। उन्होंने किसी तरह बच्चों के साथ पास के होटल में घुसकर अपनी जान बचाई। बाद में रायपुरवा पुलिस ने घायल को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबंध में रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष कुमार गौड़ ने बताया कि मनीष की पत्नी कल्पना की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट समेत अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। प्रकाश यादव, राज यादव उर्फ टमटम यादव, मोटू उर्फ रामकेश को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से एक तमंचा व चापड़ बरामद किया गया है। तीनों के खिलाफ पहले से मुकदमे दर्ज हैं।



पुलिस हिरासत में आरोपी।

### हेल्थ अलर्ट
### शराब, सिगरेट का सेवन, सिस्ट, ओवरी हटवाने और जेनेटिक कारणों से बढ़ी समस्या

# महिलाओं में 40 साल की उम्र में ही मेनोपॉज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। आमतौर पर महिलाओं में 49-50 वर्ष की उम्र में मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) होता है, लेकिन अब 40 साल में ही मेनोपॉज देखा जा रहा है। शराब व सिगरेट पीने वाली महिलाओं के साथ जिन्होंने किसी कारण से ओवरी हटवा दी है, उन्हें मेनोपॉज जल्दी हो जाता है।

यह जानकारी शुक्रवार को विश्व मेनोपॉज दिवस पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में आयोजित कैंप में दी गई।

कानपुर मेनोपॉज सोसाइटी ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की मेनोपॉज ओपीडी में बीएमडी कैंप लगाकर महिलाओं की जांच की। विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू गुप्ता ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में मेनोपॉज के प्रति जागरूकता बढ़ाकर स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करना है। ओवरी में सिस्ट या कैंसर तथा जेनेटिक कारणों से भी महिला को 40 की उम्र से पहले मेनोपॉज हो सकता है।

### हर शुक्रवार को मेनोपॉज ओपीडी

- वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नीना गुप्ता व डॉ. सीमा द्विवेदी ने बताया अस्पताल में मेनोपॉज ओपीडी प्रत्येक शुक्रवार को संचालित की जाती है। कुछ महिलाओं को डिलीवरी के बाद ब्रेन स्ट्रोक की तकलीफ होती है, इससे भी मेनोपॉज जल्दी होने की संभावना रहती है।

### शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता असर

कानपुर मेनोपॉज सोसाइटी की संरक्षक डॉ. मीरा अग्निहोत्री व अध्यक्ष डॉ. किरण पांडेय ने बताया कि महिलाओं को मेनोपॉज आमतौर पर 45 से 55 वर्ष आयु के बीच होता है। इसका असर शारीरिक और मानसिक दोनों स्वास्थ्य पर पड़ता है। मेनोपॉज के कारण हृदय रोग व ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या हो सकती है। इस दौरान डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. पाविका लाल, डॉ. दिव्या त्रिपाठी, डॉ. गरिमा गुप्ता, डॉ. प्रतिमा वर्मा, डॉ. प्रीति त्यागी, डॉ. उरूज जहां, डॉ. श्रुति गुप्ता, डॉ. रश्मि यादव, डॉ. सुगंध उपस्थित रहीं।

### 80 फीसदी महिलाओं की हड्डियां मिलीं कमजोर

बीएमडी कैंप में शुक्रवार को 130 महिलाओं की जांच करने पर 80 प्रतिशत महिलाओं में ऑस्टियोपीनिया की समस्या मिली। इनमें 40 वर्ष से कम उम्र की महिलाएं थीं। सभी को कैल्शियम और विटामिन-डी की दवा दी गई, ताकि उन्हें अस्टियोपोरोसिस का शिकार होने से बचाया जा सके।

### ऑस्टियोपोरोसिस बढ़ाता फ्रैक्चर का जोखिम

कानपुर मेनोपॉज सोसाइटी की सचिव डॉ. शैली अग्रवाल ने बताया 40 वर्ष के बाद 40 फीसदी महिलाओं में ऑस्टियोपीनिया या ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या हो जाती है। 65 वर्ष की उम्र के बाद 80 प्रतिशत महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस के कारण हिप, स्पाइन और कलाई के फ्रैक्चर का जोखिम रहता है।

# गवर्निंग काउंसिल के दो पदों पर दो ही नामांकन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 23 अक्टूबर को यूपीसीए की एजीएम व गवर्निंग काउंसिल के चुनाव

**अमृत विचार**। यूपीसीए की वार्षिक आमसभा (एजीएम) में ही इस बार गवर्निंग काउंसिल के दो पदों पर चुनाव है। जिसके लिए दो ही लोगों डीएस चौहान और अब्दुल वहाब ने नामांकन किया है। जितने पद उतने नामांकन होने से गवर्निंग काउंसिल का चुनाव निर्विरोध तय है। यूपीसीए की एजीएम 23 अक्टूबर को होगी।

बीते साल यूपी टी-20 लीग के पहले सीजन में कोई चुनाव नहीं हो पाया था। इस बार यूपीसीए की एजीएम में गवर्निंग काउंसिल के पदों पर चुनाव यूपी टी-20 लीग से संबंधित ही होना है। जिसमें चुनाव प्रक्रिया से पदों को भरा जाना है। नामांकन करने वाले डीएस चौहान और अब्दुल वहाब पहले भी इस टी-20 लीग के प्रमुख रहे हैं, जो आगे भी बरकरार रहेंगे। एजीएम में वर्किंग कमेटी के प्रमुख पदों में कोई भी बदलाव नहीं होगा। यूपीसीएम के पदाधिकारियों ने बताया कि यह यूपीसीए की 19वीं एजीएम है, जो 23 अक्टूबर को हो रही है। उससे एक दिन पहले 22 अक्टूबर को यूपीसीए के सभी सदस्यों को डिनर में आमंत्रित किया है। डिनर में यूपीसीए के सभी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर, एपेक्स काउंसिल, गवर्निंग काउंसिल और सदस्य कमला नगर लॉन में नए सत्र की योजनाओं पर चर्चा करेंगे। अगले दिन एजीएम में उस पर विधिवत चर्चा होगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरी पॉलिसी सं0- 226808692 में मेरा नाम शिवम अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम शिवम कुमार अंकित है। दोनों नाम मेरे ही हैं मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **शिवम कुमार पुत्र संजय निवासी- बरौली, खलीलाबाद रायबरेली रोड, बी.आर.ए. यूनिवर्सिटी, लखनऊ।**

**सूचना**
मेरे जीवन बीमा पालिसी में मेरा नाम गीता लिख गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक में मेरा नाम रीता पत्नी स्व देवी दयाल निवासी ग्राम खैरम (पिपरा बाजार) जिला गोंडा दर्ज है। मुझे रीता उर्फ गीता दोनों कहा जाता है अतः आज से गीता उर्फ रीता पत्नी स्व देवी दयाल के नाम से जाना जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि मैंने अपने छोटे पुत्र प्रशांत कुमार को उसके झगड़ालू व्यवहार एवं आवारा औरतों और लड़कियों के चक्कर में पड़ा होने के कारण उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा लिये गये किसी भी ऋण, भार, उधार व मुकदमेबाजी से मेरा व मेरी पत्नी व मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। इसके लिए मेरा छोटा पुत्र प्रशांत कुमार स्वयं जिम्मेदार होगा। **भगवानदीन पुत्र तेज्जा निवासी- ग्राम खेमीपुर थाना मल्लावां जिला- हरदोई**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पहचान पत्र व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम माधुरी दर्ज है। मेरे पुत्र प्रांशु वर्मा जो आपके विद्यालय में कक्षा-10 का छात्र है के शैक्षणिक अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम माधुरी के स्थान पर लक्ष्मी अंकित है। लक्ष्मी मेरा पुकारू नाम है। माधुरी व लक्ष्मी दोनों मेरे ही नाम हैं। **माधुरी पत्नी ज्ञान चन्द्र वर्मा निवासिनी- ग्राम अहमदपुर, सवायजपुर, पोस्ट-पाली, पाली देहात, ससिया, हरदोई।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र Silheibi Shagolsem के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश पिता का नाम Rakeshwor एवं माता का नाम Geetasana दर्ज हो गया है, जोकि गलत है जबकि सही नाम पिता का Shagolsem Rakeshwor Singh, माता का Huidrom Geetasana Devi है, अतः इसे सही अंकित किया जाये। Shagolsem Rakeshwor Singh **निवासी उचिवा लेरक आचौबा, पोस्ट मायांग इंफाल, उचिवा, इंफाल बेस्ट, मणिपुर- 795132 वर्तमान पता ग्रुप सेन्टर सी0आर0पी0एफ0 कैम्प बिजनौर लखनऊ।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का नाम कौसर नवैद नकवी KAUSAR NAVAID NAQVI लिखा है जो गलत है। आधार कार्ड में कौसर नवेद नकवी KAUSAR NAVED NAQUVI लिखा हुआ है जो सही है, ये दोनों नाम मेरे पिता के हैं। कौसर नवेद नकवी सही नाम है इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **तनवीर कौसर नकवी पुत्र कौसर नवेद नकवी मु0 मिल्कीपुरा महोबा, तह0 व जिला महोबा।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 ग्राम बेरूआ वि0 खण्ड कोथावां जनपद हरदोई की प्रथम बैठक दिनांक 20.10.2024 को प्रातः 11 बजे ग्राम पो0 बेरूआ में बालाजी मंदिर के पास आहुत की जानी है। जिसमें आप सभी की उपस्थित प्रार्थनीय है।
प्रस्तावित सचिव
प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0, ग्राम बेरूआ वि0 खण्ड कोथावां जिला हरदोई

**आज का मौसम**

हल्के बादल छाये रहने के आसार लेकिन वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

| 35.2° | 18.8° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 10 | सूर्यास्त 05 : 37 |

# सपा विधायकों और जिलाध्यक्ष में हाथापाई की नौबत आई

○ दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप में भाषा की मर्यादा टूटी, आस्तीनें चढ़ीं ○ पहले प्रदेश अध्यक्ष से तकरार फिर जिलाध्यक्ष के संबोधन पर तू-तड़ाक


जिलाध्यक्ष पर चिल्लाते विधायक हरन रूमी। (वीडियो ग्रैब)


विधायक अमिताभ बाजपेई से भी जोरदार बहस हुई। (वीडियो ग्रैब)


अमिताभ बाजपेई सम्मेलन छोड़कर बाहर निकल गए।

## मचा बवाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▶▶ चुनाव की घोषणा के बाद पहले ही कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के सामने जमकर फजीहत

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के बाद आयोजित पहले ही कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी की आंतरिक कलह सार्वजनिक हो गई। जमकर बवाल और हंगामा हुआ। नौबत हाथापाई तक आ गई। पहले प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अमिताभ बाजपेई में तकरार हुई फिर जिलाध्यक्ष और दोनों विधायकों अमिताभ और हसन रूमी के बीच मंच पर ही जुबानी जंग छिड़ गई। बात तमीज से आगे बढ़कर तू-तड़ाक तक पहुंच गई। आस्तीनें सिमट गईं। माहौल इतना गर्मा गया कि दोनों पक्षों के समर्थक लामबंद हो गए। प्रदेश अध्यक्ष ने बमुश्किल मामला संभाला। लेकिन विधायक मंच से नीचे उतर गए और कार्यक्रम गुटबाजी के तनाव में बिना कोई संदेश दिए खत्म हो गया।

सपा ने भन्नापुरवा स्थित शहनाई गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक और पीडीए सम्मेलन आयोजित किया था। मंच पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, इटावा के सांसद जितेंद्र दोहरे, सीसामऊ उपचुनाव के पर्यवेक्षक राजेंद्र कुमार, प्रत्याशी नसीम सोलंकी व पूर्व सांसद राजाराम पाल आदि बैठे थे। आर्यनगर से विधायक अमिताभ बाजपेई माइक पर बोल रहे थे कि यह उपचुनाव दुख, कष्ट व संघर्ष की वजह से हो रहा है, यह चुनाव जबरन थोपा गया है। यह सीट हमेशा सपा के पास ही रही है। भाजपा के पास अपना वोट बढ़ाने के लिए जब कोई तरीका नहीं बचा तो वह सपा का वोट कम करने के लिए कार्यकर्ताओं को डरा-धमका रही है, प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है।

सपाइयों की लिस्ट पुलिस प्रशासन के पास पहुंच गई है। इसलिए ज्यादा नाम लेकर पब्लिक में समीक्षा न की जाए। हम लोगों को समीक्षा करनी होगी तो बंद कमरे में कर लेंगे। अमिताभ की इसी बात पर प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हें टोंक दिया कि यह समीक्षा बैठक है, कोई सार्वजनिक डिस्कशन नहीं है। इस पर अमिताभ बैनर दिखाते हुए बोले, यह तो पीडीए सम्मेलन है, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि क्या चिट्ठी आई है। इससे नाराज अमिताभ ने चुनाव में साथ देने की बात कहते हुए माइक रख दिया। अमिताभ की बात का समर्थन करते हुए कैंट के विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी ने भी समीक्षा बैठक बंद करने की बात कही। यहां पर तो तकरार किसी तरह बीच-बचाव करके शांत हो गई, लेकिन जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने जब अपने भाषण में कहा कि शहर की तीनों सीटें सपा हार रही थी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आने पर जीत मिली थी, तो दोनों विधायकों के समर्थक शोर मचाकर विरोध जताने लगे। इसी बीच किसी कार्यकर्ता ने चिल्लाकर कहा कि ऐसा था तो निर्दलीय लड़ जाते। फिर क्या था दोनों विधायकों और जिलाध्यक्ष के बीच प्रदेश अध्यक्ष के सामने मंच पर ही पहले बहस फिर आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए। भाषा की मर्यादा टूट गई। एक दूसरे को निपटने वाले अंदाज में अंगुली दिखाकर तमीज सिखाई जाने लगी।

इस बीच दोनों पक्षों के कार्यकर्ता लामबंद हो गए। वरिष्ठ नेताओं ने माहौल बिगड़ता देखकर शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन गर्मागर्मी नहीं रुकी। इस दौरान प्रत्याशी नसीम सोलंकी असहज और असहाय बनी दिखीं। प्रदेश अध्यक्ष ने बमुश्किल मंच की गरिमा बहाल कराई। लेकिन विधायक और कई नेता नीचे उतर गए तो समर्थक उनके पीछे हो गए और कार्यक्रम बिखरकर समाप्त हो गया।

> समीक्षा बैठक के दौरान उपचुनाव के संबंध में कार्यों को सेक्टर व जोन स्तर पर बांटा गया है। वार्ड और मजबूत बनाने के लिए अन्य नेताओं को भी लगाया गया है। देश में राजनैतिक क्रांति और वैचारिक बहस की शुरुआत समाजवादियों ने ही की थी। विधायक इरफान सोलंकी के साथ जुर्म हुआ है, उनको सहयोग दिलाने और भाजपा को हटाने के लिए एक बार फिर वैचारिक बहस चल रही है।
>
> –श्याम लाल पाल, प्रदेश अध्यक्ष सपा
>
> राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जिस विधानसभा में पहुंचकर रोड शो या जनसभा कर देते हैं, वहां हारा हुआ प्रत्याशी भी जीत जाता है। मंच पर यही बात बोली थी। क्या हम राष्ट्रीय अध्यक्ष का क्या नाम भी न लें। चुनाव उनके नेतृत्व में ही जीते हैं। किसी के नाम पर थोड़े मिला है। इसलिए हो सकता है कि बात उनको समझ न आई हो, मिलकर बात करेंगे।
>
> – हाजी फजल महमूद, सपा जिलाध्यक्ष
>
> मंच पर विवाद नहीं हुआ, आपस की बातचीत है, रणनीति बनाने में कई तरह की रणनीति सामने आती हैं। कुछ लोग अलग-अलग तरह की रणनीति के पक्षकार होते हैं तो अलग-अलग तरह से बात रखी जाती है। सपा एकजुट है। इरफान सोलंकी के साथ जो षड्यंत्र हुआ, उसका जवाब देने की तैयारी जनता कर रही है। सभी लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष की कृपा से ही चुनाव जीतते हैं।
>
> – अमिताभ बाजपेई, सपा विधायक
>
> वैचारिक मतभेद है, जिलाध्यक्ष की जुबान फिसली है, जिस पर विधायकों ने आपत्ति जताई कि सार्वजनिक मंच है, यहां ऐसे बात न करो। जब उनके कार्यकर्ता आगे बढ़े तो बीच-बचाव हो गया। मंच से बोलना नहीं चाहिए कि सब हार जाते। इस बात का कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। सपा एकजुट है।
>
> –हाजी मोहम्मद हसन रूमी, कैंट विधायक

### माला और फोटो को लेकर हुई धक्का-मुक्की

■ कार्यक्रम की शुरुआत में प्रदेश अध्यक्ष के साथ फोटो खिंचवाने को लेकर मंच पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। प्रदेश अध्यक्ष को माला पहनाने और उनके साथ फोटो लेने के चक्कर में अफरा-तफरी जैसा माहौल नजर आया। मंच के नीचे कुर्सी पर बैठे कार्यकर्ताओं के विरोध करने पर माला लेकर मंच पर चढ़े लोग नीचे उतरे। कार्यक्रम में सह प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा, महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, पूर्व विधायक दिलीप सिंह कल्लू, राष्ट्रीय सचिव अपर्णा जैन, सम्राट विकास, उजमा सोलंकी, कवलजीत सिंह, नीतेंद्र यादव, ओमप्रकाश मिश्रा, नसीरुद्दीन एडवोकेट, सरताज अनवर, रजत मिश्रा, शबाब अबरार, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह, परमवीर सिंह गंभीर, वरुण जायसवाल, आशीष चौबे आदि मौजूद रहे।



सम्मेलन को संबोधित करते सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल। अमृत विचार

### सभी प्रभारी व सह प्रभारी नहीं आए

प्रदेश अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक के दौरान सेक्टर व जोनल प्रभारी से चुनावी तैयारी की जानकारी लेने के लिए उनके नाम पुकारे, लेकिन अधिकांश प्रभारी व सह प्रभारी पहली बैठक में उपस्थिति नहीं थे। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए जिलाध्यक्ष को स्थिति सुधारने के निर्देश दिए।

### मोबाइल पर आई कॉल, मंच पर रोने लगीं नसीम

पूर्व सांसद राजाराम पाल भाषण दे रहे थे, इसी दौरान सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के मोबाइल पर कॉल आई। कुछ देर बात करने के बाद नसीम के आंखों में आंसू आ गए और वह मंच पर बैठे-बैठे ही रोने लगीं। विधायक रूमी ने बताया कि इरफान सोलंकी की कॉल आई थी।

### बैनर में नहीं थे विधायकों के फोटो, मंच पर कोने पर जगह

सपा की पहली बैठक में जो बैनर लगा था, उसमे आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई और कैंट विधायक हाजी मोहम्मद हसन रूमी की फोटो भी नहीं लगी थी। बैनर में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद, सीसामऊ उप चुनाव की प्रत्याशी नसीम सोलंकी, पर्यवेक्षक राजेंद्र कुमार व इरफान सोलंकी की ही फोटो थी। इस बात से भी दोनों विधायक खफा रहे थे।

## एक नजर

### सोशल मीडिया पोस्ट पर विहिप ने दी तहरीर

**कानपुर।** फेसबुक पर धार्मिक टिप्पणी कर पोस्ट डालने पर बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओं ने जाजमऊ थाने में शिकायत की है। पुलिस प्रकरण की जांच कर रही है। विश्व हिंदू परिषद पूर्वी के जिलाध्यक्ष आनंद सिंह ने बताया कि उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट देखी थी जो धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली थी। आरोपी जाजमऊ निवासी है जिसने पहले भी देवी देवताओं को लेकर गलत पोस्ट डाली थी। उन्होंने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### फ्लैट के नाम पर 8 लाख हड़पे, रिपोर्ट

**कानपुर।** चमनगंज फहीमाबाद निवासी मो. आफाक ने तीन भाइयों पर फ्लैट के नाम पर 8 लाख हड़पने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज एफआईआर के मुताबिक इलाके के रहने वाले फरहान ने उन्हें बताया कि उनके भाई फुरकान और जीशान जहीर फ्लैट का निर्माण करा रहे हैं। इस पर हुंमायूबाग में तृतीय तल पर बने एक फ्लैट को खरीदने के लिए 18 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। तीनों भाइयों ने 5 लाख रुपये नकद और तीन लाख की चेक लेकर 100 रुपये के स्टांप में नोटरियल करवा दिया। इसके बाद तीनों भाई टाला मटोली करने लगे।

# सदस्यता अभियान में दिग्गज पिछड़े

विशेष संवाददाता, कानपुर

● सुरेंद्र मैथानी के 16 हजार आंकड़े में आफलाइन सदस्य बनाने पर उठे सवाल

**अमृत विचार।** भाजपा में सदस्यता अभियान समाप्ति के बाद अब सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान जोरों पर है। दावा है कि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में संगठन, जनप्रतिनिधि, प्रकोष्ठ और मोर्चा ने सदस्यता अभियान में बेहतर प्रदर्शन किया है। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष के डाटा के मुताबिक ऑन लाइन सदस्य बनाने में यदि बिठूर और बिल्हौर के विधायकों को दें तो विधायक सुरेंद्र मैथानी, महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना तथा राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला काफी पीछे हैं।

सदस्यता अभियान में करीब साढ़े छह हजार ऑनलाइन सदस्य बनाने वाले गोविंदनगर के विधायक सुरेंद्र मैथानी पिछड़ने के सवाल पर कहते हैं कि उनके विधानसभा क्षेत्र में मलिन बस्तियां बहुतायत में हैं। वहां अगर एक परिवार में 5 सदस्य हैं तो 1 या 2 के पास ही एंड्रॉयड मोबाइल फोन है। ऐसे में परिवार के बाकी सदस्यों को ऑफ लाइन सदस्य बनाया गया है। मैथानी का दावा है कि उनके द्वारा बनाए गए ऑन और ऑफ लाइन सदस्यों की संख्या करीब 16 हजार के आसपास है। आफ लाइन सदस्यता को लेकर प्रांतीय महासचिव और कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र प्रभारी अनूप गुप्ता ने पिछली बैठक में साफ कहा था कि शहरी क्षेत्र में ऑफ लाइन सदस्यता मान्य नहीं होगी। ऐसे में सवाल है कि जब शहर में ऑफ लाइन सदस्यता की अनुमति ही नहीं है तो फिर मैथानी किस आधार पर कह रहे हैं कि उन्होंने ऐसे सदस्य बनाए हैं।

### अजय ने सबसे ज्यादा सदस्य बनाए

■ सदस्यता अभियान में कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में सबसे ज्यादा सदस्य बनाने का रिकार्ड अब तक पूर्व विधायक अजय कपूर के नाम है। उनके रेफरल कोड से 20,421 ऑनलाइन सदस्य बनाए जा चुके हैं।

# मीडिया सर्टीफिकेशन व मॉनीटरिंग कमेटी बनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● किसी भी तरह के प्रचार के लिए कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य वर्ना होगी कार्रवाई

**अमृत विचार।** सीसामऊ उपचुनाव के लिए मीडिया सर्टीफिकेशन व मॉनीटरिंग कमेटी बना दी गई है। नोडल अधिकारी एडीएम भू अध्याप्ति रिंकी जायसवाल ने बताया कि किसी भी प्रचार से पहले कमेटी से अनुमति लेना अनिवार्य है। कमेटी के सदस्य कलेक्ट्रेट स्थित न्यू एसीएम बिल्डिंग आपदा कक्ष में बैठेंगे।

कमेटी प्रचार के साथ प्रिंट मीडिया में पेड न्यूज, विज्ञापन आदि की भी निगरानी करेगी। वेबसाइट और सोशल मीडिया के सभी विज्ञापन भी पूर्व प्रमाणीकरण के दायरे में आएंगे। राजनैतिक दल, संगठन या व्यक्ति की ओर से प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराए जाने वाला विज्ञापन का प्रमाणन भी अनिवार्य होगा। प्रचार-प्रसार सामग्री की अनुमति तथा किसी जानकारी के लिए मोबाइल 9453005384 पर संपर्क किया जा सकता है। फ्लेक्स, होर्डिंग्स, वॉलपेपर, पंफलेट इस दायरे में नहीं आते हैं, लेकिन इन पर एमसीसी आरपीएक्ट 1951 की धारा 127 व व्यय संबंधी प्रावधान लागू होंगे।

# सपा प्रत्याशी समेत पांच ने लिए पर्चे

## सीसामऊ उपचुनाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


नामांकन स्थल पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था। अमृत विचार

● एसीएम थर्ड की कोर्ट में कड़ी सुरक्षा में शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा में एसीएम थर्ड की कोर्ट में सुबह 11 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं कराया। सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी सहित 5 लोगों ने नामांकन फार्म का 1-1 सेट जरूर लिया। नामांकन प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक चलेगी।

नामांकन प्रक्रिया के चलते एसीएम बिल्डिंग के आसपास कड़ा सुरक्षा घेरा रहा। बेरीकेडिंग के पास जांच के बाद ही नामांकन फार्म लेने वालों को भीतर जाने दिया गया। गेट पर मेटल डिटेक्टर से जांच हुई। बताया गया कि पहले दिन समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी नसीम सोलंकी, सभी जन पार्टी के अशोक पासवान, अपना दल कमेरावादी के गौरव बाजपेई, निर्दलीय संजय शाह और सुरेंद्र बाजपेई ने एक-एक सेट नामांकन फार्म लिया।

रिटर्निंग अफसर एसीएम थर्ड रामशंकर ने बताया कि पहले दिन किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं कराया।

## अंतराग्नि में नृत्य



आईआईटी कानपुर के वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव अंतराग्नि में शुक्रवार को कई कार्यक्रम पेश किए गए। कथक नृत्य आयोजन में प्रतिभागियों ने प्रतिभा दिखाई। ईडीएम नाइट में युवाओं का उत्साह चरम पर पहुंचा। नुक्कड़ नाटकों में विभिन्न सामाजिक संदेश भी दिए गए। चर्चा 'सिनेमा टॉक' में फिल्मी हस्तियों ने सामाजिक जिम्मेदारी को सभी वर्ग का कर्तव्य बताया।

# एसएनके पान मसाला ग्रुप पर छापे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▶▶ सीजीएसटी की डीजीजीआई विंग ने की कार्रवाई

▶▶ पनकी स्थित फैक्ट्री और घर पर खंगाले अभिलेख

▶▶ भाई और सहयोगियों के ठिकानों पर भी कार्रवाई

**अमृत विचार।** एसएनके पान मसाला ग्रुप के शहर के 11 ठिकानों पर सीजीएसटी की डीजीजीआई विंग ने छापेमारी की। यह छापेमारी जीएसटी से जुड़ी कर अपवंचना की आशंका पर हुई। बताया गया कि छापेमारी करने वाली टीम लगभग एक महीने से पान मसाला समूह की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। छापेमारी के बाद समूह की ओर से शुक्रवार को होने वाले सभी भुगतान रोक दिए गए हैं।

पान मसाला कारोबारी के शहर में अलग-अलग 11 प्रतिष्ठानों पर सीजीएसटी की डीजीजीआई विंग ने सुबह 7 बजे छापेमारी की। पनकी स्थित कारोबारियों की दो फैक्ट्री अलावा स्वरूप नगर में आवास पर टीमें पहुंची। उरई और हमीरपुर के ठिकानों पर भी छापा पड़ा। कारोबारी के भाई की पनकी में ही पान मसाला का रेपर तैयार करने वाली दो फैक्ट्री को भी कार्रवाई की जद में लाया गया। इसके अलावा नजदीकी रिश्तेदार व कारोबार में सहयोगी के पांडु नगर स्थित आवास पर भी छापा मारा गया। दिल्ली, लखनऊ से आए 70 से अधिक अफसरों की टीमें देर रात तक जांच-पड़ताल में जुटी रहीं। माल भेजने और लाने में सहयोग करने वाले ट्रांसपोर्टर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गोदामों में भी छापा मारा गया। इसके अलावा सुपाड़ी की सप्लाई करने वाले व्यापारी के किदवई नगर समेत दो ठिकानों को भी कार्रवाई में शामिल किया गया। सूत्रों के अनुसार, बड़ी टैक्स चोरी व बोगस कंपनियों के सहारे व्यापक स्तर पर खरीद-बिक्री के साक्ष्यों की जांच की जा रही है। प्रतिष्ठानों में मिले माल से दस्तावेजों में दर्ज आंकड़ों से मिलान किया गया। हालांकि कार्रवाई में शामिल किसी भी अफसर ने कुछ भी बताने से इनकार किया है।

# शहर से बांग्लादेश के लिए कारोबार शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बांग्लादेश से शहर का कारोबार शुरू हो गया है। पुराने निर्यातकों ने उत्पाद भेजने शुरू कर दिए हैं। वहां के कारोबारियों ने रुका हुआ भुगतान करना भी शुरू कर दिया है। हालांकि नए निर्यातक अभी डरे हुए हैं। वे हालात और अधिक सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं।

शहर और बांग्लादेश के बीच सबसे ज्यादा चमड़े का कारोबार होता है। आयात और निर्यात मिलाकर आंकड़ा सालाना लगभग 1500 करोड़ रुपये तक है। इसके अलावा शहर से कैमिकल, टेक्सटाइल इंजीनियरिंग गुड्स, कृषि उत्पाद, प्लास्टिक और सोडा ऐश का बड़े पैमाने पर निर्यात किया जाता है।

यह कारोबार सालाना लगभग 900 करोड़ रुपये का है। बांग्लादेश में हुए तख्ता पलट से छोटी इकाइयों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। ऐसी इकाइयों का स्टॉक रास्ते में फंसा गया था या फिर उनके ऑर्डर लगातार कैंसिल हो रहे थे। लेकिन तीन महीने बाद अब निर्यात सामान्य होने लगा है। शहर के निर्यातक अपना माल भेजने लगे हैं।

**समस्या** इंजन मेंटिनेंस व नियमित सर्विस के बाद भी आई खराबी, अधिवक्ता ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट

# चलती कार का इंजन सीज, डीलर पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवईनगर निवासी अधिवक्ता शैलेंद्र पांडेय की हुंडई कार महज 66 किमी पर सीज हो गई। इंजन मेंटिनेंस और नियमित सर्विस के बाद कंपनी की लापरवाही के चलती कार के नट-बोल्ट खुलकर गिर गए। अधिवक्ता ने कोर्ट के आदेश पर आर्यनगर स्थित खन्ना हुंडई के डीलर समेत कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।



अधिवक्ता शैलेंद्र ने बताया कि उन्होंने आर्यनगर स्थित खन्ना हुंडई से कार ली थी। उनकी पत्नी रक्षाबंधन पर बेटी से मिलने नोएडा जा रही थी। तभी रास्ते में चलती कार का इंजन सीज हो गया। अंदर नट-बोल्ट भी गिर गए। उन्होंने बताया कि जब समय पर सर्विस और मेंटिनेंस का भुगतान लिया जाता रहा तो ऐसे कैसे नट बोल्ट गिर गए और कैसे इंजन सीज हो गया। अधिवक्ता कुशाग्र पांडेय ने बताया कि खन्ना हुंडई के फर्जी दावे का इस घटना से खुलासा हुआ है। इंजन मेंटिनेंस, सर्विस के बावजूद कैसे 66 किमी पर कार सीज हो गई जबकि कंपनी 2 लाख से अधिक किमी का दावा करती है। अब तीन माह से कंपनी कार खड़ी किए है। 3.66 लाख रुपये मांगे जा रहे हैं। जब इस संबंध में खन्ना हुंडई में बात की गई तो मालिक व कर्मचारी कहासुनी करने लगे। उन्होंने कोर्ट की शरण ली। एसीजेएम प्रथम कोर्ट ने प्रपत्र देखने के बाद एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। अधिवक्ता कुशाग्र पांडेय ने बताया कि खन्ना हुंडई के मालिक पुनीत और सुमित खन्ना के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

### हरेंद्र मसीह की संपत्ति कुर्की का आदेश

■ कानपुर। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूरज मिश्रा की कोर्ट ने सिविल लाइंस में नजूल की जमीन पर अवैध कब्जे के प्रयास के अभियुक्त हरेंद्र कुमार मसीह की संपत्ति कुर्की का आदेश दिया है। लेखपाल विपिन कुमार ने 28 जुलाई को कोतवाली में हरेंद्र कुमार मसीह समेत अन्य लोगों के खिलाफ नजूल की जमीन पर कब्जे के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचक ने कोर्ट में कुर्की की कार्रवाई का प्रार्थनापत्र दिया था। यूनाइटेड फेलोसिप फार क्रिश्चियन सर्विसेस झांसी की अध्यक्ष एनसी थामस ने अदालत में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि जिस संपत्ति को हरेंद्र की बताकर कुर्की की कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है वह संस्था की है। विवेचक ने प्रार्थना पत्र में कहा कि हरेंद्र कुमार वांछित चल रहा है। उसने उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत की प्रार्थना पत्र दिया था। इसे निरस्त कर दिया गया था। जमानत प्रार्थना पत्र में हरेंद्र मसीह ने अपना पता 239 सिविल लाइन क्रिश्चियन हॉस्पिटल झोकन बाग झांसी अंकित किया था। पहचान पत्र, राजस्व अभिलेखों, नगर निगम के दस्तावेजों में भी यही पता अंकित है। न्यायालय ने विवेचक का प्रार्थनापत्र स्वीकार करते हुए कहा कि अभियुक्त के निवास के पते पर उपलब्ध निजी चल और अचल संपत्तियों की कुर्की की जाए।

# अभद्रता के आरोपी उर्सला के नेत्र सर्जन का बलिया ट्रांसफर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● उप मुख्यमंत्री ने दिए कमेटी गठित कर जांच के आदेश

● उर्सला के निदेशक से भी स्पष्टीकरण तलब किया गया

**अमृत विचार।** कानपुर में मेडिकल कॉलेज की महिला जूनियर डॉक्टर से छेड़छाड़-अभद्रता करने के आरोपी उर्सला अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार नीलोप्पल कटियार को बलिया भेज दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर तबादला करने के साथ ही उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के लिए जांच कमेटी गठित करने की भी संस्तुति कर दी गई है।

उप मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को इस मामले में कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उर्सला के निदेशक से पूरे प्रकरण की जांच कर आख्या एवं प्रभावी नियन्त्रण न रख पाने के लिए उनका स्पष्टीकरण तलब किया है। एक सप्ताह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण महानिदेशक को रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की महिला रेजिडेंट डॉक्टर ने लिखित शिकायत में उर्सला अस्पताल के नेत्र चिकित्सक डॉ. कुमार नीलोप्पल कटियार पर अभद्र एवं अशोभनीय व्यवहार करने के आरोप लगाये थे और रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तुरंत जमानत दे दी थी। इससे भयभीत महिला डॉक्टर छुट्टी पर चली गई हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने डॉ. कटियार का बलिया जिला अस्पताल में तबादला करने के आदेश दिए हैं। अस्पताल व विभाग की छवि खराब करने के आरोप में आरोपी पर कार्रवाई करने को मण्डलीय अपर निदेशक को जांच अधिकारी नामित करने के निर्देश भी दिए।

# मामा-भांजे रेस्टोरेंट पर चला नगर निगम का बुलडोजर

## आरोप है कि हिंदू बनकर मुस्लिम युवक चला रहा था रेस्टोरेंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शाकाहार के नाम पर मांसाहार खिलाने का भी आरोप
- आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की गई थी

**अमृत विचार।** आईजीआरएस पोर्टल पर आई शिकायत का संज्ञान लेकर नगर निगम ने शुक्रवार को किदवई नगर स्थित मामा-भांजा रेस्टोरेंट पर बुलडोजर चलाया। यहां पर 26 सितंबर को बजरंगदल कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया था। आरोप है कि मुस्लिम युवक हिंदू बनकर रेस्टोरेंट का संचालन करता है और लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर शाकाहार के नाम पर मांसाहार खिला रहा था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 24 सितंबर को प्रदेश के सभी होटलों, ढाबों और रेस्टोरेंट में दुकानों पर दुकानदार का नाम अनिवार्य रूप से लिखने का आदेश दिया था। 26 सितंबर को बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने किदवई नगर चौराहे - बारादेवी चौराहे के बीच स्थित मामा-भांजा रेस्टोरेंट के बाहर हंगामा किया था। आरोप था कि रेस्टोरेंट का मालिक मुबीन अहमद मुस्लिम है लेकिन वह पहचान छिपाकर हिंदू नाम से रेस्टोरेंट चला रहा है और यहां पर शाकाहार के नाम पर मांसाहार खिलाया जा रहा है। बजरंगदल के सह जिला संयोजक विशाल बजरंगी का आरोप है कि रेस्टोरेंट में काम करने वाले कर्मचारी छोटू वर्मा ने इसकी जानकारी दी थी कि मुबीन माथे पर तिलक लगाकर अपनी पहचान छिपाता है। हंगामे के बाद पुलिस ने रेस्टोरेंट बंद करवा दिया था। वहीं, मामले के संबंध में आईजीआरएस पोर्टल पर भी विकास व अशोक त्रिपाठी ने सात अक्टूबर को शिकायत की थी, जिसकी जानकारी जिलाधिकारी को हुई तो उन्होंने मामले की जांच कर संबंधित पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। नगर निगम जोनल अधिकारी तीन चंद्र प्रकाश के मुताबिक जिलाधिकारी के आदेश पर शुक्रवार को नगर निगम ने कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण कर फुटपाथ पर बनाए गए रेस्टोरेंट को बुल्डोजर से गिरा दिया है।

### यह है शासन का आदेश

शासन के नए आदेश के तहत खान-पान केंद्रों पर संचालक, प्रोपराइटर, मैनेजर का नाम और पता डिस्प्ले करना अनिवार्य है। इसके साथ पूरे रेस्टोरेंट में सीसीटीवी लगाने का भी निर्देश है, खासकर किचन में। कर्मचारियों का मास्क व ग्लब्स पहनना भी जरूरी है। बता दें कि इससे पहले यूपी में कांवड़ रूट की सभी दुकानों पर नेमप्लेट अनिवार्य की गई थी। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचने पर प्रदेश सरकार ने इसपर रोक लगा दी थी। मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है।

# कुशाग्र हत्याकांड में वादी से जिरह, 23 को सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उच्च न्यायालय का एक वर्ष में विचारण पूरा करने का आदेश
- अभियोजन की आपित्त, नौ तारीखों में एक भी गवाह की जिरह पूरी नहीं

**अमृत विचार।** आचार्य नगर के कुशाग्र हत्याकांड में वादी से जिरह अपर जिला जज 17 त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट में हुई। 53 पेज तक जिरह अंकित होने पर भी अभी खत्म नहीं सकी है। कोर्ट ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता से कहा कि समय से जिरह पूरी करना सुनिश्चित करें।

आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया के बेटे कुशाग्र की 30 अक्टूबर 2023 को अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। घटना की रिपोर्ट कुशाग्र के दादा संजय कनोडिया ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रभात शुक्ला और शिवा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिला शासकीय अधिवक्ता दिलीप अवस्थी ने बताया कि तीनों अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। रचिता वत्स को उच्च न्यायालय से जमानत मिल चुकी है।

रचिता को जमानत देने वाले आदेश में उच्च न्यायालय ने मुकदमे का विचारण एक साल में पूरा करने का आदेश दिया है। कहा है कि विचारण न्यायालय से हर 15 दिनों मे विचारण की स्थिति जिला जज न्यायालय को प्रेषित की जाए। शुक्रवार को बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने वादी से जिरह की। न्यायालय का समय समाप्त होने के कारण जिरह स्थगित की गई। अभी जिरह जारी है।

इस पर अभियोजन ने आपत्ति दर्ज कराई। कहा कि नौ तारीख में एक गवाह से भी जिरह पूरी नहीं हो सकी है। 11-12 गवाहों की गवाही और जिरह होनी है। ऐसे में एक साल के अंदर विचारण पूरा करने में व्यवधान आएगा। इस पर अदालत ने कहा कि जिरह के लिए 23 अक्टूबर की तारीख तय की जाती है। उस दिन बचाव पक्ष के अधिवक्ता दोपहर दो बजे तक जिरह के लिए उपस्थित रहें।

# पैरामेडिकल छात्रा की मौत का कारण पता नहीं

**कानपुर।** जीएसवीएम की पैरामेडिकल छात्रा 20 वर्षीय रिया श्रीवास्तव की मौत का कारण शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद भी स्पष्ट नहीं हो सका। जिस कारण डॉक्टर की टीम ने बिसरा सुरक्षित किया। वहीं पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे छात्रा के पिता ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने छात्रा को वायरल फीवर होने की जानकारी दी।

रायबरेली के सलोन थानाक्षेत्र के नुरूद्दीनपुर निवासी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि सबसे छोटी बेटी रिया जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के पैरामेडिकल विभाग के इमरजेंसी एंड ट्रांमा केयर अस्सिटेंट का डिप्लोमा कर रही थी। बेटी काकादेव के गीता नगर स्थित गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। उसे बुखार आ रहा था। 16 अक्टूबर को रिया ने जांच कराई तो प्लेटलेट्स कम था। 17 अक्टूबर को बेटी ने फोन कर तबीयत खराब होने की जानकारी दी। जिसके बाद बेटी के साथी छात्राओं ने मौत होने की जानकारी दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक काकादेव मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर बिसरा सुरक्षित किया गया है।



लैब का उद्घाटन करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

# एसजीएम स्कूल में शुरू हुई अटल टिंकरिंग लैब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- स्कूली बच्चों को बताई गई टिंगरिंग लैब की उपयोगिता
- बताया गया कि जल्द ही 12 स्थानों पर होगी शुरुआत

**अमृत विचार।** एसजीएम इंटरनेशनल स्कूल इंद्रा नगर में शुक्रवार को अटल टिंकरिंग लैब की शुरुआत हुई। स्कूली बच्चों को लैब की उपयोगिता भी बताई गई। बताया गया कि जल्द ही शहर के 12 स्कूलों में लैब की शुरुआत होगी।

अटल टिंकरिंग लैब की शुरुआत सांसद देवेन्द्र सिंह 'भोले' ने की। इस दौरान बताया गया कि इससे विद्यालय के लगभग 15 सौ बच्चों को अच्छी एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिये यह लैब कार्य करेगी। समारोह में सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि यह छात्रों के लिए वैज्ञानिक क्षमताओं की खोज और प्रयोग के लिये बहुत सहायक सिद्ध होगी एवं विज्ञान के क्षेत्र में बारहवी कक्षा के छात्रों को प्रदर्शन और सीखने के लिए कई प्रयोगों की संभावनाएं बढ़ेगी।

कार्यक्रम में भारत सरकार के वरिष्ठ नीति सलाहकार अवनीश त्रिपाठी ने बताया कि यह लैब व्यवस्था प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ दुनिया के विभिन्न देशों की सबसे सफल शिक्षा प्रणाली से प्रेरित है, जिसमें स्व-सीखने के तरीकों, व्यावहारिक ज्ञान पर ध्यान केन्द्रित गया है। एटीएल इलेक्ट्रॉनिक्स, विज्ञान, रोबोटिक्स, सेंसर, 3 डी प्रिंटर और ओपन-सोर्स माइक्रो कंट्रोलर बोर्ड के लिए शैक्षिक किट और उपकरणों की उन्नत सुविधाएं प्रदान करती है।

बताया गया कि इसमें रोबोटिक्स, बायोटेक, सेंसर एडीनो एक खुला स्त्रोत (ओपन-सोर्स इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म) जॉयस्टिक आदि से सम्बन्धित किट शामिल हैं। इस पैकेज में अधिकांश परियोजनाएं एडीनो पर बनाई जाएंगी। इसमें एक 3डी प्रिंटर और 3डी प्रिंटिंग से सम्बन्धित उपकरण शामिल है। इस मौके पर समारोह में एसजीएम इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक अजित अग्रवाल ने कहा कि यह लैब सभी बच्चों के लिए नया आयाम लाएगी। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक चन्द्र प्रकाश गुप्त, प्रधानाचार्य संदीप कुमार पाठक, उप-प्रधानाचार्या उमा निगम, विद्यालय के सभी शिक्षक, छात्र, छात्राएं एवं यूनिसेड टीम उपस्थित रही।

## एक नजर

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में सीटीएस बस्ती निवासी सुनीता देवी के अनुसार 10 अक्टूबर की रात उनके पति महेंद्र बगिया कसिंग के पास से सब्जी बेचकर घर लौट रहे थे। तभी नशे में धुत सुनील पुराने विवाद का हवाला देकर पति के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर सुनील ने उनके पति के पेट में धारदार हथियार से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। महेंद्र को उर्सला में भर्ती कराया गया है। कल्याणपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पटरी पर लेटा युवक टीएसआई ने बचाया

**कल्याणपुर।** घरेलू कलह के चलते शारदा नगर क्रॉसिंग पहुंचा युवक रेलवे ट्रैक पर लेट गया। जिसे मौके पर तैनात टीएसआई व सिपहियों ने बचाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। रावतपुर के गणेश नगर निवासी आकाश पांडेय का शुक्रवार को अपनी मां रीता पांडेय से विवाद हो गया। जिस पर आक्रोशित युवक शारदा नगर क्रॉसिंग पहुंचकर रेलवे ट्रैक पर लेट गया। मौके पर तैनात टीएसआई राज कुमार सिंह सिपाहियों समेत भाग कर युवक के पास पहुंचे और उसे समझा बुझाकर ट्रैक से उठाया। बाद में परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### तीन माह के लिए तीन शातिर जिलाबदर

**कानपुर।** अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध विपिन मिश्रा के निर्देश पर सचेंडी के मोहित निवासी लालसहाय का पुरवा को तीन व अमन निवासी भगवंतपुर को चार माह के लिए वहीं चमनगंज के सैय्यद जैदबारी निवासी सईदाबाद को तीन माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

### अलर्ट रही पुलिस

**कानपुर।** जुमे की नमाज को लेकर अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर व पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी ने सद्भावना चौकी चौराहा से रूट मार्च किया।



दादानगर स्थित रेल उपरिगामी सेतु का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह। अमृत विचार

# निर्माणाधीन ब्रिज की देखी प्रगति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** झांसी-कानपुर रेल मार्ग पर निर्माणाधीन दादानगर समानान्तर रेल ओवर ब्रिज का जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने निरीक्षण किया और निर्माण की प्रगति देखी।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मेट्रो रेल कारपोरेशन से भी रूट पर कार्य प्रगति के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी को बताया गया कि 15 नवंबर तक विजय नगर की तरफ सर्विस रोड तैयार करने के साथ ही पुल के फाउन्डेशन एवं सब स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। मेट्रो रेल कारपोरेशन ने बताया कि सीटीआई चौराहा की तरफ 30 नवंबर तक फाउन्डेशन एवं सब स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। उसके बाद उ.प्र. राज्य सेतु निगम निर्माणाधीन पुल की आर.ई. वाल का कार्य प्रारम्भ करेगा।

# जूनियर छात्रों के लिए बयान, कराया मेडिकल


- एचबीटीयू पहुंची पुलिस, स्टॉफ और अन्य से की पूछताछ

**कानपुर।** नवाबगंज में स्थित हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) में जूनियर बीटेक छात्रों की रैगिंग के मामले में शुक्रवार को थाना पुलिस एचबीटीयू पहुंची और पीड़ित छात्रों से मिली। उनके बयान दर्ज किए। नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि पीड़ितों के मेडिकल में कोई चोट नहीं आई है, लिहाजा कुछ गंभीर धाराएं उच्चाधिकारियों के आदेश पर हटाई जाएंगी। इस मामले में 8 सीनियर बीटेक छात्रों पर जूनियर बीटेक छात्रों ने एफआईआर दर्ज कराई थी।

एचबीटीयू में बीटेक थर्ड ईयर के स्टूडेंट गौरव चौहान ने नवाबगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। गौरव का आरोप है कि गौरव उनके दोस्त यशविंदर और धीर को फाइनल ईयर के अमन सिंह, अमन कुशवाहा, नितिन सिंह, सूरज गौन्ड, अंकित गुप्ता, अभिषेक उपाध्याय उर्फ गुच्ची, अत्रेय और अनूप राजपाल ने बर्थडे का झांसा देकर छत पर बुलाया और रैगिंग करने के लिए कपड़े उतारने को कहा। इसका विरोध करने पर सीनियर्स ने तीनों को बेरहमी से पीटा। इस मामले में पीड़ित थर्ड ईयर के स्टूडेंट ने सीनियर के खिलाफ रैगिंग, हत्या का प्रयास और हिंसा करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई थी। नवाबगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद गुरुवार और शुक्रवार को स्टॉफ से लेकर पीड़ितों से जानकारी ली।

# राम के साथ-साथ वन को चल पड़े अयोध्यावासी भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



शांतनु महाराज। अमृत विचार

- रामकथा में आचार्य ने माताओं के आदर्श चरित्र का वर्णन किया



रामकथा में बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रभु श्रीराम व माता जानकी और लक्ष्मण वन के लिए निकले तो पूरी अयोध्या माता कैकेई को धिक्कार देते हुए उनके पीछे चल पड़ी। यही अयोध्यावासियों का श्रीराम के प्रति प्रेम और समर्पण है। केशवनगर स्थित कामर्शियल ग्राउंड पर चल रही रामकथा के छठवें दिन कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने यह बात कही।

रामकथा में आचार्य ने माता कौशल्या, सुमित्रा, जानकी व उर्मिला के चरित्र को आदर्श बताया। उन्होंने कहा कि यदि देश, धर्म व संस्कृति सुरक्षित है तो इन्हीं माताओं और बहनों के कारण। जिन्होंने अपने पुत्रों व भाइयों, बेटों को तिलक लगाकर धर्म रक्षा के लिए भेज दिया। रामकथा में आचार्य ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के बच्चों, जिन्हें जिंदा दीवार में चुनवाया और उनकी माता गुजरी देवी को किले की मीनार से फेंक दिया गया था यह सनातन का इतिहास है। निषादराज और श्रीराम के मिलन को महाराज ने रामराज का आधार बताया।

रामचरित मानस के रस भरे प्रसंग केवट प्रसंग को सुनाते हुए महाराज ने कहा यदि परमात्मा से मिलन करना हो तो एकदम सरल, सहज और भोले हो जाओ। केवट श्रीराम से चरण धुलवाकर पार उतारने की बात करता है। यही भक्त और श्रीराम के बीच का संबंध है। रामकथा में यजमान जय भदौरिया व आरती रहीं। इस मौके पर रामाशीष वरिष्ठ प्रचारक, गजेंद्र सिंह क्षेत्र संगठन मंत्री विहिप, अजित पाल राज्य मंत्री, आलोक सिंह एडीजी कानपुर जोन, रघुनंदन भदौरिया, अंगद सिंह रहे। बिरसा मुंडा छात्रावास के असम, मेघालय, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल, सुदूर आदिवासी व नक्सली क्षेत्र के बच्चे जो सेवा भारती से शिक्षित व संस्कारित किए जा रहे हैं, उन्होंने भी कथा सुनी।

## सार-संक्षेप

### केडीए ने रुकवाया काम, फिर हो गया चालू

**कानपुर।** नयागंज निवासी प्रेमनाथ शुक्ला ने केडीए व किदवई नगर थाने में शिकायत कर बताया कि भवन संख्या 127/214 ए-1 जूही बारादेवी स्थित शिवम होटल के सहमालिक व पार्टनर हैं। होटल के उत्तर दिशा की तरफ अपोलो मेडिकल स्टोर के पीछे पड़ी जमीन पर किदवई नगर के-ब्लाक निवासी अशोक सचान द्वारा बिना मानचित्र के अविभाज्य भाग 12 फिट गली पर अवैध रूप से बढ़ाकर अनाधिकृत निर्माण कराया जा रहा है। मामले का संज्ञान लेकर केडीए ने निर्माण कार्य बंद करा दिया था, लेकिन अब फिर से निर्माण कार्य रात में व अवकाश के दिनों में चोरी-छिपे किया जाता है। केडीए के विशेष कार्याधिकारी ने किदवई नगर थाना प्रभारी निरीक्षक को पत्र लिखकर निर्माण कार्य पूर्ण रूप से बंद कराने और निगरानी के निर्देश दिए हैं। केडीए पूर्व में भी निर्माणकर्ता को नोटिसें दे चुका है और काम रुकवा चुका है लेकिन आरोपी बाज नहीं आ रहे हैं।

### पेट्रोल डाल कार में आग लगाई, अज्ञात पर रिपोर्ट

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र के जानकीपुरम इलाके में बुधवार देर रात घर के बाहर खड़ी कौशल किशोर मिश्रा की कार पर एक युवक ने ज्वलनशील पदार्थ छिड़क कर आग लगा दी। जिससे कार धू-धूकर जलने लगी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का प्रयास

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में यूपीएससी की तैयारी कर रही युवती के साथ उसके सहपाठी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का प्रयास किया। युवक की दूसरी लड़की के साथ शादी तय हो जाने की जानकारी होने पर पीड़िता ने आरोपी युवक के खिलाफ कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कल्याणपुर निवासी के युवती के अनुसार जनवरी 2019 में वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। इस दौरान एक एजुकेशन वेबसाइट के जरिए उसकी पहचान मुजफ्फरनगर के जनकपुरी निवासी आकाश कुमार से हो गई। कुछ दिन बाद आकाश ने उससे शादी का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद दोनों दिल्ली स्थित फ्लैट में रहकर तैयारी करने करने लगे। इस बीच युवती को आकाश की शादी दूसरी युवती के साथ तय होने की जानकारी हो गई। जिस पर युवती अपने घर आ गई। युवती को समझाने उसके घर पहुंचे आकाश ने परिजनों की गैर मौजूदगी का फायदा उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। आरोप है कि कुछ दिन पहले आकाश ने शादी से इंकार करते हुए युवती को बदनाम करने की धमकी दे डाली। युवती ने कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### महिला की मौत पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सफीपुर में बीते मंगलवार को महिला का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला था। परिजनों ने आरोपी पति समेत ससुरालीजनों पर दहेज के लिए बेटी की हत्या कर देने का आरोप लगाकर चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। हरदोई के नापुरिया निवासी पिकअप चालक मनीष कुमार सफीपुर में अपनी पत्नी सलोनी के साथ रहते थे। बीती 15 अक्टूबर को सलोनी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला था। मृतका के भाई उन्नाव अजगैन के नाना टिकुर निवासी विजयपाल सिंह ने आरोप लगाया है कि बेटी का विवाह छह साल पहले किया था। शादी के बाद से ही आरोपी पति समेत ससुरालीजन दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। उनके हस्तक्षेप के बाद आरोपित दामाद और बेटी सफीपुर में किराये पर रहने लगे थे। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर ही आरोपियों ने बेटी की हत्या कर शव को लटका दिया था। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बहू पर बेटे की जहर देकर हत्या करने की रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में एक सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी ने अपनी बहू पर आरोप लगाया कि फौजी बेटे से प्रेम विवाह करने के बाद उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करती थी। बेटे को खाने में जहर देकर उसकी हत्या कर दी। पीड़ित ने चकेरी थाने में कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी निवासी सेवानिवृत्त एयरफोर्स कर्मी के अनुसार उनका छोटा बेटा सेना में था। जनवरी 2020 में बेटा काफी परेशान रहने लगा। घरवालों के पूछने पर बेटे ने बताया कि एक युवती से वह प्रेम विवाह करना चाहता है। इस पर उन्होंने बेटे की शादी युवती से करा दी। शादी के बाद से ही आरोपी बहू बेटे पर परिवार से अलग रहने का दबाव बनाने लगी। पीड़ित के अनुसार उनका बेटा श्रीनगर में नौकरी पर चला गया। घर पर बहू अकेली रहती थी। जनवरी 2024 में बहू गर्भवती हो गई। ये जानकारी बेटे को मिली तो उसने आपसी सानिध्य न होने के बाद भी गर्भवती होने पर आशंका जताई। फिर मई 2024 में बेटा छुट्टी पर घर आया और बहू से डीएनए जांच कराने को कहा। इस पर बहू ने जांच कराने से मना करते हुए बेटे से विवाद किया। इसी बीच बेटे को बहू के बारे में जानकारी हुई कि वर्ष 2018 में भी उसने महाराजपुर के एक युवक से प्रेम संबन्ध बनाने के बाद उसका आर्थिक शोषण किया था। युवक के विरोध करने पर उसने दुष्कर्म के मामले में जेल भिजवा दिया था। आरोप है कि 27 मई 2024 को बहू ने फोन कर बेटे के जहर खा लेने की सूचना दी। इस पर बेटे को सेवन एयरफोर्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस से बहू पर हत्या करने का आरोप लगाकर शिकायत की। पुलिस के कार्रवाई न करने पर उन्होंने कोर्ट की शरण ली।

**जरा ध्यान दें** — गोविंदपुरी में बिछाए जा रहे ट्रैक के कारण संचालन प्रभावित, प्लेटफार्म नंबर 1 पर बैलास्ट रहित ट्रैक बनाया जाएगा

# गोविंदपुरी में काम, कई ट्रेनों के रूट-स्टॉपेज बदले गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के अप कॉमन लूप लाइन पर बैलास्ट रहित ट्रैक निर्माण के लिए पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक लिया गया है। जिसके कारण कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन तथा अस्थाई ठहराव स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

इस संबंध में उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि गोविंदपुरी स्टेशन के अप दिशा में प्लेटफार्म उपलब्ध न होने के कारण कई ट्रेनों का ठहराव गोविंदपुरी में खत्म कर दिया गया है। बदलाव की जानकारी जारी कर दी गई है।

**8 नवंबर से 22 दिसंबर तक ये ट्रेनें गोविंदपुरी में नहीं रुकेंगी:** 01802 कानपुर सेंट्रल-मानिकपुर मेमू और 04159 कानपुर सेन्ट्रल-इटावा मेमू, 01814 कानपुर सेन्ट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी मेमू, 04187कानपुर सेन्ट्रल-टूंडला मेमू, 04144 कानपुर सेन्ट्रल – खजुराहो, 0410 कानपुर सेन्ट्रल -फफूंद मेमू, 11110 लखनऊ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी इंटरसिटी, 01824 लखनऊ-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, 04191 कानपुर सेन्ट्रल -फफूंद मेमू गोविंदपुरी में नहीं रुकेंगी।

**8 नवंबर से 22 दिसंबर तक इन गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन:** 10330 धनबाद-जम्मू तवी साप्ताहिक ट्रेन, 03575 आसनसोल -आनंद विहार साप्ताहिक ट्रेन, 02525 कामख्या -आनंद विहार साप्ताहिक ट्रेन, 02245पटना-निजामुद्दीन सप्ताह में 02 दिन, 09458 दानापुर-अहमदाबाद साप्ताहिक ट्रेन, 04077 पटना -आनंद विहार साप्ताहिक ट्रेन, 02393पटना –नई दिल्ली 6 दिन, 09068, बरौनी -उधना साप्ताहिक, 03435 मालदा टाउन -आनंद विहार साप्ताहिक ट्रेन, 04125 सूबेदारगंज–बांद्रा साप्ताहिक ट्रेन, 03007 हावड़ा-खातीपुरा साप्ताहिक, 04069 राजगीर- नई दिल्ली सप्ताह में 2 दिन, 02261 दरभंगा-नई दिल्ली सप्ताह में 2 दिन , 09570बरौनी-राजकोट साप्ताहिक, 09570 बरौनी- राजकोट साप्ताहिक, 09118सूबेदारगंज–सूरत साप्ताहिक, 09062 गाजीपुर सिटी-उधना साप्ताहिक, चंदारी-कानपुर सेन्ट्रल -पनकी धाम होकर चलेगी। इसी प्रकार चंदारी, 09526नहारलागुन-हापा साप्ताहिक, 02397 गया-आनंद विहार 6 दिन, 05219 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार दैनिक, 05671गुवाहाटी -आनंद विहार साप्ताहिक, 12946 बनारस-वेरावल एक्सप्रेस साप्ताहिक, 14033 सूबेदारगंज–श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस दैनिक, 20962 बनारस -उधना एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन कानपुर सेंट्रल स्टेशन-पनकी धाम होते हुए चलेगी। 22197 कोलकाता -वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी साप्ताहिक ट्रेन, 15101छपरा –लोकमान्य तिलक ट. एक्सप्रेस साप्ताहिक ट्रेन, 22467 वाराणसी –गांधीनगर कैपिटल एक्सप्रेस साप्ताहिक, 20415वाराणसी –इंदौर साप्ताहिक ट्रेन, चंदारी, कानपुर सेंट्रल स्टेशन-गोविंदपुरी होकर चलेगी।

### नई दिल्ली-पटना ट्रेन का विस्तार

**कानपुर।** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने नई दिल्ली से कानपुर सेंट्रल स्टेशन होते हुए पटना तक चलने वाली ट्रेन का विस्तार 1 दिसंबर 2024 तक कर दिया है। ये ट्रेन पहले 2 नवंबर 2024 तक ही संचालित की गई थी। उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि 02393 पटना से नई दिल्ली तक चलने वाली ट्रेन (गुरुवार को छोड़कर) अब 30 नवंबर 2024 तक चलेगी। इसी प्रकार 02394 नई दिल्ली से पटना तक चलने वाली (शुक्रवार को छोड़कर) ट्रेन 1 दिसंबर 2024 तक चलती रहेगी।

# छात्रों के परिजनों से मिले सतीश महाना

**कानपुर।** पनकी थानाक्षेत्र के भौंती पुल की ढाल के पास हुए हादसे में जान गंवाने वाले कार सवार चार बीटेक छात्र-छात्राओं के परिजनों से मिलने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सनिगवां केडीए कालोनी पहुंचे। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि दुःख में घड़ी में वह उनके साथ खड़े हैं। परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

सनिगवां केडीए कालोनी निवासी चालक विजय साहू सोमवार को अपनी कार से इलाके के पीएसआइटी छात्र प्रतीक सिंग, सतीश कुमार, गरिमा त्रिपाठी और आयुषी पटेल को कालेज छोड़ने जा रहे थे। तभी भौंती पुल से उतरने के दौरान डंपर और ट्राला के बीच कार आने चार छात्र-छात्राओं और चालक समेत पांचों की मौत हो गई थी। शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मृतक छात्र-छात्राओं के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे।

# एजेंडे में अधिवक्ताओं की सुविधा-सहूलियतें

**कानपुर।** चेंबर, टॉयलेट, पेंशन, मेडिक्लेम सहित अनेक मुद्दे इस बार बार एसोसिएशन चुनाव में दावेदारों का एजेंडा हैं। अधिवक्ताओं की सुविधाएं व सहूलियत के लिए चुनाव मैदान में डटे दावेदारों का कहना है कि मौका मिला तो एजेंडा की प्राथमिकताएं पूरी कराई जाएंगी। अधिवक्ताओं के हित, समस्या के समाधान, मान और सम्मान के लिए हर समय मौजूद रहेंगे। बार-बेंच का सामंजस्य और शासन व प्रशासन के सहयोग से समस्या का समाधान करना पहला उद्देश्य होगा। बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष व महामंत्री पद पर ताल ठोंक रहे प्रत्याशियों का कहना है कि चुनाव की जीत और मेहनत तब सार्थक होती है, जब अधिवक्ताओं के हितों में तैयार किया एजेंडा पूरा हो।

## स्वास्थ्य बीमा से लैस होंगे सभी अधिवक्ता



बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि अधिवक्ताओं के हित में जो काम मिलेगा, उसे पूरा कराएंगे। हर अधिवक्ता को स्वास्थ्य बीमा से लाभांवित कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। युवा अधिवक्ताओं के लिए स्टाइपेंड की व्यवस्था कराई जाएगी। युवा अधिवक्ता जो तैयारी करना चाहते हैं, उनका विशेष सहयोग किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ताओं से अनुरोध कर उनका मार्गदर्शन कराया जाएगा। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराना प्राथमिकता होगी। अधिवक्ताओं के लिए पेंशन, टॉयलेट, बैठने का उचित स्थान, पार्किंग और बार व बेंच का सामंजस्य होगा।

## अधिवक्तापुरम बसाना होगी प्राथमिकता



महामंत्री पद के प्रत्याशी बिनय कुमार मिश्रा ने बताया कि अधिवक्ताओं के हित में काम करना ही एजेंडा है। पहला प्रयास होगा कि केडीए अधिकारियों से वार्ता कर अधिवक्तापुरम बसाना है। नए चेंबर बनवाने के साथ महिला अधिवक्ताओं के लिए ग्राउंड फ्लोर पर पिंक बाथरूम का निर्माण कराया जाएगा। एमएसईटी के न्यायालयों की संख्या बढ़वाने की मांग की जाएगी। अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य और एक्सीडेंटल बीमा का प्रबंध कराया जाएगा। प्रशासन के सहयोग से पार्किंग समस्या का समाधान कराना प्राथमिकता होगी। तीन से पांच साल की प्रैक्टिस वाले अधिवक्ताओं के लिए स्पाइपेंड की व्यवस्था कराई जाएगी।

- अध्यक्ष व महामंत्री के दावेदारों ने गिनाईं प्राथमिकताएं

## पार्किंग व चेंबर समस्या का कराएंगे समाधान



महामंत्री पद के प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह उर्फ सागर यादव ने बताया कि नए और अतिरिक्त चेंबर की सख्त जरूरत है। इस समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। महिलाओं को ग्राउंड फ्लोर पर चेंबर दिलाया जाएगा। अधिवक्ताओं के सामने पार्किंग की समस्या बड़ी है। इसका निराकरण अधिवक्ताओं के साथ मिलकर कराया जाएगा। उन्होंने कहा पुलिस किसी के आरोप को आधार बनाकर कार्रवाई करने लगती है। वह ऐसा नहीं होने देंगे। बेकसूर अधिवक्ताओं पर कार्रवाई नहीं होगी।

## अधिवक्ताओं के लिए होगी कुर्सी की व्यवस्था



महामंत्री पद पर ताल ठोंक रहे अधिवक्ता श्रीकांत मिश्रा ने बताया कि पहले हर न्यायालय में अधिवक्ताओं के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था होती थी। अब अधिवक्ता खड़े-खड़े काम निपटाते हैं। न्यायालय में अधिवक्ताओं को घंटों खड़ा रहना होता है। इसलिए न्यायालयों में अधिवक्ताओं के लिए कुर्सियों की व्यवस्था कराई जाएगी। प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं की पेंशन, चेंबर, पार्किंग और मेडिक्लेम समेत हर सुविधा के लिए संघर्ष करूंगा। बाथरूमों की साफ-सफाई के साथ अच्छे बाथरूमों का निर्माण भी कराया जाएगा। समस्यात्मक एजेंडों पर काम करना है।

# सीओपी से होगा मतदान ड्रोन-कैमरों से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 24 अक्टूबर गुरुवार को बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर एल्डर्स कमेटी और पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर की बैठक बार एसोसिएशन सभागार में हुई। बैठक में तय किया गया कि ड्रोन और सीसीटीवी की निगरानी में मतदान कराया जाएगा। सुरक्षा के लिए पूर्व फौजी भी मुस्तैद रहेंगे और मतदान कराएंगे। बिना सीओपी (सर्टिफिकेट आफ प्रैक्टिस) के मतदान स्थल डीएवी डिग्री कालेज में अधिवक्ताओं को कतई प्रवेश नहीं मिलेगा।

पुलिस का कंट्रोल रूम डीएवी तिराहे या डीएवी डिग्री कालेज गेट के ठीक सामने बनाया जाएगा। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने मतदान का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। पिछले चुनाव की तरह की पुलिस की व्यवस्था रहेगी। मुख्य गेट पर पुलिस के साथ एल्डर्स कमेटी से अधिकृत अधिवक्ता सहयोग के लिए रहेंगे। हर बूथ में एक दरोगा और दो पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। रोक के बावजूद जुलूस निकालने और कचहरी में होर्डिंग्स व बैनर लगाने पर एल्डर्स कमेटी अब सभी प्रत्याशियों पर कार्रवाई पर शनिवार को फैसला करेगी।

शनिवार को फैसला होगा कि प्रत्याशियों को माफी दी जाए या कार्रवाई की जाए। एल्डर्स कमेटी ने उच्च न्यायालय के आदेश और माडल बाइलाज का हवाला देते हुए कचहरी में जुलुस न निकालने, बैनर-होर्डिंग्स न लगाने, भोज और उपहार बांटने पर प्रतिबंध लगाया था। इस पर अमल न होने के कारण सभी को नोटिस दिया था। प्रत्याशियों ने इसका जवाब देते हुए माफी मांगी थी।



गीत पेश करते राहगीर।



देर रात तक आईआईटी में छात्र झूमते रहे। अमृत विचार

# ईडीएम नाइट और कव्वाली ने रिझाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फिल्मी हस्तियों ने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी निभाना सभी का कर्तव्य
- छात्रों की ओर से पेश किए गए नुक्कड़ नाटकों में दिए गए सामाजिक संदेश

**अमृत विचार।** आईआईटी में चल रहे वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव अंतराग्नि में शुक्रवार को संगीत और गीत के बीच कव्वाली का तड़का लगा। ईडीएम नाइट में युवाओं का उत्साह चरम पर पहुंचा। उधर नुक्कड़ नाटकों में विभिन्न सामाजिक संदेश भी दिए गए। चर्चा 'सिनेमा टॉक' में फिल्मी हस्तियों ने सामाजिक जिम्मेदारी समाज के सभी वर्ग का कर्तव्य बताया।

संस्थान में चल रहे महोत्सव के दूसरे दिन सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रमों की झड़ी लगी। विभिन्न संस्थानों से आए छात्रों की टीम की ओर से सामाजिक संदेश दिए। इनमें बेटी बचाओ, बेटियों की सुरक्षा, बेटियों की शिक्षा, राजनैतिक व्यंग्य व सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के संदेश दिए गए। इसी तरह 'राहगीर' में मध्यम संगीत ने युवाओं को आकर्षित किया। सिनेमा टॉक में हुई चर्चा के दौरान फिल्मी हस्तियों ने अपनी चमक बिखेरी। गंभीर चर्चा के दौरान 'सिनेमा सिर्फ मनोरंजन का साधन या सामाजिक जिम्मेदारी' पर फिल्मी हस्तियों ने विचार रखे। इस चर्चा के दौरान तरुण शुक्ल, मेघना मलिक, अतुल तिवारी, सुहैल ततारी और आनंद कक्कड़ ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान फिल्मी हस्तियों ने कहा कि सामाजिक सरोकार का सवाल हमेशा बॉलीवुड से ही क्यों पूछा जाता है। सामाजिक सरोकार की जिम्मेदारी हर क्षेत्र में कार्यरत लोगों की है। ऐसी फिल्मे बनती है जो सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए अपने कर्तव्यों को पूरा करती है। इस दायरे में जिम्मेदारियों सहित हर रंग मौजूद हैं। उधर महोत्सव के दौरान देर रात ईडीएम नाईट भी युवाओं में चर्चित रही। हाईवोल्टेज संगीत के बीच उसकी मिक्सिंग युवाओं को कायल कर गई।

# दीपावली पर शिक्षकों ने मांगा वेतन और एरियर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जूनियर हाई स्कूल शिक्षक महासभा की मांग, भेजा ज्ञापन

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री से दीपावली से पहले वेतन, डीए एरियर, बोनस व वेतन भुगतान की मांग की है। शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर त्योहार से पहले शिक्षकों को खुशियां देने की मांग की है। शिक्षकों ने कहा कि यदि त्योहार से पहले उनकी मांग पूरी नहीं होती तो इस बार उनकी दीपावली सूनी रह जाएगी।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक महासभा की ओर से भेजे गए ज्ञापन में शिक्षकों ने बढ़ती महंगाई का भी मुद्दा उठाया। कहा कि महंगाई के इस दौर में त्योहार से पहले उनकी मांग पूरी होनी जरूरी है। महासभा के प्रांतीय संयोजक अनुग्रह त्रिपाठी ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में राहत दिए जाने का कार्य किया गया है। इसे आगे बढ़ाते हुए सरकार शिक्षकों के आर्थिक हितों का ध्यान रखते हुए पर्व से पहले डीए एरियर, बोनस व वर्तमान वेतन देने का कार्य करे। उन्होंने कहा कि माह के अंत में दीपावली पड़ रही है, ऐसे में त्योहार से पहले धन दे दिया जाए तो त्योहार हंसी-खुशी से मनेगा। उन्होंने शिक्षकों की मांग पर सहानुभूतिपूर्वक तरीके से विचार करने को कहा है। ज्ञापन देने वाले शिक्षकों में बृजेंद्र कटियार, प्रशांत सिंह, आफताब आलम, गिरीष मिश्रा, पूनम तिवारी, नेहा गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

# मोतियाबिंद के 13 मरीज मिले, मुफ्त ऑपरेशन

**कानपुर।** बाबा महाकालेश्वर धाम मंदिर बर्रा में निःशुल्क नेत्ररोग शिविर लगाया गया जिसमें 80 से अधिक रोगियों के नेत्र की जांच की गई जिसमें 13 मरीजों के आंखों में मोतियाबिंद मिला है। इनका मुफ्त आपरेशन 21 अक्टूबर को कनिका हॉस्पिटल, हर्ष नगर में किया जाएगा। शुक्रवार को अनुचर सेवा संस्थान के सहयोग से वंशीधर चिकित्सा सेवा संस्थान द्वारा आयोजित नेत्ररोग शिविर में डॉ. शरद वाजपेयी, डॉ. एसके पांडेय, डॉ. अनुराग गुप्ता ने रोगियों का नेत्र परीक्षण किया। शिविर में मंदिर के महंत मंगली प्रसाद ने स्वयं अपने आखों की जांच कराकर शिविर का उद्घाटन किया। शिविर में कमलेश बाजपेई, एन के जुनेजा, अशोक पांडेय, रमेश सिंहवानी, सतीश रोचलानी, विमला चौहान रहे।

# चीनी जांचने के मानक बदले जाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान और भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसमें 'भारतीय चीनी गुणवत्ता और बीआईएस मानक' विषय पर विशेषज्ञों ने राय रखी। कहा कि नई तकनीक की वजह से अब चीनी पहले के मुकाबले बेहतर है। इसलिए चीनी को मापने के मानक पर बदलाव करने की जरूरत है।

संगोष्ठी के दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न चीनी उत्पादक राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संगोष्ठी की शुरुआत राष्ट्रीय शर्करा संस्थान की निदेशक प्रो. डॉ. सीमा परोहा ने की। इस दौरान उन्होंने चीनी मानकों को मानकीकृत करने और अच्छी गुणवत्ता वाली चीनी के उत्पादन के लिए चीनी उद्योग को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। संगोष्ठी में शर्करा प्रौद्योगिकी के सहायक आचार्य एसके त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय चीनी जैसे कच्ची चीनी, डेमेरारा चीनी, हल्की सुनहरी और गहरे भूरे रंग की चीनी आदि के लिए बीआईएस मानक हैं। चीनी उद्योग की स्थिरता के लिये, लागत प्रभावी तरीके से अच्छी गुणवत्ता वाली चीनी के उत्पादन पर भी चर्चा की गई।

उन्होंने चीनी उत्पादन में विकसित मानकों और बीआईएस नियमों के महत्व पर भी चर्चा की और बताया कि कैसे बीआईएस नियम उपभोक्ताओं के बीच उद्योगों में स्थिरता और विश्वास बनाए रखने में मदद करते हैं।

सेमिनार के दौरान बीआईएस प्रमुख वैज्ञानिक एफ सुनीति टुटेजा ने खाद्य और कृषि क्षेत्र में राष्ट्रीय मानकीकरण प्रक्रिया पर प्रस्तुति दी। दिशा जंवर ने चीनी उद्योग से संबंधित भारतीय मानकों पर अपने विचार व्यक्त किए।



संगोष्ठी का उद्घाटन करतीं प्रो .सीमा परोहा और एसके त्रिवेदी। अमृत विचार

# एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इसके लिए ख्वातीन करेंगी घर-घर सर्वे

**अमृत विचार।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खां की याद में रायपुरवा में शिक्षिकाओं, समाजसेवा महिलाओं ने गोष्ठी की। इसमें संकल्प लिया गया कि घर-घर सर्वे करके किसी भी बच्चे को आर्थिक कमी के कारण शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि हर परिवार तालीम को अपनी पहली जरूरत बनाए और बच्चों को हर हाल में तालीम दिलवाए।

शुक्रवार को अजीज मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष राबिया खान की अध्यक्षता में रायपुरवा स्थित एल्डिको में गोष्ठी हुई जिसमें डॉ. अफरोज, डॉ. मीता जमाल के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में समाजसेवा करने वाली महिलाओं ने शिरकत की। सोसायटी अध्यक्ष ने कहा कि सर सैयद अहमद खां के जज्बे से सबक लेना चाहिए जो तमाम मुखालिफत के बाद भी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पीछे नहीं हटे। उन्होंने कहा कि बिना तालीम के इंसान जानवर की मानिंद होता है। वरिष्ठ शिक्षक डॉ. मीता जमाल ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और नए अविष्कार आम जनमानस तक पहुंचना चाहिए। सर सैयद धर्मनिर्पेक्ष राष्ट्र का सपना देखने वाले समाज सुधारक थे। इस मौके पर सीमा, रशीदा, रुबीना, कैसर, गजाला, नाहिद, राना, फारिया आदि ने विचार रखे।

# एक माह तक पनकी पुल पर ट्रैफिक बंद

संवाददाता,कानपुर

- पुल के एक्सपेंशन ज्वाइंट में खराबी के कारण डायवर्जन

**अमृत विचार।** कल्यानपुर-पनकी रेलवे पुल (पनकी धाम मंदिर) पर लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता, मुख्य परियोजना प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन व सेतु निर्माण इकाई ने रेलवे ओवरब्रिज पनकी पॉवर हाउस व पनकी धाम मंदिर का निरीक्षण किया था। मुख्य अभियंता ने पाया कि सेतु के एक्सपेंशन ज्वाइंट में खराबी होने के कारण ट्रैफिक के आवागमन में असुविधा हो रही है। एक्सपेंशन ज्वाइंट की कंक्रीट ठीक करते हुए बीसी से मिलाने के लिए रेल उपरिगामी सेतु से यातायात 19 अक्टूबर से 13 नवंबर तक बंद रहेगा। इसको देखते हुए यातायात पुलिस ने ट्राफिक डॉयवर्जन लागू किया है। जो शनिवार से प्रभावी हो जाएगा। वहीं सुरेंद्र मैथानी ने पुल का निरीक्षण कर समस्या देखी।



विधायक मैथानी ने किया निरीक्षण।

### ऐसा रहेगा ट्रैफिक डॉयवर्जन

- कल्याणपुर से शताब्दी द्वार होते हुएभौंती की तरफ जाने वाले वाहन पनकी रेलवे पुल के नीचे से या गंगागंज क्रासिंग होते हुए जाएंगे।
- भाटिया चौराहे से आने वाला ट्रैफिक जो कल्याणपुर, रतनपुर जाना चाहता है वो अर्मापुर नहर से बांये मुड़ कर आवास विकास होते हुए जा सकेंगे ।
- किसी भी समय भारी वाहन भाटिया से पनकी रेलवे पुल के तरफ व आवास विकास नहर से पनकी पुल के तरफ नही जा सकेंगे ।

# अभियंताओं को मिला नोटिस

**कानपुर।** केस्को के प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन ने शुक्रवार को केसा कॉलोनी व नौबस्ता स्थित भण्डार गृहों का निरीक्षण किया। भण्डार में झाड़ियां उगी होने पर नाराजगी व्यक्त की। कई सामग्री का रखरखाव सही से नहीं पाया गया। इसपर उन्होंने अधिशाषी अभियंता भण्डार को 15 दिनों में साफ-सफाई कर अवगत कराने और सामग्री को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। नवाबगंज खंड में बिजनेस प्लान के तहत किए जा रहे कार्यों में पूर्व में मिली कमियों पर मंडल प्रथम के अधीक्षण अभियंता व अन्य अधिशाषी अभियंताओं को कारण बताओ नोटिस दिए जाने के निर्देश दिया।

# मथुरा जीजीएन और दुबई क्राउन ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री माथुर चतुर्वेदी सभा की ओर से आयोजित टी-20 चतुर्वेदी कप में शुक्रवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला मथुरा जीजीएन व मथुरा लायंस और दूसरा मुकाबला दुबई क्राउन व वृंदावन एफएम के बीच खेला गया। जिसमें मथुरा जीजीएन व दुबई क्राउन विजेता रहा।

जीजीएन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। मथुरा लायंस ने 10 विकेट खोकर मथुरा जीजीएन को 84 रन का लक्ष्य दिया। जिसे जीजीएन ने 3 विकेट खोकर 11.1 ओवर में हासिल कर लिया और विजेता रहा। दूसरे मुकाबले में दुबई क्राउन व वृंदावन एफएम के बीच मैच में दुबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का चयन किया। वृंदावन ने 9 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाए। दुबई क्राउन ने 12.3 ओवर में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और विजेता रहा। शनिवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला होगा।



चतुर्वेदी कप में दोनों टीमों के खिलाड़ी।




मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी व प्रधानाचार्या मोनिका दत्त।

## जोनल स्केटिंग में छात्रों ने झटके पांच पदक

**कानपुर।** सीबीएससी जोनल स्केटिंग प्रतियोगिता में जीडी गोयनका स्कूल के खिलाड़ियों ने पांच मेडल झटके हैं। इस जीत के साथ विजेता खिलाड़ियों ने इसी माह कर्नाटक में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई है। छात्र युवल ने 1000 मीटर इन लाइन और रिंक रेस मे दो गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल में अपनी जगह पक्की की है। वहीं सुकृति चौहान ने 300 और 500 मीटर इन लाइन मे दो सिल्वर मेडल और प्रत्युषा लाल ने क्वाड में सिल्वर मेडल जीतकर नेशनल में खेलना सुनिश्चित किया है। जीडी गोयनका स्कूल की प्रधानाचार्या मोनिका दत्त ने शुक्रवार को खिलाड़ियों मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी

सीएसए में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, छात्र नवाचार की ओर से रुख करें

# नई तकनीक का किसानों तक पहुंचना बेहद जरूरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शुक्रवार को तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने नई तकनीक को किसानों तक पहुंचाने पर बल दिया। छात्रों को नवाचार से जुड़कर तकनीक को और अधिक बेहतर बनाने का आह्वान किया गया। विवि के कैलाश भवन सभागार में 'मृदा, जल एवं ऊर्जा प्रबंधन द्वारा सतत कृषि एवं आजीविका सुरक्षा' विषय पर विचार व्यक्त किए गए।

संगोष्ठी की शुरुआत विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। उन्होंने शोध छात्रों से आह्वान किया कि वे अपनी सुविधा अनुसार गांव में कृषकों के साथ कृषि तकनीकी पर चर्चा करें। उन्होंने शोध छात्रों से नई तकनीक से परिचित रहने की भी सलाह दी क्योंकि रोज प्रतिदिन नए-नए नवाचार हो रहे हैं। कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने कहा कि देश में आईसीएआर के 100 से अधिक संस्थानों ,77 कृषि विश्वविद्यालयों तथा 731 कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से कृषकों को गांवों में ही ऐसी तकनीकी का लाभ दिलाया जा रहा है। जिससे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी हुई है। विशिष्ट अतिथि करनाल संस्थान के निदेशक डॉ आरके यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले वैज्ञानिकों एवं कृषको को सम्मानित किया गया। एससीएसआई के अध्यक्ष डॉक्टर टीवीएस राजपूत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा समिति की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। आयोजक डॉ मुनीश कुमार, डॉ कौशल कुमार, डॉ विनीता सिंह, डॉ एसएस ग्रेवाल, डॉ नीलम पटेल आदि मौजूद रहे।




सीएसए में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का स्वागत किया गया। अमृत विचार

## रसायनों-उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से बचें किसान

**कानपुर।** कृषक सभागार, कृषि भवन परिसर रावतपुर में किसानों को उत्पादन को बढ़ावा देने को विभिन्न जानकारी देने के लिए कृषि मेला लगाया गया। जिसमें कृषि, रेशम, उद्यान, नेडा, इफको, जैविक खेती आदि पब्लिक व प्राइवेट सेक्टर के स्टाल लगाये गये। विभिन्न क्षेत्रों से आये कृषकों ने तकनीकी जानकारी हासिल की। मुख्य विकास अधिकारी ने जैविक खेती की आवश्यकता के सम्बन्ध में कहा कि अत्यधिक कृषि रसायनों एवं उर्वरकों के प्रयोग से वायु, जल, मृदा प्रदूषण बढ़ रहा है। इसलिए रसायनों एवं उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से बचें। शुक्रवार को जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं इनसीटू योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय कृषक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने की। उन्होंने कृषकों से कहा कि कम क्षेत्रफल में ही जैविक खेती प्रारम्भ करें ताकि पौष्टिक आहार उपलब्ध हो। उप कृषि निदेशक चौधरी अरुण कुमार ने कृषि विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। उन्होंने कहा जैविक कृषि के माध्यम से कृषि उत्पादन को स्थायित्व प्रदान किया जा सकता है।

# फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूरों को ट्रैक्टर ने कुचला

**कानपुर।** बेकनगंज थाना क्षेत्र में नई सड़क पर शुक्रवार देर रात ट्रैक्टर ने फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने चालक की पिटाई करके सूचना पुलिस को दे दी। बेकनगंज पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचवाया। बेकनगंज इंस्पेक्टर मतीनखान ने बताया कि अंबेडकर नगर निवासी 40 वर्षीय पारस उर्फ अल्लू और 38 वर्षीय विजय कुमार दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। दोनों नई सड़क पर फुटपाथ पर सोते हैं। शुक्रवार को भी खाना खाने के बाद सो गए थे। तभी रात करीब 11 बजे घंटाघर से परेड की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर डिवाइडर पार करते हुए फुटपाथ पर सो रहे दो मजदूरों को कुचल दिया। आस पास के लोगों ने ट्रैक्टर चालक की पिटाई कर दी।

## सार-संक्षेप

### अध्यात्म से मनुष्य का नैतिक-चारित्रिक विकास कार्यालय

**कानपुर।** आध्यात्म शक्ति से मनुष्य का नौतिक व चारित्रिक विकास होता है। लेकिन लोग अध्यात्म से अलग होते जा रहे हैं। जिससे संत और भक्त नहीं पैदा हो पा रहे हैं। यह विचार शुक्रवार को संतों ने मानव उत्थान सेवा समिति की कल्याणपुर शाखा के सत्संग कार्यक्रम में रखे। आध्यात्मिक व समाज सेवी संस्था मानव उत्थान सेवा समिति की कल्याणपुर शाखा प्रेम लॉन में शुक्रवार को सत्संग हुआ। जिसमें जनसमूह को संबोधित करते हुए साध्वी चंदन बाई, साध्वी प्रज्ञा बाई, साध्वी संपदा बाई ने सत्संग में आध्यात्म पर अपने विचार रखे। इसके बाद हरिद्वार से पधारे सतपाल महाराज के शिष्य ज्ञान शब्दानंद ने कहा कि अध्यात्म की शक्ति से ही मनुष्य का नैतिक, चारित्रिक विकास होता है। जब तक भारत में आध्यात्मिक शक्तियों का विकास हुआ, तब तक भारत का उत्थान हुआ। मौजूदा समय में भारत अध्यात्म से विमुख होता जा रहा है। इसलिए नैतिक वा चारित्रिक पतन हो रहा है। उन्होंने कहा क्या कारण है कि अब स्वामी विवेकानंद और नचिकेता जैसी प्रतिभाए जन्म नहीं ले रही हैं। तुलसी व मीरा जैसे संत और भक्त पैदा नहीं हो रहे। भारत विश्व गुरु था और अध्यात्म ज्ञान की शक्ति से ही फिर विश्वगुरु बनेगा। इस मौके पर शैलेंद्र पाल, शिव सागर कुशवाहा, विवेक कुशवाहा, संतराम निषाद, राजाराम ,रामकुमार पाल आदि रहे।

### अस्पताल वालों ने बरगलाया

**कानपुर।** बाबूपुरवा निवासी मरीज आफरीन ने आरोप है कि पेट दर्द होने पर उर्सला अस्पताल में आपरेशन के नाम पर एक एक एजेंट ने 12 हजार रुपये मांगे थे। उसको पांच हजार रुपये देने के बाद जब और रुपये देने में असमर्थता जताई तो डॉक्टर ने भगा दिया। हालांकि आफरीन ने बुधवार को बयान दिया था कि रुपये मांगने और पीटने के समय डॉक्टर मौजूद नहीं थे। इसके बाद गुरुवार को आफरीन ने कहा कि यह अस्पताल वालों ने बरगला करके लिखाया और उससे कहलवाया है। वीडियो बनाने से पहले निदेशक ने डाक्टर का नाम नहीं लेने के लिए कहा था। मामले को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया और मामले में कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने उर्सला निदेशक से स्पष्टीकरण तलब किया है।

# इलाज के बाद महिला की मौत, क्लीनिक में हंगामा

## पेट में दर्द होने पर महिला को उसके परिजन क्लीनिक लाए थे

संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार।** बिधनू थाना क्षेत्र के औधा गांव में पेट दर्द के बाद डॉक्टर के गलत इलाज से एक महिला की मौत हो गई। इसको लेकर शुक्रवार दोपहर मृतका के परिजनों ने उसके क्लीनिक पर जमकर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए परिजनों को समझा-बुझाकर शांत कराया।



शांति देवी।





क्लीनिक में जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

बताया गया कि न्योरी निवासी रामकिशोर की 38 वर्षीय पत्नी शान्ती देवी की शुक्रवार की रात लगभग 10 बजे पेट मे दर्द होने के बाद सुबह पांच बजे क्लीनिक लाए। जहां चिकित्सक ने महिला को भर्ती कर उसका इलाज शुरू कर दिया। परिजनों के अनुसार इस दौरान चिकित्सक ने इलाज के एवज में 10 हजार रुपये भी ले लिए, लेकिन महिला की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी। बावजूद चिकित्सक ने उसे ठीक करने का दावा कर उसका इलाज जारी रखा। लगभग 10 बजे महिला की बिगड़ती हालत देख परिजन जबरन उसके क्लीनिक से निकालने की बात कही मगर अस्पताल का स्टाफ डॉक्टर के आने की बात कह भर्ती रखा। इसी दौरान 11 बजे महिला की मौत हो गई।



रोते- बिलखते परिजन। अमृत विचार

### दवा के रिएक्शन से मौत हुई

- महिला की मौत की सूचना पर उसके परिजन समेत ग्रामीण चिकित्सक के क्लीनिक पर पहुंच कर हंगामा करने लगे। हंगामा कर रहे मृतका के बेटे अनूप ने आरोप लगाया कि चिकित्सक ने बहुत सारी दवा दे दी थी। इसी कारण दवा के रिएक्शन से उसकी मौत हुई है। इस दौरान मौका देखकर चिकित्सक वहां से फरार हो गया। हंगामा की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। साथ ही कहा कि अगर किसी प्रकार की शिकायत है तो लिखित आवेदन दें।

# पेट्रोल पंप कर्मी को तमंचा लगाकर 39 हजार लूटे

शिवराजपुर, संवाददाता

- पुलिस ने केस दर्ज कर लुटेरों की शुरू की तलाश
- गुरुवार देर रात 3 बजे बाइक सवार दो बदमाश आए थे

क्षेत्र के बीरामऊ गांव के पास स्थित सिद्धार्थ फ्यूल स्टेशन (पेट्रोल पंप) पर बाइक सवार बदमाशों ने कर्मचारी की कनपटी पर तमंचा लगाकर अलमारी में रखा कैश लूट लिया। कर्मचारी को जान से मारने की धमकी देते हुए लुटेरे फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर छानबीन की। पंप मालिक की ओर से तहरीर देने के बाद केस दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम लुटेरों की तलाश में लगी है।

सिद्धार्थ फ्यूल स्टेशन के मालिक किदवई नगर कानपुर निवासी सिद्धार्थ मिश्रा ने शुक्रवार को थाने में दी गई तहरीर में कहा है कि पेट्रोल पंप बिरामऊ गांव के नजदीक जो कि लगभग 2 महीने पहले ही चालू किया गया है। गुरुवार देर रात लगभग 3 बजे बाइक सवार दो बदमाश आए व पेट्रोल पंप के कर्मचारी राहुल सिंह निवासी ग्राम गोड़रा के कनपटी पर तमंचा लगाकर लाकर की चाबी छीन ली।

> पेट्रोल पंप पर लूट की तहरीर मिली है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही टीम गठित करके लूट करने वाले बदमाशों को गिरफ्तार किया जाएगा।
>
> -अरविंद कुमार सिसोदिया, थाना प्रभारी

लाकर में रखा 39 हजार नगद रुपये लूटकर फरार हो गए। जिस समय यह घटना हुई उस वक्त तीन कर्मचारी राहुल सिंह निवासी ग्राम गोडरा, दिनेश मिश्रा निवासी ग्राम दुर्गापुर, जगरूप सिंह निवासी ग्राम विकरु पंप पर मौजूद थे। कैश के साथ बदमाश जाते-जाते पेट्रोल पंप पर इस्तेमाल होने वाला मोबाइल भी ले गए। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### भागवत सुनने मात्र से प्राणी को मिल जाता मोक्षः चन्द्रदास



कथावाचक चन्द्रदास।

**बिधनू।** भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सभी जन्मों के पापों का नाश होता है। यह बात बिधनू कठारा गजापुर सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को कथावाचक मलूकपीठाधीश्वर राजेन्द्र दास देवाचार्य महाराज के शिष्य चन्द्रेश महाराज उर्फ चन्द्रदास ने कही। उन्होंने प्रभु श्रीकृष्ण के जन्म व उनकी बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तक प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। उन्होंने कहा कि गृहस्थ जीवन में मनुष्य तनाव में जीता है, जबकि संत लोग सद्भाव में जीते हैं। यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। संतोष जीवन का सबसे बड़ा धन है। भगवान के प्रति विश्वास और भक्ति में दृणता ऐसी होनी चाहिए कि संसार की हर वस्तु में अपने इष्ट के दर्शन करों। ऐसा करने से परमात्मा से मिलन का मार्ग सुगम हो जाता है। इस मौके पर आचार्य महावीर शुक्ल, रजोल शुक्ल, रामसेवक, उमाकांती, मनीष कुमार, दीपक श्रीवास्तव, नीरज सिंह, पीयूष त्रिपाठी, आदित्य बाजपेई रहे।

### कंटेनर ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मारी, तीन घायल

**बिधनू।** थाने के सामने गुरुवार देर रात तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दंपति व बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों घायलों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद चालक कंटेनर समेत मौके से भाग निकला। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। कुशालपुर निवासी नीरज गुरुवार रात पत्नी रानी और 5 वर्षीय बेटी अंशिका के साथ सीएचसी में भर्ती छोटे भाई पत्नी रितिका को देखने गए हुए थे। सीएचसी से घर लौटते समय वह थाने के सामने हाईवे पार कर रहे थे। तभी नौबस्ता की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर बाइक में टक्कर मारता हुआ निकल गया। जिससे दंपति व उनकी बेटी हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से तीनों की हालत नाजुक देख डाक्टर ने हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी एसीपी घाटमपुर रंजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### चोरी की बाइक के साथ जिलाबदर अपराधी गिरफ्तार

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान ककवन चौकी इंचार्ज नदीहा कृष्ण कुमार ने एक जिलाबदर अपराधी व उसके साथी को चोरी की बाइक के साथ दबोच लिया। गुरुवार रात उच्च अधिकारियों के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी मुखबिर की सूचना पर चोरी की बाइक के साथ हरि ओम सिंह निवासी सारीगवां थाना ककवन उसके साथी राम जी उर्फ बाबूराम निवासी तुलसी नगर रसूलाबाद को गिरफ्तार कर लिया। हरिओम के विरुद्ध जिला बदर की भी कार्यवाही की गई थी। उसके विरुद्ध चोरी गुंडा एक्ट पास्को एक्ट के अंतर्गत भी मुकदमे कई दर्ज है। थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि दोनों युवक के पास से एक नई अपाचे बाइक भी बरामद हुई है। दोनों युवक आसपास के क्षेत्र में तमाम चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे थे।

### दहेज उत्पीड़न में फंसाने की धमकी पर पुलिस से शिकायत

**घाटमपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत फातिमा सिद्दीकी पुत्री फारूक सिद्दीकी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके बड़े भाई आमिर उर्फ शिबू का निकाह साजिया पुत्री साजिद के साथ बगैर दहेज के उसकी बुआ के घर रायबरेली से हुआ था। निकाह के तुरंत बाद ही किसी वकील व उसकी बहन-बहनोई शहजाद से मिलकर मेरे पिता को भद्दी-भद्दी गालियां देती थी। अब वह अपने मायके से मेरे होने वाले बहनोई को फेसबुक व इंस्टाग्राम व कॉल करके शादी न करने व धमकाकर रकम वसूलना चाह रही है। साथ ही मेरे परिवार को दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी भी दी जा रही है। पुलिस ने उक्त प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही का आशवासन दिया है।

### 25 हजार का इनामी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**बिल्हौर।** अरौल पुलिस ने शुक्रवार को अयोध्या एसटीएफ टीम के साथ मिलकर 25 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया। अरौल थाना क्षेत्र में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर बीती 14 जुलाई को एक ट्रक अचानक खराब हो गया था. ट्रक में मौजूद लोग पुलिस को आता देखकर मौके से फरार हो गए थे. पुलिस ने ट्रक से तस्करी कर ले जाए जा रहे 16 गोवंश से बरामद कर गौशाला भिजवा दिए थे और अज्ञात लोगों के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी. घटना के दो दिन बाद 1दो बदमाशों को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया था। उनका एक साथी भाग गया था। फरार अभियुक्त सुल्तानपुर जनपद के कुड़वार थाना क्षेत्र के धरावा गांव निवासी वकील पर डीसीपी वेस्ट ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

# संदिग्ध हालात में राइस मिल के श्रमिक की मौत

संवाददाता, बिल्हौर

- परिजनों के हंगामे के बाद मिल मालिक पर केस दर्ज

**अमृत विचार।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के उत्तरीपुरा कस्बे में एक राइस मिल के श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने मिल परिसर में जमकर हंगामा काटा। देर शाम पुलिस से नोकझोंक के बाद राइस मिल मालिक के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई।

शुक्रवार को पूरा स्थित एक राइस मिल में रूपउ बाग निवासी श्रमिक छोटे कई दिनों से काम कर रहा था। पत्नी राजेश्वरी के मुताबिक वह जब राइस मिल गई तो उन्होंने देखा कि संदिग्ध अवस्था में छोटे मिल के बाहर अचेत अवस्था में पड़े थे। जिसके बाद आनन-फानन उसे स्थानीय निजी क्लीनिक पर ले गए। जहां छोटे को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीण राइस मिल मालिक के विरुद्ध हंगामा करने लगे। उन पर श्रमिक की मौत का आरोप भी लगाया। देर शाम तक चले इस विवाद में पूर्व सपा प्रत्याशी रचना सिंह भी पहुंच गई और पुलिस से काफी बहस होती रही। बाद में पुलिस ने राइस मिल मालिक गोविंदा के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम के रिपोर्ट के आधार पर करने की बात कही है। मामले में थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# रैन बसेरा में चल रही बैंक को सीडीओ ने हटाने के दिए निर्देश

**घाटमपुर।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत तरगांव गांव के मजरा मोमिनपुर में रैन बसेरा की जमीन पर अवैध कब्जा कर बैंक व देसी शराब ठेका चलाने को लेकर गांव के ही मोहन सिंह चंदेल ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। मोहन सिंह चंदेल ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गाटा संख्या 3275 जो की बंजर भूमि में है। 256 में रैनबसेरा बना है। जिस पर गांव के ही हरि मदन सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने कब्जा कर बैंक आफ बड़ौदा को किराए पर उठा रखा है। रेन बसेरा से लगा हुआ मकान अरविंदर सिंह का है और उक्त रैन बसेरा का किराया वह वसूलता है। शिकायत पर सीडीओ ने पहुंचकर जांच के बाद रेन बसेरा से तत्काल बैंक हटाने की निर्देश दिए हैं।

# सड़क निर्माण में घटिया मैटेरियल लगाने पर ग्रामीणों ने किया हंगामा

संवाददाता, घाटमपुर

- पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर मौके पर पहुंचे, जांच कर उच्चाधिकारी को रिपोर्ट भेजी

**अमृत विचार।** घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत झंझा गांव को जाने वाले संपर्क मार्ग का निर्माण मानकों को ताख पर रखकर किया जा रहा है। झंझा गांव के ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना है कि घटिया सामग्री इस्तेमाल की जा रही है। सड़क निर्माण के विरोध की जानकारी मिलने पर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। निर्माण की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।

भीतरगांव विकासखंड के अंतर्गत झंझा गांव को जाने वाली सड़क जर्जर होने के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस सड़क में घटिया क्वालिटी का मैटेरियल लगाने को लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया है। पीडब्ल्यूडी विभाग के ईओ ने जांच कर कार्रवाई करने के लिए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है।

> मामले को लेकर सड़क निर्माण में मानकों को दरकिनार करने की शिकायत मिली थी। शुक्रवार को यही ने मौके पर पहुंचकर जांच की है उनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।
>
> राकेश यादव, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी

जितेन सिंह रामेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, अवध बिहारी, अजय कुमार, सहित आदि ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और कई जगहों पर सड़क उखड़ कर गायब हो चुकी थी। जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों के द्वारा की गई थी। इसके बाद पीडब्ल्यूडी विभाग की इस सड़क का निर्माण कर शुरू हुआ है। परंतु ठेकेदार की उदासीनता के चलते सड़क को सिर्फ एक औपचारिकता दी जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क को मजबूती के साथ बनाया जाए। वर्तमान में आरसीसी डालने का कार्य शुरू है। परंतु सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल नहीं की जाए। घटिया निर्माण सामग्री से सड़क कुछ दिन ही चलने वाली है।

# मस्जिद के सामने चल रही मॉडल शॉप

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर कस्बा मुख्य चौराहा ओवरब्रिज के पास मस्जिद के ठीक सामने शराब मॉडल शाप की दुकान होने का विरोध कस्बा वासियों ने किया है। मस्जिद के मौलाना ने बताया कि मस्जिद के ठीक सामने मात्र 20 मीटर की दूरी पर मॉडल शॉप संचालित है। जहां पर शराबियों का सुबह से लेकर शाम तक जमावड़ा बना रहता है। मॉडल शॉप की दुकान को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई। परंतु शिकायत पर अनदेखी की गई। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।





शराब की इसी मॉडल शॉप का हो रहा विरोध। अमृत विचार

- कई बार उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई

इतना ही नहीं मुख्य चौराहा पर मॉडल शॉप होने के चलते यहां पर निकलने वाले राहगीरों को भी भारी परेशानी के सामना करना पड़ता है। यहां पर जाम लगने का प्रमुख कारण मॉडल शाप है। लोगों का कहना है कि मूसानगर भोगनीपुर की तरफ जाने वाली महिला सवारीयों को सवारी के लिए मुख्य चौराहे पर खड़ा होना पड़ता है। वहीं पर शराबियों का जमावड़ा रहता है। शराबी आए दिन किसी न किसी से झगड़ा करने को आतुर रहते हैं। जिसको लेकर घाटमपुर के मुख्य चौराहा पर अराजकता का माहौल रहता है। दुकानदार अजय, मुन्नू, चंद्रशेखर, विनोद, जितेंद्र, दीपू, राजेश, दिनेश ने बताया कि घाटमपुर मुख्य चौराहे पर जाम लगने का कारण मॉडल शॉप है।

# कोचिंग गई छात्रा का शव रेलवे ट्रैक पर मिला

संवाददाता, चौबेपुर

- पुलिस ने कहा, ट्रैक पार करने के दौरान छात्रा ट्रेन की चपेट में आ गई

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पनऊपुरवा गांव के सामने रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार सुबह छात्रा का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा देख इलाकाई लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। करीब दो घंटे बाद मृतका की शिनाख्त हो जाने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

शुक्रवार सुबह क्षेत्र के पनऊपुरवा गांव के सामने झाड़ियों के मध्य रेलवे ट्रैक पर किशोरी का अर्धनग्न अवस्था में शव पड़ा देख मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा शिनाख्त के प्रयास कराए जाने के दौरान मृतका की पहचान क्षेत्र के महराजपुर गांव निवासी अरशद अली की 17 वर्षीय पुत्री के रूप में हुई। जिसके बाद घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे मृतका के पिता अरशद अली ने पुलिस को बताया कि बेटी सुबह घर से मंधना स्थित कोचिंग जाने के लिए निकली थी। अरशद अली व उसकी पत्नी दोनों विकलांग हैं। दो बच्चों में यह बड़ी थी। अरशद ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। घटना से परिजनों का रो-रोकर हाल-बेहाल हो गया।

प्रभारी निरीक्षक राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि छात्रा का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला है। आशंका है कि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान छात्रा ट्रेन की चपेट में आ गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगी।







**सम्मान** समारोह में विधायक ने पूर्व शिक्षकों को शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया

# पूर्व शिक्षक हमारे समाज की महत्वपूर्ण धरोहर

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन के आलियापुर स्थित एक निजी विद्यालय में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कानपुर नगर की ककवन इकाई तत्वावधान में शैक्षिक उन्नयन एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

विधायक बिल्हौर राहुल बच्चा सोनकर एवं प्रमुख वक्ता शैलेन्द्र द्विवेदी ने दीप जलाकर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कहा गया कि पूर्व शिक्षक समाज की बड़ी धरोहर हैं। उनके अनुभव का लाभ नई पीढ़ी के शिक्षकों को जरूर लेना चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षक अमृत लाल पाल एवं शकुंतला देवी को विधायक ने शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।



पूर्व शिक्षक को सम्मानित करते विधायक राहुल बच्चा सोनकर। अमृत विचार

इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी बच्चों एवं उत्कृष्ट विद्यालयों को भी प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देकर विधायक द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आदित्य द्विवेदी मंडलीय मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक संघ द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। अजय यादव ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस मौके पर जनपद प्रभारी चंद्रदीप यादव ने संगठन की ओर से 21 विद्यालयों को पुस्तकालय किट देने की घोषणा की।

शैलेन्द्र अवस्थी संगठन मंत्री, राहुल मिश्र महामंत्री माध्यमिक संवर्ग अम्बरीष शुक्ल, अजय कटियार, अलका गुप्ता ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन अनुराग पाण्डेय ने किया। ब्लॉक अध्यक्ष अनिल राय द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।

इस मौके पर ब्लॉक पदाधिकारी नरेंद्र, शशांक, शाम कुमार, विकास शर्मा, संजय, सुनील कुमार, प्रेम पाल, नीति नेहरू, कामायनी शर्मा, शीला गौतम साहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत डोड्वा जमौली वि0 ख0- शिवराजपुर कानपुर नगर

पत्राकं मेमों/ प0 रा0 वि0आ0/पन्द्रहवा.वित्त/.मनरेगा/ निविदा/2024–25 दिनांक 17/10/2024

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत डोड्वा जमौली विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोंग एव पन्द्रहवॉ वित्त आयोग व मनरेगा योजनार्न्तगत वित्तीय वर्ष 2024–25 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 29/10/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 29/10/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 19/10/2024 से दिनांक 28/10/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत लाख रू0 में | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक विद्यालय मकरन्द निवादा में ऑगनवाडी केन्द्र का निर्माण ( मनरेगा + वित्त आयोग + ICDS ) | सीमेन्ट, गिटटी, मौरंग,बालू, ईटा पुटटी पेन्ट ऑल सामग्री आदि | 11.84 | 00 | 3 माह |
| 2 | प्राथमिक विद्यालय डोड्वा जमौली में ऑगनवाडी केन्द्र का निर्माण ( मनरेगा + वित्त आयोग + ICDS ) | सीमेन्ट, गिटटी, मौरंग,बालू, ईटा पुटटी पेन्ट ऑल सामग्री आदि | 11.84 | 00 | 3 माह |
| 3 | आर.सी.सी. रोड से प्राथमिक विद्यालय मकरन्द निवादा तक नाली कार्य। | इन्क्लूड बिल के अनुसार | 2.50 | 00 | 2 माह |

नियम व शर्तेः–

1–उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कार्य कराये जायेगे।

2–निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 28/10/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।

3– निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

4– दिनांक 29/10/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस मे यह कार्य सम्पन्न होगा।

5– निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा। 6– बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

7– आवश्यकतानुसार उक्त प्राक्कलन में स्टीमेट की लागत घट–बढ सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत– डोड्वा जमौली
शिवराजपुर कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत– डोड्वा जमौली
शिवराजपुर कानपुर नगर

## एक नजर

### युवती की गुमशुदगी दर्ज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी करीब पच्चीस वर्षीय युवती बीते बुधवार को घर से किसी काम से निकली थी। देर शाम तक घर वापस न होने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। गुरुवार को युवती के चाचा अशोक ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश ही जा रही है।

### जेल भेजा गया वारंटी

**रूरा।** थाना क्षेत्र के सरगांव खुर्द का रहने वाला शिवपाल चोरी के मामले में काफी समय से फरार चल रहा था। शुक्रवार को दरोगा चैनपाल ने उसे क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

### कोर्ट के आदेश पर लूट की रिपोर्ट दर्ज

**शिवली।** एक वर्ष पूर्व हुई मारपीट व लूट की घटना कोर्ट के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ दर्ज की गई है। शिवली कोतवाली के कंजरडेरा भेवान के रहने वाले सत्यप्रकाश ने पुलिस को बताया कि गांव के लालाराम व थाना रसूलाबाद सिठऊपूर्वा गांव के रजपाल गांव में उसकी मां की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इसी खुन्नस के चलते पिछले वर्ष 23 अक्टूबर को स्कूटर में टक्कर मारकर गिरा दिया और गले में पड़ी चेन व जेब में पड़े आठ हजार रुपये निकाल लिए। थाना प्रभारी कृष्णानंद राय ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### महिला आयोग सदस्य 22 को सुनेंगी समस्या

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं त्वरित न्याय दिलाने के लिए घटनाओं की समीक्षा, जन सुनवाई व निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में 22 अक्टूबर को सुबह 11 बजे सर्किट हाउस माती में आयोग सदस्य अनीता गुप्ता की अध्यक्षता में जन सुनवाई की जाएगी। इसके बाद वह महिला बंदी गृह, बालिका, महिला गृह का निरीक्षण करेंगी।

### जिला पंचायत ऑडिट समिति की बैठक

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत ऑडिट समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें गत वर्षों की ऑडिट संबंधित आपत्तियों एवं उनके गुणवत्तापूर्ण अनुपालन के विषय में जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# किशोरी की हत्या में चौकी इंचार्ज सस्पेंड

## हेड कांस्टेबल को भी निलंबित किया गया, पैनल के पोस्टमार्टम में बिसरा सुरक्षित, राज्यमंत्री ने जताई थी नाराजगी

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** लापता किशोरी की हत्या के बाद शव नाले में फेंके जाने व हंगामे पर देर रात एसपी ने बाघपुर चौकी प्रभारी व शिवली कोतवाली के हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। वहीं शुक्रवार को पैनल से हुए पोस्टमार्टम के दौरान शव सड़ा होने के कारण बिसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं भारी पुलिस बल की मौजूदगी में शव का गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया।

बता दें कि कोतवाली शिवली के एक गांव से 14 वर्षीय किशोरी बीती 10 अक्टूबर को लापता हो गई थी। 17 अक्टूबर की दोपहर गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर किशोरी का शव नाला में पड़ा मिला था। पुलिस द्वारा शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने पर ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर शिवली कल्याणपुर रोड पर जाम लगा दिया था।

अधिकारियों के समझाने पर लोग शांत हुए थे। वहीं किशोरी के परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई न करने के आरोप में एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने देर रात बाघपुर चौकी प्रभारी दयानंद झा व कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल विकास तिवारी को निलंबित कर दिया। दूसरी तरफ शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद किशोरी के शव का भारी पुलिस बल के साथ गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।

इस दौरान शिवली, डेरापुर, रसूलाबाद व रूरा थाने का पुलिस भी मौके पर मौजूद रहा। वहीं किशोरी के शव का पोस्टमार्टम डाक्टरों के पैनल से कराया गया। लाश सड़ी गली हालत में होने के कारण विसरा सुरक्षित किया गया है। इधर देर रात राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने दोषी पुलिस कर्मियों पर किशोरी के परिजनों से बात करने के बाद नाराज जताई। दूसरी तरफ पुलिस पकड़े गए दो लोगों से पूछताछ कर घटना के खुलासे में जुटी है।

घटना में चार नामजद गांव के ही हैं। जिसको लेकर पुलिस सतर्कता बरत रही है। शिवली कोतवाल कृष्णानंद राय ने बताया कि घटना का शीघ्र ही खुलासा किया जाएगा।


मृतक किशोरी के परिजनों से मिलती राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार


किशोरी के अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद फोर्स व लोग। अमृत विचार

### हत्या में दो सगे भाई भी नामजद

- किशोरी के हत्या के मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मृतका की मां ने सगे भाई सचिन व मिलन को नामजद आरोपी बनाया है। जबकि दो अन्य राजाबाबू व प्रेम पर भी घटना में शामिल होने का आरोप है। फिलहाल पुलिस दो पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के साथ ही अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

### आठ दिनों में एक किमी भी नहीं कर पाए तलाश

- शिवली। पुलिस ने आठ दिनों से गायब किशोरी का पता लगाने में बड़ी लापरवाही बरती। गांव के लोगों ने बताया कि पुलिस चौकी से किशोरी के गांव की दूरी मात्र एक किलोमीटर के करीब है। इसके बावजूद चौकी पुलिस किशोरी को आठ दिन तक तलाश नहीं कर पाई। जबकि किशोरी की मां ने 12 अक्टूबर को तहरीर दी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को पकड़ कर छोड़ दिया था।

# सवा लाख प्रवासियों के सत्यापन में मिले 2877

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- दस्तावेजों के साथ संबंधित तहसील के आपूर्ति कार्यालय से बनवाएं कार्ड

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर प्रवासी श्रमिकों का सत्यापन कर राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में कुल 1.25 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिकों का पिछले दिनों सत्यापन किया गया। जिसमे केवल 2877 ही मौके पर मिले हैं। जिनके कार्ड जारी किए गए हैं।

जनपद में राशन कार्ड से वंचित 1.25 लाख 639 प्रवासी श्रमिकों का पिछले दिनों सत्यापन कराया गया है। जिनमें में अभी तक 2877 प्रवासी श्रमिकों के राशन कार्ड जारी किये जा चुके है। सत्यापन के दौरान 1.15 लाख 367 प्रावासी श्रमिक मौके पर उपस्थित नहीं पाए गए हैं। ऐसे में उनके राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं।

जनपद में प्रवासी श्रमिकों के सत्यापन का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। विभाग द्वारा सूचित किया है कि ऐसे प्रवासी श्रमिक जो राशनकार्ड के लिए पात्र हैं और सत्यापन के दौरान न मिल पाने के कारण राशन कार्ड से वंचित रह गए हैं। वह प्रवासी श्रमिक अपना राशन कार्ड बनाए जाने के लिए आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, बैंक पास बुक व अपने मोबाइल नंबर के साथ संबंधित तहसील के आपूर्ति कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। जहां उनका राशन कार्ड जारी किया जाएगा।

इस कार्य में किसी प्रकार की जानकारी या समस्या निस्तारण के लिए संबंधित प्रवासी श्रमिक अपनी नजदीकी सरकारी उचित दर दुकान के संचालक, तहसील के आपूर्ति कार्यालय या जिला पूर्ति कार्यालय में संपर्क कर सकते है। इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर विभागीय दूरभाष नंबर 7839564644, जिला पूर्ति अधिकारी के सीयूजी नंबर 7839564647 पर भी संपर्क कर समस्या का निस्तारण कराया जा सकता है।


मूसानगर स्थित पौराणिक देवयानी सरोवर। अमृत विचार


देवयानी सरोवर के घाट की सफाई करते कर्मी। अमृत विचार

# देवयानी सरोवर में करवाचौथ पर होगा दीपदान

संवाददाता मूसानगर

- सरोवर की साफ-सफाई व रंगाई पुताई का काम शुरू

**अमृत विचार।** कस्बे के मध्य देवयानी सरोवर में करवाचौथ पर परंपरागत तरीके से आयोजित होने वाले दीपोत्सव के साथ रात में लगने वाले मेला की तैयारियां जोरों पर चल रही है। देवयानी सरोवर की साफ-सफाई व रंगाई पुताई का काम किया जा रहा है।

शुक्रवार को ईओ संजय कुमार पटेल ने बताया कि करवाचौथ पर अर्घ्य के बाद देवयानी सरोवर में भव्य दीपोत्सव का कार्यक्रम होगा। चतुर्भुजाकार सरोवर के चारों ओर सुंदर इलेक्ट्रिक लाईटों से सजावट की जाएगी। दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जय मां काली देवी सेवा समिति द्वारा किया जाएगा। सरोवर तट के एक छोर रामलीला और दूसरे छोर पर प्रेम नाट्य परिषद द्वारा सांस्कृतिक नाटक का मंचन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवयानी सरोवर स्थित रामलीला में सीता स्वयंवर व परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन कलाकार करेंगे। प्रेम नाट्य परिषद के अध्यक्ष विजय शंकर आर्य ने बताया कि सांस्कृतिक नाटक का मंचन कलाकारों द्वारा किया जाएगा। करवा चौथ पर क्षेत्रीय गांवों के अलावा दूर दूर से लोग दीपोत्सव कार्यक्रम देखने आते हैं और मेले का लुफ्त उठाते हैं। तालाब की पक्की सीढ़ियों में कई हजार दीपक जलाए जाते हैं। जिसकी छटा देखते बनती है। दीप प्रज्ज्वलित होते ही मेले का शुभारंभ हो जाता है। करवा चौथ पर महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए व्रत रख कर पूजा करतीं हैं। चंद्रमा का दर्शन होते ही लोगों की भीड़ सरोवर तट पर जुटना शुरू हो जाती है। दीपदान के बाद महिलाएं व पुरुष देवयानी सरोवर की परिक्रमा कर मनौतियां मानते हैं।

# क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर बताकर ठग लिए 1.17 लाख रुपये

**रूरा।** भटौली निवासी एक शख्स के साथ फोन पर क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताकर 1.17 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। पीड़ित ने थाने में शिकायत की है।

भटौली निवासी पारस तिवारी ने थाना रूरा में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गुरुवार को अंजान नंबर से फोन आया और उसने अपने आप को क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर बताते हुए कहा कि उसका नंबर गलत पर लिंक हो गया। यह साइट प्रतिबंधित पाई गई है। पुलिस उसके पास आ रही है और गिरफ्तार कर ले जाएंगी। उसने झांसे में लेकर बताए गए खाते में एक लाख सत्रह हज़ार 499 रुपये डलवा लिए। बाद में उसे ठगी का अहसास हुआ। थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि मामला साइबर क्राइम का है। जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप


जागरूक करती नुक्कड़ नाटक टीम। अमृत विचार

### एक पहल-112 के बाबत दी जानकारी

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के इंटर कॉलेज के पास मुख्य मार्ग के किनारे पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान एक पहल 112 के अंतर्गत रामश्री राजाराम सेवा समिति के सुशील कुमार, मुक्तेश्वर ओझा, अनुराग कुशवाहा, पवन, हर्ष, गुड़िया आदि कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक किया। बताया गया कि घरेलू हिंसा, साइबर क्राइम, छेड़छाड़, दुर्घटना आदि समस्या पर यूपी 112 डायल कर पुलिस को सूचना दें।

### राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर में 22 को रोजगार मेला

**कानपुर देहात।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा पुरूष व महिला बेरोजगारों के लिए 22 अक्टूबर को राजकीय महाविद्यालय अकबरपुर में सुबह 10 :30 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियां डाटा एंट्री, स्टोर सुपरवाइजर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सोलर टेक्निशियन, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, एसोसिएट एंड प्रोडक्शन ऑपरेटर, फील्ड एक्जीक्यूटिव, आईटीआई फिटर, मैकनिक, इलेक्ट्रीशियन आदि पदों के लिए प्रतिभाग कर रही हैं। इस रोजगार मेले में आईटीआई, नान आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक उर्तीण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। मेले में आए अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजियन भी किया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी को अपने शैक्षिक प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति लानी होगी। सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित नवीन पोर्टल पर जॉब सीकर, नियोजक एवं संस्थान के पंजीयन की व्यवस्था है।

### लाभार्थियों को निःशुल्क मिलेंगे दो एलपीजी सिलिंडर

**कानपुर देहात।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभांवित लाभार्थियों को दो नि :शुल्क एलपीजी सिलिंडर रिफिल देने के निर्देश हैं। जिसके क्रम में जनपद के सभी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को हेतु सूचित किया जाता है कि वह दो नि :शुल्क सिलिंडर वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसंबर 2024 तथा द्वितीय चरण माह जनवरी 2025 से मार्च तक प्राप्त कर सकते हैं। उपभोक्ता दर से भुगतान कर 14 .20 किग्रा का सिलिंडर रिफिल प्राप्त करेगा। जिसके तीन से चार दिन के बाद सब्सिडी लाभार्थी के आधार प्रमाणित बैंक खाते में संबंधित ऑयल कंपनी भेजेगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों का आधार कार्ड बैंक खाते से लिंक होना अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर लाभार्थी संबंधित गैस एजेंसी, तहसील आपूर्ति कार्यालय, जिला पूर्ति कार्यालय या विभागीय दूरभाष संख्या 7839564644 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।


यमुना में मछलियों का शिकार करता शिकारी। अमृत विचार

### यमुना में हो रहा मछलियों का अवैध शिकार

**सिकंदरा।** रोक के बावजूद ठेकेदार यमुना नदी में मछलियों का अवैध शिकार करा रहे हैं। जबकि जिला प्रशासन द्वारा मछली पकड़ने का अभी तक ठेका नहीं किया गया है। जिससे सरकार को लाखों रुपये राजस्व की चपत लग रही है। अमराहट थाना क्षेत्र के गोहानी, भुपैयापुर, महेशपुर, बैजामऊ व घटापारा मंदिर के समीप मछलियों का अवैध शिकार किया जा रहा है। बिहार के राहुल व मन्नी शिकारी ने बताया कि वह लोग दो ठेकेदारों के कहने पर यमुना नदी में मछलियों का शिकार कर रहे हैं। ठेकेदारों ने ही उन्हें नाव उपलब्ध कराई है। शाम ढलने से लेकर सुबह तक शिकार करने के बाद वह मछली लेकर वह नदी के उस पार चले जाते हैं। जहां ठेकेदार आकर मछलियों को सिरसा के रास्ते जालौन में जाकर बेंच देते हैं। इसके बावजूद मत्स्य पालन विभाग के जिम्मेदार कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसे में पट्टा न उठने से सरकार को राजस्व का चूना लग रहा है। इस संबंध में मस्त्य इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि यमुना नदी में मछलियों का अवैध शिकार होने की जानकारी प्राप्त हुई है। मौके पर जाकर शिकारियों को पकड़कर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक से गिरी महिला को डीसीएम ने कुचला, मौत

**पुखरायां।** हाईवे पर अचानक बाइक से गिरी महिला को पीछे से आ रही डीसीएम ने कुचल दिया। हाईवे पेट्रोलिंग वाहन महिला को सीएचसी ले गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। गजनेर के मो. मुस्तफा ने बताया कि कानपुर नगर के थाना नरवल के पालीखुर्द मोहाल की रहने वाली सास रहीश (55) को बाइक में बैठाकर वह कालपी रिश्तेदारी में जा रहे थे। तभी भोगनीपुर पुल के पास झांसी-कानपुर हाईवे पर बाइक से महिला गिर गई और पीछे से आ रही डीसीएम ने उन्हें कुचल दिया। हाईवे पेट्रोलिंग वाहन के कर्मचारी महिला को सीएचसी ले गए। जहां डॉ. सौरभ ने मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी होने पर परिजनों में मातम छा गया और मृतका की बेटी रजिया, रिहाना आदि का रो रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# डीएलएड प्रशिक्षु करेंगे निपुणता का आकलन

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- 80 प्रतिशत परिषदीय स्कूलों को निपुण बनाने का लक्ष्य

**अमृत विचार।** डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा आगामी दिसंबर व फरवरी माह में परिषदीय विद्यालयों की निपुणता का आकलन किया जाएगा। शासन से 80 प्रतिशत परिषदीय विद्यालयों को निपुण बनाने का लक्ष्य मिला है।

निपुण विद्यालय बनाए जाने के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने कार्य योजना जारी कर दी है। बीएसए को विद्यालयों में विद्यार्थियों की न्यूनतम उपस्थिति 80 प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश मिले हैं। साथ ही कहा गया है कि पाठ्यपुस्तकों में उल्लिखित मासिक विभाजन के अनुसार कक्षावार व विषयवार पाठ्यक्रम प्रत्येक माह अवश्य पूर्ण कराए जाएं। शिक्षण अधिकगम प्रक्रिया के दौरान शिक्षकों द्वारा बच्चों की समझ व प्रगति का भी आकलन कराया जाए। प्राप्त परिणामों के आधार पर कक्षावार निपुण तालिका तैयार की जाए। आवश्यकतानुसार पुनरावृत्ति व रिमेडियल कक्षा चलाई जाएं। डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा विद्यालयों का मूल्यांकन किया जाएगा। विद्यालय में 89 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों के निपुण पाए जाने पर विद्यालय को निपुण घोषित किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने पत्र जारी कर सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# सुमेरपुर के ग्राम सचिवालय में सुविधाओं का टोटा


पंचायत घर के शौचालय में गंदगी।

संवाददाता संदलपुर

**अमृत विचार।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत हवासपुर के मजरा सुमेर का पुरवा में निर्मित ग्राम सचिवालय दिखावा बनकर रह गया है। जिससे लोगां को सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर ग्रामीणों की सहूलियत के लिए ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय का निर्माण कराया। यहां सचिवालय में ग्रामीणों के ऑनलाइन एवं अन्य डिजिटल कार्य की सुविधा नहीं है। जिससे ग्रामीणों को आय, जाति, निवास एवं अन्य डिजिटल कार्यों में सहूलियत नहीं मिल पा रही है।

नियुक्त पंचायत सहायक कभी भी ग्राम सचिवालय में नहीं बैठती है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इंटरनेट व कंप्यूटर सिस्टम नहीं दिया। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।


पंचायत घर के चारों तरफ फैली गंदगी। अमृत विचार

- ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा लाभ, करते भागदौड़

पंचायत सहायक अर्चना निषाद का कहना है पंचायत घर में न तो बिजली की व्यवस्था है न ही इंटरनेट व कंप्यूटर सिस्टम है। शौचालय की स्थिति तो बहुत ही खराब है। गंदगी भी रहती है।

इस बाबत डीपीआरओ विकास पटेल द्वारा बताया कि जल्द ही पंचायत घर स्थिति को ठीक कराया जाएगा। साथ ही पंचायत घर में इंटरनेट व कंप्यूटर सिस्टम की सुविधा बहुत जल्द ही कराई जाएगी।

**मुसीबत** मैथा के बजाय दोनों गांवों के लोग जा रहे रसूलाबाद, 1 साल से ज्यादा बीत जाने के बाद नहीं मिल रही सुविधा

# काशीपुर की रजिस्ट्री को रसूलाबाद तक दौड़

संवाददाता शिवली

**अमृत विचार।** मैथा तहसील में उपनिबंधक कार्यालय में दो राजस्व गांवों काशीपुर मध्य व काशीपुर पश्चिम की रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। रजिस्ट्री कराने के लिए ग्रामीणों को रसूलाबाद तहसील की दौड़ लगानी पड़ रही है।

मैथा तहसील वर्ष 2016 से संचालित है। जिसके अंतर्गत 122 राजस्व गांव है। तहसील में जुलाई 2023 में उपनिबंधक कार्यालय की शुरुआत हुई थी। उसी समय से राजस्व गांव काशीपुर मध्य व काशीपुर पश्चिम की रजिस्ट्री मैथा में नहीं हो रही है। इन दोनों गांव के लोगों को पहले की तरह रसूलाबाद की दौड़ लगानी पड़ रही है। हालाकि रजिस्ट्री के अलावा सभी काम मैथा तहसील में ही होते हैं। महामंत्री लायर्स एसोसिएशन तहसील मैथा कुलदीप तिवारी ने बताया कि रजिस्ट्री कराने के लिए काशीपुर मध्य व पश्चिम के ग्रामीणों को रसूलाबाद तक की दौड़ लगानी पड़ रही है। जिससे समस्या होती है।

इस बाबत एआईजी स्टांप अशोक कटारिया से इस बाबत जानकारी के लिए कई बार मोबाइल पर संपर्क किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।


मैथा तहसील के रजिस्ट्री कार्यालय की दीवार में दर्ज सूची। अमृत विचार

### बोले जिम्मेदार

"सब रजिस्टार के अवकाश पर होने पर कामकाज देखरेख रहे है। इन गांवों के बारे में जानकारी नहीं है।

-सुशील श्रीवास्तव प्रभारी उपनिबंधक तहसील मैथा

राजस्व गांव काशीपुर मध्य व पश्चिम में आबादी का हिस्सा है। साथ ही कम किसान हैं।

-नंदकिशोर कानूनगो"



काशीपुर मध्य व पश्चिम गांवों को मैथा तहसील में रजिस्ट्री के लिए शीघ्र अधिसूचित किया जाना चाहिए। जिससे लोगों को भागदौड़ न करनी पड़े।

-हेमंत सिंह उर्फ हेमू समाजसेवी



-पहले किसान मैथा तहसील में कागजात जुटाते हैं। इसके बाद रसूलाबाद रजिस्ट्री कराने के लिए जाना पड़ता है। जिससे दिक्कत होती है।

-शारदा शुक्ला अधिवक्ता

# तीन दिन से किसान लापता जताई अनहोनी की आशंका

संवाददाता शिवली

- सरसों की बुआई की बात कहकर 16 को घर से निकला था किसान

**अमृत विचार।** खेत में सरसों की बुआई की बात कहकर बुधवार की सुबह निकला किसान अचानक लापता हो गया। परिजनों ने गुरुवार को उसकी गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस गायब किसान की तलाश में गांव के आसपास कांबिंग कर तलाश कर रही है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताई है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र की बाघपुर चौकी के जुगराजपुर बिठूर गांव की मालती दिवाकर ने पुलिस को बताया कि पति ओमप्रकाश दिवाकर उर्फ गुड्डू (40) बीती 16 अक्टूबर की सुबह 9 बजे पांडव नदी के पास खेत मंन सरसों की बुआई कराने की बात कहकर नन्हा यादव की साइकिल लेकर गए थे। उन्होंने बताया कि कमल मिश्रा के ट्रैक्टर से खेत में बुआई होनी है। शाम तक ओमप्रकाश न खेत पर पहुंचे और न ही घर वापस आए। इसपर परिजनों ने नन्हा यादव व ट्रैक्टर चालक से जानकारी की तो दोनों गोलमोल जवाब दे रहे हैं। किसान के बड़े भाई विनोद ने अनहोनी की आशंका जाहिर की है। भाऊपुर चौकी प्रभारी ने फोर्स के साथ शुक्रवार को नदी किनारे व खेतों के आसपास तलाशी अभियान चलाया। हालाकि लापता किसान का पता नहीं चल पाया है।


लापता किसान की तलाश करते पुलिस कर्मी व ग्रामीण।

# फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए दो दर्जन बाराती, भर्ती

## बारात के लौटने पर घर में बना भोजन खाने के बाद हुए बीमार

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव




अस्पताल में भर्ती फूड प्वाइजनिंग की शिकार महिलाएं व बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारात वापस लौटने पर वर पक्ष के घर दोपहर का भोजन करने के बाद अचानक परिवार के दो दर्जन सदस्य व रिस्तेदार बीमार हो गए। बीमार लोगों में से 9 को गंजमुरादाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि कई का अन्य सरकारी व निजी अस्पतालों में इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई है। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव बल्लापुर निवासी दीपचंद के बेटे मोहित की बारात बीते मंगलवार को हरदोई के थाना व गांव कासिमपुर गई थी। जहां से बुधवार को बारात लौटी थी। वर पक्ष के अनुसार बुधवार को घर की महिलाओं द्वारा दाल, चावल, रोटी व दहीबड़ा आदि पकाया था। वही भोजन परिवार के सदस्यों और रिस्तेदारों ने किया था। इसके बाद शाम को अचानक करीब

- 9 को गंजमुरादाबाद पीएचसी और बाकी को अलग-अलग अस्पतालों में कराया गया भर्ती

दो दर्जन लोगों को उल्टी-दस्त के साथ पेट दर्द शुरू हो गया। बीमार लोगों ने उसी दिन गुरुवार को गांव में ही इलाज कराया। किंतु उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद शुक्रवार को परिजन 9 लोगों को गंजमुरादाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज जारी है। जबकि अन्य को सीमावर्ती कस्बा मल्लावां के सरकारी व निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत में सुधार हो रहा है। डॉक्टर ने फूड प्वाइजनिंग की आशंका जताई है सभी को खतरे से बाहर बताया है।

### ये लोग हुए बीमार

**बांगरमऊ।** बीमार लोगों में ज्योति (19) पत्नी मोहित, मालती (26) पत्नी राहुल, नीतू (20) पुत्री चंद्रकांत, मीना (40) पत्नी महेश कुमार, रेखा (16) पुत्री दीपचंद, मोनिका (16) पुत्री नंदकुमार, सोनम (22) पत्नी रोहित कुमार, साक्षी (16) पुत्री महेश कुमार, अमित (18) पुत्र दीपचंद को गंजमुरादाबाद के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पोस्टर प्रतियोगिता में शामिल एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

# पोस्टर प्रतियोगिता में कैडेट्स ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** स्थानीय महात्मा गांधी इंटर कालेज में भारतीय नदियां संस्कृतियों की जननी शीर्षक पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में 33 एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रुप हेड क्वार्टर कानपुर द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाए कैडेट्स का चयन कर सम्मानित किया जाएगा।

यूपी बटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल विवेक पांडेय के निर्देशन में महात्मा गांधी इण्टर कॉलेज सफीपुर में आयोजित भारतीय नदियां संस्कृतियों की जननी शीर्षक पर एन सी सी कैडेट्स की पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमे 33 कैडेट्स ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए नदियों के प्रवाह, उनकी स्वच्छता के प्रोत्साहन वाले पोस्टर बनाए। इस अवसर पर कला प्रवक्ता राकेश कुमार ने कहा कि नदियां भी देश की लाइफ लाइन होती है । कैप्टन सुभाष चन्द ने बताया कि बनाए गए सभी पोस्टर ग्रुप हेड क्वार्टर कानपुर भेजे जा रहे है। जहां प्रथम, द्वितीय व तृतीय का चयन किया जाएगा। चयनित कैडेट्स को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया जाएगा। राकेश कुमार के अलावा अंडर आफिसर नरेंद्र, सार्जेंट विशाल, अभिषेक, आदित्य पांडेय, युवराज आदि मौजूद रहे।

# पिता-पुत्र सहित 4 को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



**अमृत विचार।** बारासगवर थानाक्षेत्र में प्रेम प्रसंग से नाराज पिता ने अपने बेटे, भाई व भतीजे की मदद से बेटी पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसकी हत्या कर गुनाह छिपाने के लिए शव गंगा नदी में फेक दिया था। इस सनसनी खेज केस की अंतिम सुनवाई पूरी होने बाद कोर्ट ने पिता-पुत्र व भाई-भतीजे को दोषी ठहराते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है।

बारासगवर थानाक्षेत्र के पचासा गांव निवासी शिवशंकर ने 28 अगस्त-2015 को रिश्ते में लगने वाले साढ़ू व चचेरे भाई रामप्रताप यादव, उसके भाई रणवीर, रामप्रताप के बेटे सिंधराज व भतीजे बिंदेश पर रामप्रताप की नाबालिग बेटी बीना को गायब करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि पड़ोसी रामप्रताप की बेटी बीना का किसी युवक से प्रेम-प्रसंग था। इसकी जानकारी किसी तरह किशोरी के परिजनों को हो गई थी। आक्रोशित राम प्रताप यादव ने अपने बेटे सिंधराज भाई रणवीर व भतीजे बिंदेश के साथ मिलकर 24 अगस्त-2015 की रात बीना की पिटाई करने के बाद उस पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा दी थी। इलाज के लिए एक कार में डालकर ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी। पुलिस को सूचना दिए बिना बेटी के शव को गंगा में फेंक दिया था। पुलिस ने जाल डालकर शव खोजने का काफी प्रयास किया था लेकिन इसमें उसे सफलता नहीं मिली थी। तत्कालीन एसओ श्रीकांत द्विवेदी ने 29 अगस्त-2015 को चारों आरोपियों पर हत्या की धारा बढ़ाते हुए 30 अगस्त-2015 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 27 जुलाई-2016 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल हुई थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। जिसमें साक्ष्य के आधार पर एडीजे रवि प्रकाश साहू ने रामप्रताप यादव, रणवीर, सिंधराज व बिंदेश को ऑनर किलिंग का दोषी मानते हुए उम्र कैद के आदेश दिये हैं।

### दिव्यांग युवती से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा

**उन्नाव।** दिव्यांग युवती से दुष्कर्म करने वाले युवक को कोर्ट ने दोषी ठहराते हुए 10 साल की सजा सुनाई है। आसीवन थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी दिव्यांग युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि जब वह खेत में चारा काट रही थी तभी गांव के गोपाल पासी ने उससे दुष्कर्म किया था। इसकी जानकारी उसने अपने परिजनों को दी। इसके बाद गोपाल अक्सर मौका देखकर उससे दुष्कर्म करने लगा था। उसने पुलिस से इसकी शिकायत करने की ठानी तो इसकी भनक पाकर गोपाल के पिता शिवरतन व गोविंद उसे वकील के पास ले गए और शादी के नाम पर सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए थे। पीड़िता ने 22 अगस्त-2018 को आसीवन थाना में इसकी शिकायत की तो तत्कालीन एसओ ने आरोपी को बुलाया और सुलह करा दी थी। लेकिन जब वह गोपाल के घर पहुंची तो उसके परिजनों ने उसे घर से भगा दिया था। जिस पर 22 दिसंबर-2018 को रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने गोपाल को जेल भेज दिया था। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे रविप्रकाश साहू ने शासकीय अधिवक्ता मनोज पांडेय की दलील व साक्ष्य के आधार पर गोपाल को 10 साल की सजा सुनाई है।

# मिट्टी डालकर रोका सई नदी पर जाने वाला मार्ग

संवाददाता औरास उन्नाव



पीडब्ल्यूडी द्वारा रोड पर डाली गई मिट्टी।

**अमृत विचार।** पीडब्ल्यूडी ने संडीला-चकलवंशी मार्ग पर स्थित सई नदी के जर्जर पुल के मरम्मत को गति देने के लिए और वाहनों को रोकने के लिए जेसीबी से डामरीकृत रोड पर मिट्टी खोदकर डाली है। जबकि रोड पर संकेतक नहीं लगाए गए। औरास कस्बा के पास निकली सई नदी के जर्जर पुल की मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसे गति देने के लिए पीडब्ल्यूडी ने नया तरीका निकालकर जेसीबी से चकलवंशी मार्ग पर पुल के पास की मिट्टी खोद कर रोड पर डाली जा रही है। जबकि पुल के पहले संकेतक न लगाकर नई प्रक्रिया के तहत काम शुरू कर दिया है। जिससे वाहन पुल के पास तक पहुंच रहे हैं। जेसीबी चलवाने की शिकायत जिलाधिकारी गौरांग राठी से करते हुए अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने मामले को दिखवाने के लिए एक्सईएन सुबोध कुमार को आदेश दिये। एक्सईएन ने बताया कि मिट्टी तो हमे ही डलवानी है। खुदाई की जा रही है और उसे फिर खराब होने पर सही कराया जाएगा।

# मधुमक्खियों के हमले से युवक गंभीर, रेफर



**गंजमुरादाबाद।** कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव जगटापुर निवासी सत्यम (25) पुत्र अमर सिंह शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे पैदल अपने खेत पर जा रहा था। तभी रास्ते में मधुमखियों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। मधुमखियों के हमले से सत्यम चीखने लगा। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान दौड़े और उसे किसी तरह बचाकर इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे गंभीर देख बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

# लूट के आरोपी के घर कुर्की की नोटिस चस्पा कर कराई मुनादी

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



कुर्की की नोटिस चस्पा करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने गांव पंचू पुरवा की लूट में फरार चल रहे इनामी बदमाश के खिलाफ अदालत से कुर्की की कार्रवाई तेज कराई है। शुक्रवार को पुलिस द्वारा लुटेरे के घर पर कुर्की की नोटिस चस्पा कर मुनादी कराई।

कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग स्थित गांव पंचू पुरवा निवासी ट्रांसपोर्टर प्रियांशु गुप्ता के घर हुई लूट की घटना में पुलिस ने दो लुटेरों अंशु पाल और अभिषेक पाल निवासी बांगरमऊ को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने के बाद उन्हें कोर्ट भेज दिया गया था। जबकि दो लुटेरे संजीत यादव और धीरेन्द्र बाबा कोर्ट में आत्म समर्पण कर चुके हैं। घटना में शामिल ग्राम रबड़ी निवासी अनुज पाल अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका था। पुलिस फरार चल रहे अनुज पाल पर 25 हजार का इनाम भी घोषित कर चुकी है। शुक्रवार को कोतवाल राजेश पाठक और क्राइम इंस्पेक्टर नईम खां के नेतृत्व में ग्राम रबड़ी पहुंचे पुलिस बल ने लुटेरे के घर पर संपत्ति कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया। साथ ही पुलिस ने लाउडस्पीकर के जरिए कुर्सी नोटिस की उद्घोषणा भी कर दी। पुलिस के अनुसार यदि वांछित लुटेरा जल्द पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया तो उसके घर की समस्त चल संपत्ति कुर्क कर ली जाएगी।

# मवेशी को गौशाला छोड़ने जा रहे युवकों को पीटा

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव



**अमृत विचार।** लोडर से अन्ना गोवंश छोड़ने गए दो लोगों को ग्रामीणों ने चोर समझ धुन दिया। ग्रामीणों ने लोडर के टॉयरों की हवा भी निकाल दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव हसनापुर निवासी विपिन सहित दो लोग लोडर से अन्ना गोवंश छोड़ने बीते गुरुवार पड़ोसी गांव तमोरिया बुजुर्ग जा पहुंचे। जहां पंपिंग सेट चोर समझकर ग्रामीणों ने लोडर रोक लिया और उसके टॉयरों की हवा निकाल दी। यही नहीं ग्रामीणों ने लोडर के केबिन में बैठे विपिन व उसके साथी की लात-घूंसों से पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंचे एसओ बेहटा मुजावर फूल सिंह ने किसी तरह ग्रामीणों के चंगुल से दोनों को छुड़ाकर घर भेजा। विपिन के अनुसार वह अन्ना गोवंश छोड़ने गो-आश्रय स्थल जा रहा था तभी ग्रामीण हमलावर हो गए। सुबह विपिन की तहरीर पर बेहटा पुलिस ने मारपीट में शामिल तमोरिया बुजुर्ग गांव निवासी बृजेश, रामजीवन, बुद्धा व नरेश सहित कई कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है

# पीर के बताए रास्ते पर चलने की दी सीख

संवाददाता सफीपुर (उन्नाव)



उर्स के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** क़स्बे के मोहल्ला पीरजादगान स्थित शाह ख़लील मियां की मजार पर आयोजित हो रहे 3 दिवसीय उर्स के अंतिम दिन शुक्रवार को उनकी मजार के समाखाने पर आयोजित महफ़िल व कुल पढ़कर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सज्जादानशीं वकील अहमद ने पीर के बताए इंसानियत के मार्ग पर चलने को कहा।

3 दिवसीय उर्स के दूसरे दिन जमील अहमद खलीली व अकील अहमद की मजार का ग़ुस्ल हुआ। दोपहर दो बजे से मजार के समाखाने में आयोजित महफ़िल शाम 5 बजे तक चली उसके बाद कुल के अलावा दुआ पढ़ी गई। रात्रि 8 बजे सज्जादा के आवास फातेहा पढ़ा गया जिसमें भी मुरीदों की भीड़ जुटी रात 10 बजे से सुबह नमाज तक मजार पर आयोजित महफ़िल में कव्वालों ने पीर की शान में गजलें गाई। शुक्रवार अंतिम दिन सुबह 10 बजे ग़ुस्ल हुआ 2 बजे से महफ़िल आयोजित हुई उसके बाद शाम 5 बजे शाह जमील खलीली व अकील खलीली की मजार पर कुल पढ़ कार्यक्रम का समापन हुआ। अंत मे मजार के सज्जानशी वकील अहमद पुत्तुल मियां ने आए मुरीदों को खिताब करते हुए कहा कि जिन पीर के उर्स में शिरकत करने पहुंचे उनके बताए रास्ते पर भी चलना है। इस दौरान नाज़ मियां, कफील अहमद के अलावा एसडीएम नवीन चंद्र, सीओ मायाराय, इंस्पेक्टर श्याम नारायण सिंह भी रहे।

# हर ब्लाक की 10 ग्राम पंचायतों में बनेंगे खेल मैदान

**उन्नाव।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर जिले की 16 ब्लाकों में 10-10 खेल मैदान तैयार करने का लक्ष्य दिया गया है। योजना के तहत सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने जिले के सभी बीडीओ को 14 नवंबर तक खेल मैदान तैयार करने की गाइड लाइन जारी की। शुरुआती तौर पर जनपद के हर ब्लॉक के 10 गांव में मैदान तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी इन खेल मैदानों की निगरानी भी करेंगे। खेलों के उत्थान के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसके बावजूद ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों में प्रतिभा होने के बावजूद वह आगे नही बढ़ पाते हैं। प्रतिभाओं को गांव में सुविधाएं उपलब्ध कराने के तैयार इन मैदानों में पार्क और ओपन जिम की भी व्यवस्था होगी।

# कृष्ण जन्म की लीला देख दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

संवाददाता सफीपुर उन्नाव



रासलीला में राधा कृष्ण की आरती उतारते एसडीएम नवीन चन्द्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के बाबू भगवती चरण वर्मा पार्क में सात दिवसीय रासलीला व रामलीला के प्रथम दिन गुरुवार की रात को श्रीकृष्ण जन्म लीला का मंचन किया गया। वृन्दावन के बाल कलाकारों ने लीला की मनोहारी प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। लीला की शुरुआत एसडीएम नवीन चन्द्र ने राधाकृष्ण स्वरूपों की पूजा अर्चना कर किया।

कस्बे के मोटेश्वर महादेव मंदिर समीप स्थित भगवती चरण वर्मा पार्क में वृन्दावन से आये बाल कलाकारों ने कृष्ण जन्म की लीला के साथ रासलीला का मंचन शुरू किया। रासलीला को देख दर्शक रोमांचित हो उठे। कंस के अत्याचारों, देवकी-वासुदेव को कारागार में बंद करने और कृष्ण के जन्म का नाट्य मंचन किया। श्रीयुत राधा बल्लभ रासलीला समिति के स्वामी त्रिलोक चंद्र शर्मा द्वारा श्रीकृष्ण से संबंधित कथाओं का वर्णन किया गया। लीला संयोजक व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश गुप्ता, राजू चौहान, लल्ला तिवारी, सुरेश गुप्ता, रामखेलावन गुप्ता, मंजू सिंह, गिरीश प्रसाद शुक्ला, प्रेम नारायण, पवन सोनी ने लीला में राधाकृष्ण स्वरूप की आरती उतारी। वही सुबह की पाली में नारद मोह लीला का मंचन किया गया। कार्यक्रम संयोजक संजीव गुप्ता ने बताया कि सुबह 9 बजे से 12 तक रामलीला व शाम 7 बजे 10 बजे तक रासलीला का मंचन किया जा रहा है। राजू चौहान, लल्ला तिवारी, सुरेश गुप्ता, रामखेलावन गुप्ता, मंजू सिंह, गिरीश प्रसाद शुक्ला, प्रेम नारायण तिवारी, पवन सोनी ने राधाकृष्ण स्वरूप की आरती उतारी।

### श्रीशिव महापुराण में बताया 'शिव से बड़ा न कोय'...

**उन्नाव।** श्रीशिव महापुराण कथा के तीसरे दिन शहर के पीडी नगर के एक गेस्ट हाउस में बनाए गए। आकर्षक पंडाल में शंकराचार्य जी की परंपरा के राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता विज्ञाननानंद सरस्वती जी महाराज ने शिवजी के सगुण और निर्गुण रूप का अनेकों संस्मरणों के साथ चित्रण किया।

शिवजी के निर्गुण और सगुण रूप का विवेचन करते हुये कहा कि शिवजी अकेले ही हैं, जो समस्त प्राणियों पर दया करते हैं, इस कार्य के लिये ही शिवजी सगुण रूप धारण करते हैं, जिस प्रकार अग्नि तत्त्व और जल तत्त्व को किसी रूप विशेष में रखकर लाया जाता है। महाराज श्री ने शिवजी की आराधना के साथ शहर के लोगो के लिये कल्याण एवं सौभाग्य के लिये मंगलमय् प्रार्थना की और आयोजन समिति का सहयोग इस महा अनुष्ठान में करने का आह्वान किया।

**करवाचौथ कल** — महिलाएं दिल खोलकर कर रही हैं खरीदारी, ब्यूटीपार्लर से लेकर कपड़ों की दुकानों में दिख रही रौनक

# चांद का दीदार कर पति की लंबी उम्र की कामना करेंगी सुहागिनें

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)



बड़ा चौराहा स्थित दुकान में करवा खरीदती महिलायें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुहागिन महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य की कामना के लिए करवाचौथ का पर्व रविवार को मनाएंगी। इसके लिए जरूरी वस्तुओं की खरीदारी के लिये शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं शुक्रवार को बाजार पहुंची। जहां उन्होंने पूजा के लिए आवश्यक सामान की खरीदारी की। इससे बाजार में पूरे दिन रौनक बनी रही। पर्व को लेकर व्यापारियों के चेहरे भी खिले रहे। दुकानदारों ने भी अच्छे व्यापार की उम्मीद में गुणवत्ता युक्त सामग्रियां मंगाई हैं।

शहर के धवन रोड से लेकर बड़ा चौराहा, छोटा चौराहा सहित अन्य बाजारों तक की दुकानें करवाचौथ व्रत संबंधी सामग्री से सजाई गई हैं। बाजार में नए-नए डिजाइन की चूड़ियां, हार व अन्य सामग्री उतारी गई है। करवा चौथ पूजन सामग्री सींक, मिट्टी के सजे हुए रंग बिरंगे करवा समेत फल व मिठाई आदि खरीदी। वहीं ब्यूटी पार्लर में भी महिलाओं की भीड़ रही। करवा चौथ को लेकर कपड़ा व्यवसायियों के वहां भी भीड़ देखी गई।

### करवाचौथ पर ग्रहों का महायोग है

- ज्योतिषाचार्य पं. चंद्रप्रकाश पांडेय ने बताया कि शनि कुम्भ राशि में, गुरु वृष राशि में और शुक्र वृश्चिक राशि में हैं। तीनों ग्रहों के शुभ प्रभाव से कई अच्छे संयोग बन रहे हैं। पति के भाग्योदय होंगे और बिगड़े काम बनेंगे। ज्योतिषाचार्य के मुताबिक रविवार का दिन होने से व्रती महिलाओं को भगवान गणेश का भी आशीर्वाद मिलेगा। बताया कि इस बार रोहिणी नक्षत्र में चांद का पूजन होगा। कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि रविवार शाम 7 बजकर 57 मिनट पर चांद निकलने का समय है।

### करवाचौथ व्रत की पूजा विधि

- करवाचौथ पर सूर्योदय से पहले रात में उठकर सरगी के रूप में मिला भोजन कर पानी पी लें। इसके बाद भगवान से इस निर्जला व्रत का संकल्प लें।
- करवाचौथ व्रत में महिलाएं पूरे दिन जल-अन्न ग्रहण किए बिना चांद देखने के बाद ही व्रत खोलें।
- पूजा करते समय एक मिट्टी की वेदी पर सभी देवताओं की स्थापना कर इसमें करवे रखें।
- इसके बाद एक थाली में धूप, दीप, चन्दन, रोली, सिन्दूर रखकर घी का दीपक जलाएं।
- करवाचौथ के पूजन के दौरान करवा चौथ कथा खुद भी जरूर सुनें और दूसरों को भी सुनाएं।
- चांद को छलनी से देखने के बाद अर्घ्य देकर चन्द्रमा की पूजा करनी चाहिए।
- चांद को देखने के बाद पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोलना चाहिए।
- बहुएं इस दिन सास को मिठाई, फल, मेवे व रुपये देकर उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद लेती हैं।

### इन रंगों को पहनने से करें परहेज

- सुबह करवाचौथ के व्रत का संकल्प लेते समय काले, सफेद या नीले रंग के कपड़े पहनने से बचें। इस व्रत में पूरे दिन चटख रंग के कपड़े पहनना शुभ होता है।

# करवाचौथ की सामग्री पर चढ़ा महंगाई का रंग फिर भी बाजारों में उमड़ी भीड़

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



फोरलेन पर चूरा, गट्टा व करवा की होती खरीदारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** करवाचौथ पर्व की धूम के बीच नगर के विभिन्न इलाकों में खरीदारी का जोर देखने को मिला। पति की दीर्घायु के लिए मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर फोरलेन, पोनी रोड, चंपापुरवा, श्रीनगर, मिश्रा कालोनी, नेहरू नगर, भातू फार्म, अंबिकापुरम, ऋषि नगर, आनंद नगर और गांधी नगर जैसे क्षेत्रों में दुकानों की भरमार रही।

सुबह से लेकर शाम तक महिलाओं की भीड़ ने दुकानों का रुख किया, जहां पर्व से संबंधित सामग्री की खरीदारी की गई। महंगाई के बावजूद लोग पर्व की परंपरा को निभाने के लिए आवश्यक सामान खरीदने में जुटे रहे। बाजार में मिट्टी के करवे, चूरा, गट्टा, खील, लइया और खिलौनों की बिक्री जोरों पर रही। इस साल मिट्टी का करवा 25 से 50 रुपये में बिक रहा था । करवाचौथ की पूजा के लिए थाली, लोटा, छलनी के सेट भी बाजार में उपलब्ध थे, जिनकी कीमत 200 से 350 रुपये प्रति सेट थी। महिलाएं अपने बजट के अनुसार सामान खरीदने में लगी रहीं। इस प्रकार, महंगाई की चुनौती के बावजूद, करवा चौथ की खरीदारी ने पर्व की रौनक को बरकरार रखा और दुकानदारों के चेहरे पर मुस्कान दिखी।

# सड़क हादसों में सफाईकर्मी सहित 4 की मौत, 5 घायल

○ सफाई कर्मियों ने परेशान करने का लगाया आरोप ○ एक्सप्रेस-वे पर टायर बदल रहे डीसीएम चालक को ट्रक ने रौंदा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बीघापुर ब्लाक से लौट रहे सफाई कर्मी की बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई। इसमें कर्मी की मौत हो गई और दूसरा चालक घायल हो गया। वहीं, औरास थानाक्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर टायर बदल रहे डीसीएम चालक को पीछे से आए कंटेनर ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौत हो गई और खलासी घायल हो गया। इसके अलावा आसीवन थानाक्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की जान चली गई। संबंधित थानों की पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।


अनोखे लाल।


पंकज।


एक्सप्रेस-वे पर खड़ा क्षतिग्रस्त ट्रक।

### नोटिस के निस्तारण के लिए ब्लाक मुख्यालय गया था

**उन्नाव।** लखनऊ के थाना कृष्णा नगर के मोहल्ला मानस नगर नारायण पुरी निवासी अनोखे लाल (50) पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मी था। वर्तमान में उसकी तैनाती बीघापुर ब्लाक के राजस्व गांव मीरमऊ के कुकरी में थी। गुरुवार को वह ब्लाक मुख्यालय गया था। वहां से देरशाम लौटते समय बिहार थानाक्षेत्र के तकिया चौराहा के पास उसकी बाइक की सामने से आई दूसरी बाइक से टकरा गई। इसमें घायल बाइक चालकों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने अनोखे लाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे घायल के परिजन उसे कानपुर ले गए। अनोखे की बड़ी बेटी मुस्कान की शादी तय है। 17 नवंबर को उसकी बारात आनी थी। बेटी के हाथ पीले करने से पहले ही पिता की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। वहीं, परिजनों का आरोप है कि प्रतिदिन कर्मचारी की जबरन गोवंश संरक्षण में ड्यूटी लगाई जा रही थी। इसके बावजूद भी उसे नोटिस दी जा रही थी। नोटिस के निस्तारण के लिए वह गुरुवार को ब्लाक मुख्यालय गया था।

## टायर बदलते समय कंटेनर के रूप में आ गई मौत

**औरास।** आगरा के बरहेन थानांतर्गत नेवलावेल गांव निवासी पंकज (28) डीसीएम चालक था। गुरुवार को वह फिरोजाबाद से कांच की क्रांकरी व बोतल लादकर वहीं के आलगढ़ी गांव निवासी खलासी मुनेंद्र (22) के साथ काठमांडू के लिए निकला था। तभी औरास थानांतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर रात करीब डेढ़ बजे दिपवल गांव के पास अचानक डीसीएम के दाहिने ओर के पिछले टायर में हवा कम हो गई। इस पर वह खलासी के साथ टायर बदल रहा था। तभी पीछे से अनियंत्रित कंटेनर ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर यूपीडा की एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने पंकज को मृत घोषित कर दिया। वहीं मुनेंद्र को लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

### पोस्टमार्टम कराने आए सिपाही हादसे में हुए घायल

- **औरास।** एक्सप्रेस-वे पर डीसीएम चालक पंकज की मौत के बाद औरास पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जिसके लिए थाना में तैनात सिपाही रघुवीर सिंह व अमित राजपूत की ड्यूटी लगाई गई थी। दोनों पुलिस कर्मी कागज लेकर मोर्चरी आ रहे थे तभी चकलवंशी मार्ग पर तियर माइनर के पास लोडर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। एसओ अश्वनी मिश्रा ने उन्हें पड़ोस के संडीला कस्बा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### इलाज के दौरान हुई घायल की मौत

- **उन्नाव।** हरदोई के थाना कासिमपुर क्षेत्र के जाहिदपुर गांव निवासी गिरजू (23) पुत्र संतु 12 अक्टूबर को आसीवन थानाक्षेत्र के सहजनपुर गांव निवासी बहनोई शशि कुमार के घर आया था। जहां से लौटते समय लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर सबल गढ़ी गांव के पास ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें गिरजू का कानपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। जहां गुरुवार देररात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी मौत से मां संतोषी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक लुधियाना में रहकर माली का काम करता था। वह 11 अक्टूबर को ही गांव आया था। उसकी फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में शादी तय थी और सगाई की रस्म हो चुकी थी। 17 नवंबर को तिलक व 24 नवंबर को बारात जानी थी।

### खंती में गिरने से गई जान

- **उन्नाव।** आसीवन थानाक्षेत्र के कुरसठ ग्रामीण गांव के मजरा ललईखेड़ा निवासी प्रदीप (18) पुत्र रामशंकर किसी काम से नंगा खेड़ा चौराहा गया था। जहां से लौटते समय कुरसठ संपर्क मार्ग पर राजेपुर ग्रंट गांव के सामने अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछलकर सड़क किनारे खंती में भरे पानी में गिर गया। दरोगा राजीव कुमार ने उसे बाहर निकलवाकर मियागंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्रक की टक्कर से घायल

- **बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर पतासिया के मजरा मुन्नी पुरवा निवासी इंद्रपाल पत्नी मिथिलेश (47) के साथ शुक्रवार को त्योहार की खरीदारी करने बांगरमऊ बाजार आया था। जहां से लौटते समय बिल्हौर मार्ग पर सूरज कुंड के पास ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे पीछे बैठी मिथिलेश गंभीर घायल हो गई। पति ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया।




### सफाई कर्मियों में रहा आक्रोश

**उन्नाव।** अनोखे लाल की मौत की सूचना पर पीएम हाउस पहुंचे तमाम सफाई कर्मियों ने ब्लाक अफसरों पर परेशान करने का आरोप लगाया। सफाई कर्मचारी यूनियन के संदीप भारती ने बताया अनोखे ने गुरुवार को पूरी ड्यूटी की और अपनी फोटो भी आधिकारिक ग्रुप पर पोस्ट की थी। इसके बाद भी उसे वेतन कटौती का नोटिस जारी किया गया। इस पर अनोखे ब्लाक गया था। उनका आरोप था कि वहां पर उससे वसूली भी की गई। इसी तनाव में वह हादसे का शिकार हुआ।


बीघापुर ब्लाक परिसर में धरना-प्रदर्शन करते परिजन व कर्मचारी। अमृत विचार

## बीडीओ से मिले आश्वासन पर शांत हुए कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** मार्ग दुर्घटना में सफाई कर्मचारी अनोखे लाल की मौत होने के बाद सफाई कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने ब्लॉक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। मार्ग दुर्घटना के पीछे उन्होंने सफाई कर्मियों के भ्रष्टाचार और उत्पीड़न को भी बड़ी वजह बताया। डीपीआरओ शाश्वत आनंद सिंह ने बताया लगे आरोपों की जांच के लिए अपर जिला पंचायत राज अधिकारी और सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी तकनीकी को नामित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।

बीघापुर ब्लॉक मुख्यालय के सामने धरने पर बैठे सफाई कर्मी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास यादव व जिला संदीप भारतीय ने बताया कि सफाई कर्मी से पहले स्कूलों के साथ संचारी रोग की ड्यूटी ली गई। उसके बाद गौशाला में ड्यूटी लगाई गई। जिसके चलते रात हो गई और घटना घट गई। पीएम होने के बाद लगभग एक सैकड़ा से ज्यादा सफाई कर्मी शव लेकर ब्लॉक मुख्यालय पर नारेबाजी करने लगे। बीडीओ अवनीश मणि त्रिपाठी ने उच्च अधिकारियों से बात कर हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सफाई कर्मियों को नोटिस दी जाती है और फिर एडीओ पंचायत कार्यालय बुलाकर उनसे उगाही की जाती है। जब तक एडीओ पंचायत व जनपद के सक्षम अधिकारी नहीं आते हैं। तब तक वह धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे। बाद में कर्मचारियों में दो फाड़ हो गए और कर्मचारी आपस में ही भिड़ गए। सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया वह दिन में गांव में साफ सफाई और रात में आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए डबल ड्यूटी कर रहे हैं।

## फूड इंस्पेक्टर की कार हाईवे पर पुलिया से टकराई, बड़ी दुर्घटना बची

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ कानपुर हाइवे स्थित त्रिभुवन खेड़ा गांव के पास शुक्रवार शाम करीब चार बजे उन्नाव में तैनात फूड इंस्पेक्टर की कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। दुर्घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

शुक्रवार शाम को उन्नाव में तैनात फूड इंस्पेक्टर रुचि बाजपेई की कार त्रिभुवन खेड़ा में पुलिया से टकरा गई। वह खुद कार चला कर कानपुर जा रही थीं, तभी पुलिया के पास पहुंचते ही अचानक झपकी लग गई। इस झपकी के चलते कार अनियंत्रित होकर पुलिया पर चढ़ गई और क्षतिग्रस्त हो गई। यदि कार का संतुलन थोड़ा और बिगड़ता, तो वह पुलिया के नीचे जा सकती थी। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को किनारे हटाया, जिससे कुछ समय के लिए हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। दीवान रविशंकर शर्मा ने बताया कि फूड इंस्पेक्टर को कोई गंभीर चोट नहीं आई है।


दुर्घटना के हाईवे पर क्षतिग्रस्त खड़ी फूड इंस्पेक्टर की कार। अमृत विचार

## संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में डूबकर गई जान

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रसीदपुर गांव निवासी वृद्धा संदिग्ध परिस्थिति में तालाब के गहरे पानी में डूब गई। ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकालकर परिजन जिला अस्पताल लाए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रसीदपुर गांव निवासी आरती (62) पत्नी छोटेलाल शुक्रवार सुबह घर से किसी काम घर से बाहर गई थी। काफी समय बाद भी वह वापस नहीं लौटी। परिजन उसकी तलाश में निकले तो ग्रामीणों ने आरती के गांव बाहर स्थित तालाब में डूबने की जानकारी दी। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकलवाया और गांव के अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति ने बताया कि कुछ समय से पत्नी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मां की मौत से बेटे राजेंद्र, राजकुमार व रामकुमार बेहाल हैं। वहीं पुरवा एसएचओ राकेश गुप्ता ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। घटना का पता कराया जा रहा है।

● सुबह किसी काम से घर से निकली थी वृद्धा



## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**उन्नाव।** अचलगंज थानाक्षेत्र निवासी एक युवक का शव पेड़ पर लटका देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। जानकारी पर पहुंचे पिता की सूचना पर पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। अचलगंज थानाक्षेत्र के जगजीवन पुर गांव निवासी छोटू (23) पुत्र छेदी मजदूरी कर जीविका चलाता था। गुरुवार शाम वह काम से लौटा और फिर घर से बिना कुछ बताए चला गया। खेत से लौट रहे ग्रामीणों ने उसका शव घर से करीब एक किमी दूर खेत के पास लगे जामुन के पेड़ में गमछे से लटका देख परिजनों को इसकी जानकारी दी। बड़ा भाई दुलारे व पिता शव लटका देख बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी में रखवाया।

### सार-संक्षेप


मंत्री अजीत पाल सिंह को प्रतीक चिह्न देते आयोजक। अमृत विचार

### यूपी सरकार उद्योगों को दे रही बढ़ावा : अजीत पाल

**शुक्लागंज उन्नाव।** उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार उद्योगों को प्रोत्साहन देने के लिए कई पहल कर रही है, जिससे आने वाले समय में उद्योग धंधों को गति मिलेगी। इसके साथ ही प्रदेश सरकार सभी तबकों को ध्यान में रखते हुये कार्य कर रही है। जिससे सभी को इसका लाभ मिल सके। यह बातें विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत पाल सिंह ने गुरुवार रात ट्रांस गंगा सिटी स्थित भगवती रिसॉर्ट के उद्घाटन समारोह में कहीं। उन्होंने बताया कि सरकार हर तबके के लोगों की भलाई के लिए काम कर रही है। ट्रांस गंगा सिटी में विभिन्न नए परियोजनाओं की शुरुआत की जा रही है, जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों का आकर्षण भी बढ़ेगा। मंत्री ने कहा कि कानपुर नगर के किनारे स्थित यह परियोजना एक नया आशियाना तैयार करने में सहायक होगी। इस उद्घाटन समारोह में कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. एमएन त्रिवेदी, डॉ. ऋषभ त्रिवेदी, प्रवीण मिश्रा भानू, राजेश गुप्ता, रजत निगम, सोनी सिंह, कुलदीप चौहान, मोनू दीक्षित, और नरेन्द्र त्रिवेदी शामिल थे।

### राम-हनुमान का महामिलन देख भावविभोर हुए दर्शक

**शुक्लागंज उन्नाव।** अशोक वाटिका श्री राम लीला पंचायती समिति की ओर से शंकरपुर गांव में कराई जा रही रामलीला के दौरान शुक्रवार को सीता की खोज और सुग्रीव मिलन की लीला का आयोजन किया गया। जहां लीला देखने के लिये दर्शकों की भारी भीड़ रही। शंकरपुर रामलीला में शुक्रवार को लीला के दौरान रावण सीता जी का हरण कर दक्षिण दिशा की तरफ गया है। राम दक्षिण दिशा की तरफ बढ़ जाते है। राम-लक्ष्मण हनुमान को अपनी पूरी राम कहानी सुनाते है। प्रभु और भक्त का महामिलन हो जाता है। हनुमान की आंखों से प्रेम की अश्रुधारा बह निकलती है। राम-हनुमान के इस महामिलन से तो मानों सबके बिगड़े काम बन जाते है। हनुमान अपने कंधों पर बैठाकर राम-लक्ष्मण को ले जाते है। राम-सुग्रीव की मित्रता हो जाती है। इस मौके पर नरेंद्र नरायन, दीपनरायण पूर्व बार अध्यक्ष, गोपाल कृष्ण, सचिन अवस्थी, राम त्रिवेदी, अभिनव अवस्थी, आकाश, आशीष त्रिवेदी, ओम नरायन, शेष नरायन, अमरेन्द्र शुक्ला, आशीष अवस्थी, अमित, प्यारे लाल आदि मौजूद रहे।


रामलीला के दौरान मंचन करते पात्र।

## नवीनपुल से हटवाई सब्जी मंडी, जाम से मिलेगी राहत

शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार शाम को नगर पालिका गंगाघाट और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने नवीन पुल पर लगने वाली फुटपाथ की सब्जी मंडी को हटवा दिया। इस कार्रवाई का उद्देश्य पुल पर लगने वाले जाम की समस्या का समाधान करना था।

पीक ऑवर में नवीन पुल पर ट्रैफिक अधिक होने से जाम की स्थिति बन जाती थी, जिसका मुख्य कारण फुटपॉथ पर सब्जी विक्रेताओं का जमावड़ा था। वाहन सवार अक्सर आधे पुल पर अपनी गाड़ियाँ खड़ी कर सब्जियां खरीदते थे, जिससे रास्ता संकरा हो जाता था और जाम लगना शुरू हो जाता था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए, पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुकेश कुमार मिश्रा और इंस्पेक्टर अनुराग सिंह ने पालिका और पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर कार्रवाई की। उन्होंने सब्जी विक्रेताओं को समझाया कि पुनः अपनी दुकानें न लगाएं। अधिकारियों ने इस बात पर भी जोर दिया कि स्थानीय व्यापारियों को इस तरह की गतिविधियों से बचना चाहिए ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके।

● पालिका और पुलिस की संयुक्त टीम ने नवीन पुल पर सब्जी मंडी हटवाई

## पोल शिफ्टिंग से 20 हजार घरों की गुल हुई बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** सरैयां क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिसके चलते मरहला चौराहा पर विद्युत पोल हटाने की भी कवायद विद्युत विभाग ने शुरू करा दी है। इस प्रक्रिया के दौरान, शुक्रवार को फीडर 3 और 4 को पांच घंटे के लिए बंद रखा गया, जिससे लगभग 20 हजार घरों की बिजली गुल हो गई।

राज्यसेतु निगम को 150 करोड़ रुपये का धन आवंटित होने के बाद से सरैयां क्रासिंग के आगे आरओबी का काम तेज गति से किया जा रहा है। कई विद्युत पोल निर्माण कार्य में बाधा डाल रहे हैं, इसलिए इन पोलों को हटाना आवश्यक हो गया है। मरहला चौराहा पर शुक्रवार को सुबह करीब 11 बजे पोल शिफ्टिंग के कारण फीडर 3 और 4 को बंद कर दिया गया। यह कार्य शाम 4 बजे तक जारी रहा। इस अवधि में, बिजली न मिलने से उपभोक्ताओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग के एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने जानकारी दी कि शनिवार को भी लाइन शिफ्टिंग का काम जारी रहेगा, जिसके कारण इन फीडरों की आपूर्ति सुबह से शाम तक बंद रखी जाएगी। उपभोक्ताओं को असुविधा के लिए विभाग ने खेद व्यक्त किया है और जल्दी से काम पूरा करने का आश्वासन दिया है।


चंपापुरवा मुख्य मार्ग पर एबीसी लाइन डालने का काम करते बिजली कर्मी।

● चंपापुरवा में एबीसी लाइन बदलने के दौरान टूटा पोल, देर रात तक गुल रही बिजली

### एबीसी लाइन बदलने के दौरान टूटा पोल, गुल रही बिजली

- चंपापुरवा मुख्य मार्ग पर एबीसी लाइन बदलने के लिए चार घंटे तक बिजली गुल रही। कार्य दोपहर एक बजे से शुरू होकर पांच बजे तक चला, जिसके कारण सैकड़ों घरों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। इस दौरान, जर्जर पोल टूटने से समस्या और बढ़ गई, जिससे देर रात तक बिजली सेवा प्रभावित रही। स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, और उन्हें अंधेरे में समय बिताना पड़ा।

### राम जी की निकली सवारी, राम जी की लीला है न्यारी...

**उन्नाव।** शहर में श्री रामलीला कमेटी की ओर से शुकवार को श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान आदि की शोभायात्रा निकाली गई। रामलीला मैदान साकेत धाम से चलकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए यात्रा भरत मिलाप मैदान पहुंची। जहां भरत मिलाप कार्यक्रम हुआ। इससे पहले रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा में सजी झांकियों का पूजन करते हुए श्रद्धालुओं ने आरती उतारने का सिलसिला जारी रखा। शाम 8 बजे के बाद रामलीला के कलाकार श्रीराम व माता जानकी सहित अन्य देवी-देवताओं की वेषभूषा में रथों पर सवार हुए। रामलीला कमेटी अध्यक्ष संजय राठी व अन्य पदाधिकारियों की अगुवाई में शोभायात्रा गांधी नगर तिराहा, छोटा चौराहा, सदर बाजार, बड़ा चौराहा, सब्जी मंडी, आईबीपी चौराहा, मोतीनगर व कृष्णानगर होकर राम जी की सवारी मोहल्ला भूरी देवी स्थित भरत मिलाप मैदान पहुंची। इस दौरान भरत मिलाप, गिरिजाबाग, कानून गोयान आदि निकटवर्ती मोहल्लों के लोगों ने शोभायात्रा में शामिल झांकियों का पूजन कर आरती उतारी।


राम, लक्ष्मण व सीता की पूजा करते लोग।

अच्छी पहल | स्थानीय पुलिस और यातायात पुलिस की मदद से संचालित होगा स्टैंड, लोगों को जाम से मिलेगी राहत

## पालिका ने 20 लाख से टैक्सी स्टैंड बनवाने की शुरू की कवायद

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गायत्री नगर निवासी एक रिटायर्ड ओईएफ कर्मी की जाम में फंसने के कारण हुई मौत के बाद नगर पालिका गंगाघाट ने बालूघाट और द्वारिका मोहिनी के बीच अतिक्रमण हटवाया था। इसके बाद यहां टैक्सी स्टैंड बनाने की योजना बनाई गई है, जिसका निर्माण कार्य अब एक साल से अधिक समय बाद शुरू किया गया है।

पालिका प्रशासन ने स्थानीय लोगों की परेशानियों को देखते हुए लाखों की लागत से यह टैक्सी स्टैंड बनाने का निर्णय लिया है। बालूघाट मोड़ और द्वारिका मोहिनी के बाहर पालिका की एक बीघे जमीन पर टैक्सी स्टैंड का काम प्रारंभ हो चुका है। पहले चरण में रिटनिंग वॉल और मिट्टी भराई का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद टिनशेड और अन्य आवश्यक संसाधनों को जुटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस स्थान पर लंबे समय से जाम लगने के कारण यातायात प्रभावित होता रहा है, जिससे आपातकालीन स्थिति में लोगों को जान गंवानी पड़ी है। अवर अभियंता घनश्याम मौर्या ने कहा कि इस परियोजना की लागत 20 लाख रुपये है, जिसमें टिनशेड, इंटरलॉकिंग, बैठने के लिए बेंच और शुद्ध पानी की व्यवस्था शामिल होगी।

नगर पालिका प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की मदद से जाम की समस्या का समाधान किया जाएगा।


बालूघाट और द्वारिका मोहिनी के बीच टैक्सी स्टैंड बनाने का काम शुरू।

● टैक्सी स्टैंड बनने से जाम से मिलेगी नगर के लोगों को निजात

● पोनी रोड तिराहे पर नहीं खड़े होंगे टेंपो और ई-रिक्शा

### स्टैंड का काम होने से दुकानदार हुये चिंतित

- जिस स्थान पर पालिका द्वारा टैक्सी स्टैंड बनवाया जा रहा है, उसके पीछे इलेक्ट्रानिक, इलेक्ट्रानिक रिपेरिंग, बाइक रिपेरिंग, रेडीमेड कपड़े, एक लैब समेत कई दुकानें बनी हुई हैं। उनकी दुकानों के सामने दीवार खड़ी होने से उनका कार्य ठप हो सकता है। जिससे सभी दुकानदार चिंतित हैं।

### ट्रांसफार्मर को किया जायेगा शिफ्ट

- पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे ने बताया कि टैक्सी स्टैंड के निर्माण के साथ ही वहां से ट्रांसफार्मर हटाने और अतिक्रमण हटवाने का काम किया जाएगा। इससे क्षेत्र में वाहनों का सुगम संचालन संभव होगा।

## एंटी लार्वा का छिड़काव कर की गई फागिंग

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर एक माह तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड 18 में पहुंचे। जहां वृहद स्तर पर साफ सफाई की।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 18 गायत्री नगर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई।

### मृतक किसानों के परिजनों की सूची का हुआ सत्यापन

**शुक्लागंज उन्नाव।** ग्राम पंचायत शंकरपुर सरॉय के रामलीला मैदान में शुक्रवार को किसानों को मिलने वाले 6 प्रतिशत निःशुल्क भूखंड के संबंध में एक विशेष कैम्प आयोजित किया गया। इस कैम्प में यूपीसीडा के अधिकारियों के साथ-साथ किसान आंदोलन के प्रदेश संयोजक अजय अनमोल और कई किसान भी उपस्थित रहे। कैम्प का मुख्य उद्देश्य मृतक किसानों के परिजनों की सूची का सत्यापन करना था। अधिकारियों ने उन किसानों की सूची का मूल्यांकन किया, जिनके नए वारिस बन रहे हैं। इस प्रक्रिया में उन वारिसों की जानकारी एकत्रित की गई, जिनके पिता अब इस दुनिया में नहीं हैं। किसानों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं और सवालों को अधिकारियों के सामने रखा। यूपीसीडा के अधिकारियों ने सभी आवश्यक दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों के साथ किसानों की मदद का आश्वासन दिया।

असम्यगुपयुक्तं हि ज्ञानं सुकुशलैरपि।
उपलभ्यं चाविदितं विदितं चाननुष्ठितम्॥

वह ज्ञान बेकार है जिससे कर्तव्य का बोध न हो और वह कर्तव्य भी बेकार है जिसकी कोई सार्थकता न हों।

## संपादकीय

# ब्रिक्स की राह

ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) के नेता संगठन के शिखर सम्मेलन के लिए 22-24 अक्टूबर को रूस के कजान में मिलेंगे। ब्रिक्स अपने पांच नए सदस्यों (मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात) का स्वागत करेगा। साथ ही कम से कम 24 अन्य संभावित सदस्य शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। सम्मेलन को काफी अहम माना जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच जुलाई में हुई बैठक के बाद सम्मेलन के दौरान दोबारा द्विपक्षीय बातचीत तय हुई है। इसके अलावा ब्रिक्स सम्मेलन में भाग लेने आ रहे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत की संभावना है। वर्ष 2020 में गलवान मुद्दे के बाद पहली बार मोदी-जिनपिंग मुलाकात की संभावना जताई जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद यह पहला मौका है, जब रूस में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। पुतिन दिखाना चाहेंगे कि यूक्रेन युद्ध के लिए मास्को को अलग-थलग करने के पश्चिमी प्रयास सफल नहीं हुए हैं और रूस के दुनिया भर में मित्र हैं। संगठन में पांच नए सदस्य देश जुड़े हैं। इनमें मिस्र, इथोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। जैसे-जैसे ब्रिक्स का विस्तार हो रहा है यह विश्व मामलों में अधिक प्रभावशाली खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। इस समूह के सदस्य देशों की जनसंख्या विश्व की 45 प्रतिशत है।

सऊदी अरब और ईरान जैसे पश्चिम एशियाई देशों का नए सदस्यों के रूप में शामिल होना उनके पर्याप्त ऊर्जा संसाधनों के कारण अत्यंत महत्वपूर्ण है। सऊदी अरब एक प्रमुख तेल उत्पादक देश है और इसके तेल उत्पादन का एक बड़ा हिस्सा चीन व भारत को जाता है। सामूहिक रूप से इसके सदस्यों की अर्थव्यवस्थाओं का कुल मूल्य लगभग 28.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (वैश्विक अर्थव्यवस्था का लगभग 28 प्रतिशत) है। इस समूह के सदस्यों (ईरान, सऊदी अरब तथा यूएई) की वैश्विक कच्चे तेल उत्पादन में लगभग 44 प्रतिशत की भागीदारी है। मिस्र और इथियोपिया की 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका' तथा लाल सागर क्षेत्र में रणनीतिक अवस्थिति है, जो महत्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्गों के निकट होने के कारण अत्यधिक भू-रणनीतिक महत्व के क्षेत्र हैं। उनकी उपस्थिति इस क्षेत्र में ब्रिक्स के भू-राजनीतिक महत्व को बढ़ाती है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-मध्य पूर्व संघर्ष को देखते हुए ब्रिक्स सम्मेलन में लिए गए फैसलों के दूरगामी असर होंगे। दुनिया के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

# कृत्रिम तंत्रिका जाल और मशीन लर्निंग



डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

इन नोबेल पुरस्कार विजेताओं के कार्यों से आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क का एक बहुत बड़े क्षेत्र में उपयोग किया जा सकता है। इससे अनेक नए गुणों वाले पदार्थ बनाए जा सकते हैं। मशीन लर्निंग एक ऐसा वैज्ञानिक क्षेत्र है, जो दिखाता है कि कैसे कंप्यूटर तथ्यों और विवरणों से सीख सकते हैं।

सन 2024 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार अमेरिकन वैज्ञानिक जॉन जे. हॉपफील्ड और ब्रिटिश कनाडियन वैज्ञानिक जेफ्री हिंटन को दिया गया है। उनको यह पुरस्कार कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के साथ मशीन लर्निंग को संभव बनाने में आधारभूत खोजों और आविष्कारों के लिए दिया गया है। 1933 में जन्मे हॉपफील्ड भौतिक शास्त्री और प्रिंसटन यूनिवर्सिटी में एमेरिटस प्रोफेसर हैं। 1947 में जन्मे हिंटन कम्प्यूटर वैज्ञानिक और कॉग्निटिव वैज्ञानिक व मनोवैज्ञानिक हैं। ये कृत्रिम बुद्धि के धर्म पिता भी कहे जाते हैं। ये टोरंटो विश्वविद्यालय में एमेरिटस प्रोफेसर हैं।



जब हम कृत्रिम बुद्धि-अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात करते हैं तो अक्सर हमारा अर्थ होता है-कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क का प्रयोग करते हुए मशीन लर्निंग को प्राप्त करना। यह तकनीक हमारे मस्तिष्क की बनावट से प्रेरित है। एक कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क में मस्तिष्क के न्यूरॉन्स के स्थान पर विभिन्न मान वाले नोड्स रखे जाते हैं। ये नोड्स एक-दूसरे को उसी प्रकार के जोड़ों से प्रभावित करते हैं जैसे मस्तिष्क के न्यूरॉन्स साइनैप्सेज के माध्यम से करते हैं। कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के इन जोड़ों को कमजोर या मजबूत बनाया जा सकता है। इस कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क को प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है। वह बातों को सीख सकता है। इसके लिए नोड्स के बीच के कनेक्शंस को मजबूत बनाया जाता है और उन्हें उच्च मान दिया जाता है।

इन दोनों नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने भौतिक शास्त्र की ऐसी विधियों की खोज की जो आज की शक्तिशाली मशीन लर्निंग की आधार हैं। जॉन हॉपफील्ड ने एक ऐसी कृत्रिम स्मृति बनाई जो आकृतियों, चित्रों और अन्य प्रकार के डाटा को भंडारित कर सकती थी और पुनः बना सकती थी। जेफ्री हिंटन ने एक ऐसी विधि की खोज की, जो डाटा की प्रॉपर्टीज को अपने आप देख सकती थी और जो तस्वीरों में विशेष तत्वों को पहचानने का काम अपने आप कर सकती थी। जब हम कृत्रिम बुद्धि अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बात करते हैं तो अक्सर हमारा अर्थ होता है-कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क का प्रयोग करते हुए मशीन लर्निंग को प्राप्त करना। यह तकनीक हमारे मस्तिष्क की बनावट से प्रेरित है। एक कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क में मस्तिष्क के न्यूरॉन्स के स्थान पर विभिन्न मान वाले नोड्स रखे जाते हैं। ये नोड्स एक-दूसरे को उसी प्रकार के जोड़ों से प्रभावित करते हैं जैसे मस्तिष्क के न्यूरॉन्स साइनैप्सेज के माध्यम से करते हैं। कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के इन जोड़ों को कमजोर या मजबूत बनाया जा सकता है। इस कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क को प्रशिक्षण भी दिया जा सकता है। वह बातों को सीख सकता है। इसके लिए नोड्स के बीच के कनेक्शंस को मजबूत बनाया जाता है और उन्हें उच्च मान दिया जाता है। इस वर्ष के नोबेल पुरस्कार विजेताओं ने कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क के क्षेत्र में सन 1980 से अब तक महत्वपूर्ण कार्य किया था। जॉन हॉपफील्ड ने एक ऐसे नेटवर्क का आविष्कार किया, जो पैटर्न्स को सुरक्षित रखने और उन्हें पुनः सामने लाने का कार्य कर सकता था। हम उन नोड्स को पिक्सेल्स के रूप में समझ सकते हैं। हॉपफील्ड का नेटवर्क ऐसी भौतिकी का प्रयोग करता है, जो किसी पदार्थ के गुणों को उसके एटॉमिक स्पिन के अनुसार समझाती है। इस स्पिन के कारण हर परमाणु एक छोटे से चुंबक के समान कार्य करता है। यह नेटवर्क इस प्रकार समझाया जाता है, जिसमें यह परमाणु के स्पिन की ऊर्जा के तुल्य होता है और यह अपने जोड़ों के मान के अनुसार प्रशिक्षित किया जा सकता है। यही कार्य हमारा मस्तिष्क भी करता है। कोई नई बात सीखने पर उसमें न्यूरॉन्स के कुछ साइनैप्सेज मजबूत बनते हंत और कुछ कमजोर हो जाते हैं।

इस कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क में सुरक्षित की गई तस्वीरें निम्न ऊर्जा की होती हैं। जब इस हॉपफील्ड नेटवर्क को एक विकृत या अधूरी तस्वीर दी जाती है तो यह अपने नोड्स के माध्यम से कार्य करता है और उसके मान को अद्यतन करता है, जिससे नेटवर्क की ऊर्जा कम होती जाती है। इस प्रकार यह कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क टुकड़ों में कार्य करके ऐसी तस्वीर सामने लाता है, जो इसे दी गई अधूरी तस्वीर के समान होती है। यह उस अधूरी और विकृत तस्वीर को ठीक भी कर सकता है। जेफ्री हिंटन ने हॉपफील्ड नेटवर्क को एक नए नेटवर्क के आधार के रूप में इस्तेमाल किया। इसके लिए उन्होंने बोल्ट्जमैन मशीन के रूप में एक नया तरीका इस्तेमाल किया। यह तरीका किसी दिए गए डाटा में उसके गुणों को बताने वाले तत्वों को पहचान सकता था। हिंटन ने सांख्यिकी भौतिकी के टूल्स का प्रयोग किया। इस विज्ञान में बहुत छोटे-छोटे घटकों से एक तंत्र बनाया जाता है। इसमें मशीन को अनेक प्रकार के उदाहरण देकर प्रशिक्षित किया जाता है। बोल्ट्जमैन मशीन का उपयोग चित्रों को वर्गीकृत करने और ऐसे पैटर्न्स के नए उदाहरण बनने के लिए किया जा सकता है जिन पर यह प्रशिक्षित की गई थी। हिंटन ने अपने कार्यों से मशीन लर्निंग में विस्फोट के समान होने वाले ज्ञान के विकास की नींव रखी।

इन नोबेल पुरस्कार विजेताओं के कार्यों से आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क का एक बहुत बड़े क्षेत्र में उपयोग किया जा सकता है। इससे अनेक नए गुणों वाले पदार्थ बनाए जा सकते हैं। मशीन लर्निंग एक ऐसा वैज्ञानिक क्षेत्र है, जो दिखाता है कि कैसे कम्प्यूटर तथ्यों और विवरणों से सीख सकते हैं। यदि हम स्वास्थ्य के क्षेत्र का उदाहरण लें तो हम पाएंगे कि इस क्षेत्र में बहुत अधिक मात्रा में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक डाटा के आधार पर मशीन लर्निंग एल्गोरिथम्स बनाती है। यह एल्गोरिथम कार्य दक्षता, क्षमता और व्यक्तिकरण को बहुत बढ़ा देती है। इसमें ऐसे क्षेत्र विकसित किया जा सकते हैं, जिनसे किसी रोगी को व्यक्तिगत रूप से मॉनीटर किया जा सकता है, उसे स्वास्थ्य के उपकरणों से जोड़ा जा सकता है, उस रोगी के स्वास्थ्य का पूरा रिकॉर्ड रखा जा सकता है, वह संसार में कहीं भी जाए, कंप्यूटर माउस के एक क्लिक पर उसका पूरा रिकॉर्ड सामने आ सकता है, कृत्रिम बुद्धि उसको जांचें और दवाएं भी सुझा सकती हैं। मशीन लर्निंग रोगियों के डाटा का अध्ययन करके उस पर रिसर्च कर सकती है और दवाओं के दुष्प्रभाव भी समझ सकती है। इससे रोगी की केयर और नई दवाओं की खोज और मेडिकल प्रोसीजर्स की सेफ्टी और इफेक्टिवेनेस बहुत बढ़ाई जा सकती है।

डीप लर्निंग मशीन लर्निंग का एक ऐसा भाग है, जो न्यूरल नेटवर्क की विभिन्न तहों को समाहित करता है। इससे डाटा के जटिल पैटर्न्स सामने आते हैं। इस डीप लर्निंग से मेडिकल इमेजेज-जैसे एक्स-रे, एमआरआई, पैथोलॉजिकल स्लाइड्स आदि को बहुत दक्षता और बिल्कुल सही रूप से समझने में मदद मिलती है। मशीन लर्निंग एल्गोरिथम हमारी आंखों की रेटिना के चित्रों को समझ सकती है और हमें बता सकती है कि हमें डायबिटिक रेटिनोपैथी तो नहीं है, वह यह बता सकती है कि हमें हृदयाघात का डर तो नहीं है या हमें कैंसर की संभावना तो नहीं है। कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग के ये तमाम कार्य संभव होने के पीछे इन दोनों वैज्ञानिकों और इन जैसे अनेक अन्य वैज्ञानिकों के कार्य का आधार है। इनके ये कार्य कृत्रिम बुद्धि को बनाने और उसको आगे बढ़ाने में बहुत सहायक हैं।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण संरक्षण को बड़ा कदम



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

भारत में औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और बुनियादी ढांचे का विकास प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव का कारण बना है। इसके परिणामस्वरूप, पर्यावरण से संबंधित विवादों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। सर्वोच्च न्यायालय ने इन मामलों के निपटारे के लिए विशेष अदालतों की आवश्यकता पर बल दिया था, जिससे राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की स्थापना हुई, जो पर्यावरण संरक्षण और वन्य संसाधनों के संरक्षण के लिए त्वरित और प्रभावी समाधान प्रदान करता है।

एनजीटी का गठन उन अंतर्राष्ट्रीय संधियों के अनुरूप किया गया है, जिनका भारत सदस्य है। एनजीटी को संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत स्वस्थ पर्यावरण के अधिकार की मान्यता मिली है, जो जीवन के अधिकार का हिस्सा है। यह न केवल मूल अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि पर्यावरणीय नुकसान के शिकार लोगों को राहत और मुआवजा भी प्रदान करती है। एनजीटी ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर प्रदूषण और वन संरक्षण के मामलों में कड़े आदेश जारी किए हैं। एनजीटी के समक्ष चुनौतियां भी व्याप्त हैं। हालांकि एनजीटी ने कई सफलताएं हासिल की हैं, फिर भी इसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

कुछ महत्वपूर्ण अधिनियम, जैसे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 और आदिवासी अधिकार अधिनियम 2006, एनजीटी की न्यायाधिकार से बाहर रखे गए हैं। यह न केवल एनजीटी की प्रभावशीलता को बाधित करता है, बल्कि इसके कार्यक्षेत्र को भी सीमित करता है। अतिरिक्त रूप से एनजीटी के निर्णयों को उच्च न्यायालयों में चुनौती दी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पाता कि किन निर्णयों को चुनौती दी जा सकती है। इसके साथ ही एनजीटी के सामने वित्तीय और मानव संसाधनों की कमी भी एक बड़ी समस्या है, जिससे मामलों की लंबित संख्या बढ़ रही है।

भविष्य में यदि एनजीटी को दी गई चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक संसाधनों और अधिकारों से सुसज्जित किया जाए, तो यह पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में और अधिक प्रभावी सिद्ध हो सकता है। जब पूरी दुनिया पर्यावरण की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है, एनजीटी की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

# तंत्र की अरुचि से कमजोर हो रहा अधिकार



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

माना जाता है कि गोपनीयता से अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है और अनिश्चितता व्यवस्था को कमजोर बनाती है।

किसी भी काम को अंजाम तक पहुंचाने का मंतव्य इससे स्पष्ट होता है कि इसके लिए नीति, नियम और अधिनियम क्या बनाए जाते हैं और उनका क्रियान्वयन व निगरानी कैसे की जाती है। 12 अक्तूबर 2005 को लागू किए गए सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई एक्ट) के हालात बताते हैं कि कड़ी मशक्कत से तैयार जनहित के कानून को कमतर करने की कोशिश की जा रही है।

18 वर्ष पहले जनसामान्य को मिले इस अभूतपूर्व मौलिक अधिकार की प्रासंगिकता और उपयोगिता पर यद्यपि कोई सवाल नहीं है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारों के स्तर पर गरिमा के लिए प्रयास और जागरूकता की पहल का अभाव है। अधिनियम में किए गए संशोधनों और सतर्क समूहों के सुझावों की अनदेखी भी इस बारे में चिंताएं बढ़ाती हैं। आंध्र प्रदेश, झारखंड, मणिपुर, नागालैंड, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, अंडमान और निकोबार, दमन-दीव और दादरा-नगर हवेली, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और अरुणाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के डेढ़ वर्ष बाद भी आरटीआई पोर्टल शुरू नहीं किया है। इनसे 21 अक्तूबर तक जवाब मांगा गया है। यहां यह जानना जरूरी है कि शीर्ष अदालत आरटीआई आवेदनों के लिए पोर्टल बना चुकी है।

आरटीआई कानून केंद्र-राज्य सरकार को ही नहीं, इनके सभी उपक्रमों को नियमों का पालन करने के साथ नियमानुसार काम करने की नसीहत देता है। अन्य कानून जहां आम जनता के लिए बनाए जाते हैं, वहीं यह कानून संसद और विधानसभाओं द्वारा मान्य संस्थाओं की जिम्मेदारी और जवाबदेही सुनिश्चिति करता है। माना जाता है कि गोपनीयता से अनिश्चितता को बढ़ावा मिलता है और अनिश्चितता व्यवस्था को कमजोर बनाती है। सूचना अधिकार के कानून को लागू करने में सरकारों की अरुचि रही है। यह हाल तब है, जब दुनिया में सबसे ज्यादा सूचना के अधिकार का इस्तेमाल भारत में होता है। आंकड़े बताते हैं कि देश में हर साल लगभग 60 लाख आरटीआई डाली जाती हैं। केंद्रीय सूचना आयोग की रिपोर्ट भी बताती है कि 2005-06 में उसके यहां आरटीआई आवेदनों की संख्या 24,436 थी। 2021-22 तक यह आंकड़ा 18,32,133 तक पहुंच गया।

भारतीय संविधान की धारा 19 (1) (क) और धारा 21 में नागरिकों को लोक प्राधिकारियों द्वारा किए गए सभी कार्यों को जानने के अधिकार की गारंटी प्रदान करता है। यह परिकल्पना 2005 में कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में साकार हुई। पारदर्शिता के परिदृश्य में बने कानून को भ्रष्टाचार से लड़ाई का सशक्त हथियार माना गया, पर सरकारी पेंचीदगियों ने इसकी पहुंच आसान नहीं रहने देने के प्रयत्न किए। यही कारण है कि सूचनाओं की शुचिता बनाए रखने के बजाय संशोधन की आड़ लेकर संकोच को सार्वजनिक किया गया। संवेदनशीलता के नाम पर सूचनाएं छिपाने का पुरजोर प्रयत्न किया जा रहा है। जन सूचना अधिकारी जानकारी देने में अनावश्यक विलंब के साथ बचने का रास्ता निकालते हैं। कई बार निर्धारित अवधि 30 दिन के भीतर सूचनाएं या तो दी नहीं जा रही हैं या फिर आधी-अधूरी देकर आवेदक को उलझाया जा रहा है।

भारतीय गणतंत्र के इस महत्वपूर्ण कानून पर जागरूकता का अभाव और अनदेखी इससे स्पष्ट होती है कि 12 अक्टूबर गुजर जाता है और पता नहीं चलता कि जनता को एक मौलिक अधिकार इसी तारीख में मिला था। तंत्र की इसमें दिलचस्पी नहीं है कि इस तारीख को हिंदी दिवस, शिक्षक दिवस, साक्षरता दिवस, योग दिवस और मजदूर दिवस की तरह सूचना या जानकारी दिवस का स्वरूप दिया जाए। दिन और दिनांक विशेष पर दलीय सीमाओं और निष्ठाओं से अलग हटकर केंद्रीय सूचना आयोग और राज्य सूचना आयोगों को अपनी उपलब्धियां ही बतानी चाहिए। सूचना मंत्री भी इस दिशा में किए जा रहे उपायों, बाधाओं और निष्कर्षों से परिचित कराएं। तथ्यों को लेकर संजीदगी बरतने के बहाने सूचनाओं का प्रवाह रोकने के लिए प्रयासरत समूचा तंत्र सूचनाओं की स्वतंत्रता को लेकर सामंतशाही की मानसिकता में है। केंद्र सरकार विह्सिल ब्लोअर संरक्षण एक्ट लागू नहीं कर रही है। उदासीनता का परिणाम है कि सूचनाएं और दस्तावेज लेने में कई आरटीआई एक्टिविस्ट जान गंवा चुके हैं। धमकियां, रिपोर्ट, हमले और प्रलोभन आम बात हो गई हैं।

## सोशल फोरम

# औपनिवेशिक चिन्हों का हटाना

देश को चिन्हों और प्रतीकों से खुश मत करो, ठोस वस्तुएं और भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी सेवाएं दो।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

देश से औपनिवेशिक चिह्नों का हटाया जाना अच्छा है, पर यह भी क्या हटाया जाना कि महानगरों के नाम बदल दिए जाएं, पर उनकी आत्मा औपनिवेशिक धारणाओं को ढोती रहे। जरूरत भारतीय मानस को डी-कोलोनाइज करने की है।

यदि औपनिवेशिक चिह्नों को हटाना है तो छोटे-छोटे चिन्हों पर हाथ डालने से कुछ नहीं बदलेगा। शक्ति है तो बड़े चिह्नों को हटाइए। सबसे बड़ा चिह्न है, अंग्रेज उपनिवेशकों की 'फूट डालो और राज करो' की नीति, जिसका आज पहले से ज्यादा नंगे ढंग से इस्तेमाल किया जा रहा है।

दूसरा बड़ा औपनिवेशिक चिह्न है, सत्ता से जुड़े प्रतिष्ठानों और व्यक्तित्वों का, लग्जरी की अत्यधिक कीमती वस्तुओं का इस्तेमाल, जरूरत से बड़े भवनों का उपयोग। अंग्रेज ऐसा गरीबों की बड़ी आबादी को अपनी समृद्धि से आतंकित करने के लिए करते थे। तीसरा बड़ा चिह्न है, देश के बड़े उद्यमों और प्रतिष्ठानों को ईस्ट इंडिया कंपनी से भी भयंकर आजकल की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हाथों में सौंपकर, देश का धन विदेश और विदेशी बैंकों में भेजने के अनियंत्रित अवसर देना और उनसे गुपचुप निजी राजनीतिक लाभ (धन आदि) लेते रहना।

चौथा बड़ा चिह्न है अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों और हिंदी सहित भारतीय भाषाओं के माध्यम वाले स्कूलों के स्तर में जमीन-आसमान का फर्क। 'एक देश-एक शिक्षा स्तर' का नारा क्यों नहीं दिया जा रहा है? क्या न्याय की देवी की आंखों से पट्टी खोल देने से छोटी अदालतों में जो लाखों मुकदमें दशकों से झूल रहे हैं और अदालतों में न्याय के लिए बड़े धन की जरूरत होती है, यहां कदम-कदम पर लूट है, क्या ये समस्याएं खत्म हो जाएंगी?

देश को चिन्हों और प्रतीकों से खुश मत करो, ठोस वस्तुएं और भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी सेवाएं दो।

-फेसबुक वॉल से

# धार्मिक त्योहार और जुलूस



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

समकालीन परिस्थितियों के चलते प्रमुख धार्मिक आयोजनों का प्रबंधन शांति व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस एवं प्रशासन के लिए सदैव से चुनौतीपूर्ण रहा है। इस प्रकार के आयोजनों को मुख्यतः तीन श्रेणियां मे विभक्त किया जा सकता है, विवाद रहित पारंपरिक आयोजन, पारंपरिक परंतु पूर्व विवाद से युक्त तथा तीसरा सर्वथा नए आयोजन।

सामान्यतया पारंपरिक आयोजन भीड़ एवं यातायात प्रबंधन के अतिरिक्त कोई अन्य समस्या उत्पन्न नहीं करते थे, परंतु आजकल विवाद रहित पारंपरिक धार्मिक आयोजन भी संवेदनशीलता से परे नहीं रह गए हैं। रक्षाबंधन, नागपंचमी, कृष्ण जन्माष्टमी, मिलादुल-नबी, क्रिसमस आदि जैसे त्योहार पहले निरापद माने जाते थे, परंतु अब इन अवसरों पर भी सतर्क दृष्टि रखना आवश्यक हो गया है। बहुत से ऐसे धार्मिक आयोजन होते हैं, जिनमें पहले लंबा विवाद रह चुका है। विवादों के चलते ऐसे आयोजनों को भविष्य के लिए निरापद बनाने हेतु एक स्थायी व्यवस्था स्थापित की जाती है, जिसका अनुपालन सभी पक्षों के लिए अनिवार्य होता है। जैसे लखनऊ में मुहर्रम त्योहार को लेकर शिया-सुन्नी विवाद। इसके बावजूद ठेसरा प्रेमी-विघ्नसंतोषी लोग अपनी आदतों से बाज नहीं आते। रामचरितमानस के चल रहे अखंड पाठ स्थल पर मुहर्रम के जुलूस का मातम या नमाज के अवसर पर मस्जिद के सामने डीजे पर हुड़दंग तो व्यवस्था को खुली चुनौती है। विभिन्न स्थानीय दबावों के चलते जहां पुलिस एवं प्रशासन इसकी जरा भी अनदेखी करेगी, बवाल सुनिश्चित है। उसके बाद तो आरोप- प्रत्यारोप का अंतहीन सिलसिला ही बचता है। ऐसे भी अवसर आते हैं, जब होली का पर्व व मुहर्रम का जुलूस एक ही दिन पड़ते हैं, लेकिन आपसी समझ एवं दबाव रहित व्यवस्था के चलते ये त्योहार सकुशल संपन्न हो जाते हैं। ऐसी ही व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण समस्या का एकमात्र हल है।

# ए लव लेटर टू स्विटजरलैंड



स्नेह रंजन
वरिष्ठ पत्रकार

डियर, एक पर्यटक बनकर जब तुम्हारे यहां पहुंचा तो लगा कि बस यूं ही घूम फिर कर लौट आऊंगा, लेकिन वहां इंटरलॉकेन पहुंचा ही था कि रोमन फिल्मों में दिखने वाले एंटीक स्टेशन, आसपास का सुंदर बाजार, मरमरी सड़कें, चारों ओर रंग-बिरंगे पहाड़ ने एक कत्थई समा का रूप लेकर मेरे दिल पर दस्तक दी। साहित्य में मैंने सौंदर्य बहुत पढ़े, लेकिन तूने प्रकृति को रिझा कर सप्तरंग और सप्तसुर का एक नाजनीन वजूद कहां से हासिल कर लिया। कई दिन गुजारे तेरे पहलू में। हर दिन हर पल के एहसास की चासनी कभी शहद जैसी लगी तो कभी मिसरी की डली जैसी। कितनी जगहें गिनाऊं। विल्डर्सविल, शाइनीज प्लाटे, ग्लाइंडर्सविल, जंग फ्राऊ,( टॉप ऑफ यूरोप), हार्डर कुल्म, मैंने सैकड़ों मील लंबी लंबी पशमीना की दूधिया चादरों में तुमको लिपटे पाया। कौन कहता है कि यह बर्फ है। यह तो सूरज की रोशनी पकड़े कहीं पीतांबरी तो कहीं सुनहरी चुनर जैसा लगा और यह बताओ इसमें दूर नीचे गहरी धानी रंग के गोटे किसने टांके। प्रकृति क्या इतनी कार साज है कि अपनी रंगत में विज्ञान को भी शामिल कर अल्पाइन रेंज के शीर्ष पर्वतों पर जादुई नजारा नुमाया कर गई है। विल्डर्सविल के शीर्ष पर खड़े होकर जब नीचे देखा तो अंतहीन वादी, शाइनीज प्लटें पर हमारे कदमों के नीचे उड़ते चापर। वाह तुम्हारा रूप निहारने को आदमी क्या-क्या जोखिम नहीं उठाता।

सच बताना यह कौन चित्रकार है, जिसने तुम्हारे हजारों लाखों चीड़ और चिनार के पत्तों पर कहीं चंपई तो कहीं सुरमई कसीदा कारी कर दी है। यह कौन रंग साज है, जिसने पहाड़ों पर कहीं गहरे तो कहीं हल्के रंग छिड़क दिए हैं। पहाड़ों के बीच चलती छोटी माउंटेन ट्रेनों के मध्यम स्वर तुम्हारा शोख कदमों की आहट लगे। हार्डरकुलम पर 60 डिग्री की सीध में ऊंची चढ़ती रेलगाड़ी विज्ञान के साथ तुम्हारे युगल जोड़ी का सौंदर्य नहीं तो क्या है! जंगफ्राऊ जाने वाली केबल कार तुम्हें देखने आने वालों को एक तोहफा सा लगती है। 1500 झीलों पर थिरकते तुम्हारे पांव पर्यटकों को सम्मोहित कर लेते हैं। भारत से किसी उस्ताद ने आकर तुम्हें भरतनाट्यम सिखाया था क्या?

मैं हैरान हूं कि तुम्हें आखिर क्या नाम दूं? गालिब का इश्क कहूं। मीर का एक दिलकश मरहला। उमर खय्याम की रुबाई कहूं या बच्चन की मधुशाला का साकी। गुलजार का रोमांस कहूं या फिर डॉ. बशीर बद्र की गजल का नया लहजा। खैर, क्या बताऊं दरअसल यह सब कुछ हमारे पास भी है। जिसे हम कश्मीर कहते हैं, लेकिन जब से वहां बारूद की खेती होने लगी मानो गुल ने खुदकुशी कर ली हो। तुम्हें कैसा लगता है जब सूरज थोड़ा सा तुम्हें निहार कर बादलों में भाग जाता है। चांद चोरी से आकर पहाड़ों की मुंडेर पर बैठ जाता है। तुम्हें कैसा लगता है जब पर्यटन से प्रतिवर्ष आने वाले पांच बिलियन डॉलर से तुम्हारी दोनों मुट्ठी भर जाती हैं। तुम्हें कैसा लगा था तब, जब दिग्गज फिल्म मेकर राजकपूर और यश चोपड़ा जैसी हस्तियां तुम्हारा मूड ठीक होने के इंतजार में महीनों यहां डेरा डाले रहते थे। मैंने पंडित नेहरू की एक पुस्तक में तुम्हारा जिक्र पढ़ा था, लेकिन बस केवल पढ़ गया था। देखा तो लगा कि सरस सौंदर्य का मरकज क्या होता है? तुम्हें भर्तृहरि के श्रृंगार से देखूं या फिर बुल्ले शाह के सूफियाना नजरिये से। कहीं से भी देखूं हम प्रकृति के साहचर्य में ईश्वर के और करीब हो जाते हैं। राहुल सांकृत्यायन भी यही कह गए हैं कि भ्रमण और प्रकृति के सौंदर्य को कथ्य और रूपक की तरह देखना चाहिए। कभी तुम भारत आओ तो राजनीतिक कहर के बावजूद हमारे यहां कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक जो कुछ भी बचा हुआ है तुम्हें दिखाएंगे। हम तुम्हें अल्मोड़ा का वसंत भी ले चलेंगे, जहां तुम्हारी थोड़ी झलक है और तुम्हें देंगे दुनिया का सबसे कीमती उपहार "भारतीय दर्शन" का ज्ञान। गुड बाय स्विटजरलैंड, टेक केयर।

# त्योहारों में महंगाई की मार

खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों ने फेस्टिवल सीजन में तगड़ा झटका दिया है। खाद्य वस्तुओं के दाम में उछाल पिछले नौ माह के उच्च स्तर पर पहुंच गया है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

बढ़ती महंगाई आजकल अखबारों की सुर्खियां बनी हुई है। वहीं दूसरी बड़ी खबर गरीब की प्रतिदिन कमाई 181 रुपये से भी कम होना है। दोनों ही खबरें आमजन के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं। विश्व बैंक की हाल की रिपोर्ट के अनुसार करीब 12.9 करोड़ भारतीय 2024 में अत्यधिक गरीबी में जीवनयापन कर रहे हैं। अनुमान के अनुसार दुनिया से गरीबी खत्म करने में एक सदी से ज्यादा समय लग सकता है।

बड़ी संख्या में गरीबी में जी रहे लोगों पर महंगाई की मार भी बढ़ रही है। गरीब और मध्य वर्गीय समाज इस बार के त्योहारी सीजन में कुछ ज्यादा ही महंगाई की मार झेल रहा है। अरहर की दाल जो उत्तर भारत में सबसे ज्यादा उपयोग की जाती है, ने 200 का आंकड़ा छू लिया है। वहीं सब्जियों के दाम भी बेहतशा बढ़े हुए हैं। प्याज, आलू, टमाटर और पत्तेदार साग ने न केवल बजट बिगाड़ा है, बल्कि एक सर्वे के अनुसार लोगों ने उनका उपयोग ही कम कर दिया है, जिससे इनकी खपत कम हो गई है। खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों ने फेस्टिवल सीजन में तगड़ा झटका दिया है। खाद्य वस्तुओं के दाम में उछाल पिछले नौ माह के उच्च स्तर पर पहुंच गया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी विभाग के आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई सितंबर माह में बढ़ कर 9.26 प्रतिशत पहुंच चुकी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई को लक्ष्य के अनुरूप रखने के लिए मौद्रिक नीति समीक्षा में लगातार 10 वीं बार रेपो रेट में कोई चेंज नहीं किया है। त्योहारों पर महंगाई की मार से बचाने के लिए क्या केंद्र सरकार जल्द कोई ठोस उपाय करेगी?

# किशोरी से गैंगरेप में दो को 30-30 साल सजा

## पॉक्सो कोर्ट का फैसला, 30-30 हजार रुपये जुर्माना लगा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- तालग्राम क्षेत्र में 4 मार्च 2020 को हुई थी वारदात
- झांसा देकर छात्रा को अगवा कर ले गए थे अभियुक्त



**अमृत विचार।** करीब चार साल पहले परीक्षा देकर लौट रही किशोरी के साथ हुई गैंगरेप की घटना में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने दो अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों को 30-30 साल की कठोर कैद और 30-30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि करीब चार साल पहले 4 मार्च 2020 को तालग्राम थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन इंटर की छात्रा है। वह तीन मार्च को इंटर का पेपर देने गई थी। पेपर देने के बाद शाम करीब 5:25 बजे कॉलेज से बाहर आई और साइकिल स्टैंड से साइकिल उठाने जा रही थी, तभी गांव के ही मिंटू पाल पुत्र सतीश पाल और अंकुर पटेल पुत्र स्व. ध्रुवकिशोर उसे अपनी मोटरसाइकिल पर जबरदस्ती बिठाकर ले गए।

इसके बाद उसे तिर्वा-ठठिया रोड पर ले जाकर दोनों ने उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद किशोरी ने अपने बयान में बताया कि परीक्षा देने के बाद वह साइकिल से कॉलेज की दोस्तों के साथ बस स्टैंड पहुंची थी। वहां चाय की दुकान पर साइकिल खड़ी करके आपस में बातचीत कर रही थी, तभी मिंटू ने आकर उसके पिता के एक्सीडेंट की बात कही तो वह घबरा गई।

पिता के एक्सीडेंट की बात पर वह मिंटू की बाइक पर बैठकर साथ चल दी। आगे जाने पर उसका दूसरा साथी अंकुर आ गया। दोनों ने उसका दुपट्टा उतारकर मुंह और गला कस दिया। घसीटते हुए रोड के नीचे ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना के बाद वह किसी तरह से घर पहुंची और अगले दिन सारी बात घर वालों को बताई।

मामले की विवेचना पूरी करने के बाद पुलिस की तरफ से न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई पूरी होने पर दोनों अभियुक्तों मिंटू उर्फ आशीष और अंकुर पटेल को दोषी करार देते हुए विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव ने सजा सुनाई। दोनों को 30-30 साल की कैद और 30-30 हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है। जुर्माना अदा न करने पर दोनों को दो-दो साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## अपहरण व हत्या में 4 लोगों को उम्रकैद

**हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र के एक गांव में युवक की हत्या के आठ वर्ष पुराने मामले में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने चार दोषियों को उम्रकैद व प्रत्येक पर 18 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने जुर्माने की आधी धनराशि वादिया मृतक की बहन को दिलाने के आदेश दिए हैं।

कुरारा क्षेत्र के लहरा के अनूप कुमार 12 अगस्त 2016 को जालौन के कदौरा बाजार गया था। वहां से लौटकर नहीं आया। बहन पूजा ने 22 अगस्त 2016 को गांव के घनश्याम, अंकित, गब्बर सिंह, अमित व सोनू के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस जांच में जालौन के कदौरा क्षेत्र के इस्लामाबाद निवासी चांद मोहम्मद, व्यासपुरा निवासी शैलेंद्र, आंबेडकर नगर के जितेंद्र व कदौरा के ही परौसा निवासी मल्लू सिंह के नाम सामने आए। गिरफ्तारी के बाद उनकी निशानदेही पर पुलिस ने मनकी यमुना पुल के पास से अनूप का कंकाल बरामद किया। जिस पर सुनवाई करते हुए जनपद न्यायाधीश ने दोषी चांद मोहम्मद, शैलेंद्र, जितेंद्र, मल्लू सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता महोबा

- किसान के ऊपर बैंक और साहूकारों का था लाखों रुपये का कर्ज

**अमृत विचार।** उर्द, मूंग और तिल की फसल बारिश से बर्बाद होने से आहत किसान ने खेत में लगे नीम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कस्बा पनवाड़ी के मोहल्ला सतीश कुमार पाठक 50 पुत्र स्वर्गीय स्वामी प्रसाद पाठक ने अपने खेत में इस साल खरीफ की फसल की बुवाई की थी। फसल काफी अच्छी थी किसान ने किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए बैंक से और साहूकारों से कर्ज ले रखा था। इस साल फसल अच्छी होने की उम्मीद थी इसलिए किसान ने खरीफ की फसल आने पर कर्ज की अदायगी की बात कही थी, लेकिन बेमौसम हुई बारिश से उर्द, मूंग और तिल की फसल बर्बाद हो गई। जिससे किसान परेशान रहने लगा और कई बार घर में फसल पैदा न होने व कर्ज की अदायगी को लेकर परेशानी भी बताई। परिजनों ने उसे समझाया कि सब ठीक हो जाएगा। शुक्रवार को किसान अपने खेत गया और खेत में लगे नीम के पेड़ में रस्सी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

मृतक के बड़े भाई सुरेश पाठक ने बताया कि 6 महीने पहले लड़की की शादी की थी। उसकी शादी का भी कुछ कर्ज बकाया था। उसने किसान क्रेडिट कार्ड से भी पौने दो लाख रुपये बैंक से कर्ज लिया था। इधर फसल के खराब हो जाने से वह परेशान रहता था।

शुक्रवार को सुबह वह घर से गायब हो गया। परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की। लेकिन कहीं नहीं दिखाई दिया। घर के लोग तलाश करते हुए नेहरू इंटर कॉलेज के पीछे अपने खेत में पहुंचे तो देखा कि नीम के पेड़ से उसका शव लटक रहा था जिसकी सूचना पनवाड़ी पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी मनीष पांडे मौके पर पहुंचे, और शव को नीचे उतारने के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष की कैद

**औरैया।** विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना अजीतमल क्षेत्र से पांच वर्ष पूर्व एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के दोषी प्रदीप को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया है। उस पर पचास हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है। उक्त मामले की पैरवी कर रहे डी.जी.सी. अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक मृदुल मिश्रा ने बताया कि थाना अजीतमल में वादिनि ने उक्त मामला पंजीकृत कराया। उसने लिखा कि 22-10-2019 को वह व उसके माता पिता खेतों पर काम करने गए थे। उसकी नाबालिग पुत्री घर पर अकेली थी। ग्राम सरैली थाना सिरसाकलार जिला जालौन निवासी प्रदीप के मौसा व मौसी मेरे गांव में रहते है। जिनके घर पर प्रदीप का आना जाना रहता है। प्रदीप ' घर वालों की अनुपस्थित में किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने विवेचना कर दोनों को बरामद करके आरोपी के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था। यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट) मनराज सिंह की कोर्ट में चला व शुक्रवार भो इसका निर्णय सुनाया गया। इसके पूर्व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) दोनों पक्षकारों को सुनने के पश्चात ए.डी.जे. मनराज सिंह ने दोषी प्रदीप को कुल 10 वर्ष की कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया।

### बिजली चोरी में दो लोगों को तीन साल की सजा

**कन्नौज।** विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट हरिप्रसाद ने बिजली चोरी के मामले में दोष सिद्ध होने पर दो अभियुक्तों के एक-एक साल की जेल तथा पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह जानकारी देते हुए शासकीय अधिवक्ता यतेंद्र पाल सिंह ने बताया कि छह जनवरी 2012 को तत्कालीन अवर अभियंता कमलकांत कमल ने तिर्वा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि परवेज पुत्र अख्तर खां तथा अख्तर खां पुत्र फेरुद्दीन निवासी गण ग्राम सलांटा को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। इस दौरान अभियुक्तों ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया। मामले की सुनवाई के बाद 02 मार्च 2021 को आरोप तय किए गए। शुक्रवार को सुनवाई पूरी होने पर दोनों अभियुक्तों को धारा 332 व 353 के तहत एक-एक साल के साधारण कारावास, धारा 307 में तीन-तीन साल के साधारण कारावास, धारा 135 विद्युत अधिनियम में एक-एक साल के साधारण कारावास की सजा सुनाई गई। दोनों पर छह-छह हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है जिसकी अदायगी न करने पर प्रत्येक को तीन-तीन माह की जेल और भुगतनी होगी।

### पत्नी करती रही व्रत की तैयारी और पति ने दे दी जान

**कन्नौज।** करवाचौथ के लिए महिला खरीदारी करने निकली थी। घर लौटी तो पति फंदे पर लटका था। किसी तरह से उसे उतारकर डॉक्टर को दिखाया लेकिन डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे मानीमऊ चौकी क्षेत्र के नेरा गांव के मुकेश कुमार सैनी (47) ने पत्नी को ठठिया बाजार से करवा चौथ का सामान खरीदने भेज दिया। पत्नी के जाने के बाद मुकेश ने घर के कमरे में पंखे के हुक में साड़ी से फंदा बनाकर गले में कस लिया। पत्नी घर आई तो पति को फंदे से लटकता देख चीख पड़ी। फिर पड़ोसियों की मदद से पति को नीचे उतारा और गांव के डॉक्टर को दिखाया लेकिन उन्होंने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक की दो पुत्रियां जिनकी शादी हो चुकी है। पति पत्नी अकेले घर में रह रहे थे। मानीमऊ चौकी प्रभारी शेखर सैनी ने बताया कि परिवार के लोग पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं।

### कोर्ट में दाखिल हुई लिखित आपत्ति

**कन्नौज।** किशोरी से दुष्कर्म केस में जिला कारागार में निरुद्ध पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव, उनके भाई वीरपाल सिंह उर्फ नीलू व पीड़िता की बुआ की शुक्रवार को कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष ने लिखित आपत्ति दाखिल कर कुछ धाराओं को जबरन लगाने की बात कही। 25 अक्टूबर को निर्णय आएगा। शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि कारागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दुष्कर्म के आरोपी व दोनों सह आरोपियों की न्यायालय में पेशी हुई। विशेष न्यायाधीश पाक्सो अलका यादव की अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की ओर से दिए लिखित प्रपत्रों को लिया गया। निस्तारण के लिए 25 अक्टूबर का समय मुकर्रर किया गया। बताया गया है बचाव पक्ष ने दलील में दोनों पूर्व ब्लॉक प्रमुख व किशोरी की बुआ पर लगाई गई धाराओं को लेकर बात रखी है। आरोप बनाने के लिए एक सप्ताह की तारीख लगाई गई है। अभियोजन पक्ष ने भी अदालत के समक्ष अपना तर्क रखा।

### सो रही छात्रा के कपड़े फाड़ रेप की कोशिश

**राठ (हमीरपुर)।** चिकासी थाने के एक गांव में सुबह के समय अपने घर में अकेले सो रही बीटीसी की एक छात्रा के साथ गांव के एक युवक ने घर में घुसकर सोते समय उसे दबोच लिया। आरोप है कि युवक ने चाकू की नोक पर उसके कपड़े फाड़कर छात्रा के साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। पीड़ित छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालौन जनपद के एक कॉलेज में पढ़ाई कर रही एक छात्रा अपने गांव दशहरा की छुट्टियों में आई हुई थी। दो दिन पहले वह घर में अकेली सो रही थी। तभी गांव का एक युवक घर में घुस आया। आरोप है कि युवक ने चाकू की नोक पर छात्रा के कपड़े फाड़ उसके साथ बलात्कार करने का प्रयास किया। छात्रा के चिल्लाने पर पर उसके दिव्यांग चाचा मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवक मारपीट करते हुए भाग खड़ा हुआ। गंभीर हालत में पीड़िता को राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया। पीड़िता ने चिकासी थाने में आरोपी युवक और उसके परिवार के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थानाध्यक्ष चिकासी ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

### नैरोबी में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ. संजय सिंह

**उरई।** केन्या की राजधानी नैरोबी में ग्लोबल वाटर कॉन्फ्रेंस का आयोजन होगा। इसमें दुनिया भर के विशेषज्ञ जल संकट के समाधान पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन में भारत की ओर से परमार्थ संस्था के डॉ. संजय सिंह प्रतिनिधित्व करेंगे। नैरोबी में 19 से 26 अक्टूबर तक ग्लोबल वाटर सम्मेलन होगा। इसमें जल संरक्षण, जल प्रबंधन और जल के समान वितरण में भारत सरकार के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के अनुभव डॉ. संजय सिंह साझा करेंगे। वे इससे पहले भी विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में जल संसाधनों के प्रबंधन पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया था। एक हफ्ते तक चलने वाली कार्यशाला में जल संकट के बढ़ते प्रभाव और उससे निपटने के सामूहिक उपायों पर चर्चा की जाएगी। वैश्विक जल संकट के समाधान के लिए विशेषज्ञ दीर्घकालिक नीतियों और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर देंगे। सम्मेलन का उद्देश्य जल संसाधनों के संरक्षण, उचित प्रबंधन, और समुदाय आधारित समाधानों की दिशा में ठोस रणनीति तैयार करना है। विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट्स ने चेतावनी दी है कि जल संकट का बढ़ता दायरा दुनिया के कई देशों पर संकट खड़ा कर सकता है। ऐसे में जल संसाधनों के दीर्घकालिक समाधान और सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।


डॉ संजय सिंह

# नाली के विवाद में वृद्धा की लाठी से पीट-पीटकर हत्या

संवाददाता अमृतपुर, फर्रुखाबाद


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजेपुर थाना क्षेत्र के गांव नया गांव उजरामऊ निवासी विमल अवस्थी और श्रीपाल भदौरिया उर्फ कल्लू के बीच एक माह से नाली का विवाद चला रहा है। मामले को लेकर 15 दिन पहले मारपीट हुई थी। उस समय श्रीपाल की 60 वर्षीय पत्नी प्रेमा देवी ने एनसीआर दर्ज कराई थी। 16 अक्टूबर को क्षेत्रीय लेखपाल ने जांच की थी। उन्होंने दोनों पक्षों से शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा था। शुक्रवार शाम को फिर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।


प्रेमा देवी।

इस दौरान प्रेमा देवी को लाठी डंडों से पीटकर धक्का दे दिया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। बेटा अनूप सिंह पुलिस के वाहन से मां प्रेमा देवी को लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने प्रेमा देवी को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि विमल अवस्थी, उनके पुत्र शंकर अवस्थी. गोपाल अवस्थी व परिवार के रोहित अवस्थी और नवदीप ने डंडों से पीटकर धक्का दे दिया, जिससे वृद्धा की मौत हो गई।

## मिट्टी खोदते समय धंसा टीला, मलबे में दबी किशोरी की मौत

**गुरसहायगंज।** दीपावली पर घर की रंगाई-पुताई के लिए किशोरी तालाब से मिट्टी लेने के लिए गई थी। यहां खोदते समय मिट्टी का टीला धंस गया और वह दब गई। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

गुरुवार शाम कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंसियापुर निवासी पुष्पेंद्र सिंह यादव की पुत्री गरिमा यादव (17) पुताई के लिए तालाब से मिट्टी लेने गई थी। खुदाई करते समय टीला धंस गया और गरिमा दब गई। यह देख सहेली ने शोर मचाया तो आसपास के लोग और परिजन आ गए। किसी तरह मलबा हटाकर किशोरी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। किशोरी की मौत से परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

# पत्नी के आत्महत्या की खबर सुन सिपाही पति ने भी दी जान

कार्यालय संवाददाता, औरैया


उपेंद्र।


संतोषी।

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला बनारसी दास पश्चिम में शुक्रवार की दोपहर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मृतका के मायके वाले अस्पताल पहुंचे। वहीं जानकारी मिली कि जिला रायबरेली के ऊंचाहार कोतवाली में तैनात महिला के सिपाही पति उपेंद्र ने भी देर शाम फांसी लगाकर जान दे दी।

शहर के मोहल्ला बनारसीदास निवासी संतोषी (26) पत्नी उपेंद्र कुमार की शुक्रवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मोहल्ले के लोगों के सहयोग से ससुरालियों ने संतोषी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और फरार हो गये। यहां चिकित्सक ने संतोषी को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस और इटावा निवासी संतोषी के मायके पक्ष के लोग अस्पताल आ गये। संतोषी के मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि संतोषी की शादी नवंबर 2023 में बनारसीदास निवासी राम नारायण के पुत्र उपेंद्र कुमार के साथ की गई थी। वर्तमान में उपेंद्र कुमार जनपद रायबरेली के थाना ऊंचाहार में सिपाही के पद पर तैनात है। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि शादी के कुछ महीने बाद से ही पति उपेंद्र व घर में मौजूद ससुरालीजन संतोषी को आए दिन किसी न किसी बात को लेकर टार्चर करते हुए परेशान करते थे। आरोप है कि ससुरालियों ने संतोषी की फांसी लगाकर हत्या कर उसे अस्पताल लेकर आए और फरार हो गये। वहीं देररात जानकारी मिली कि मृतका के पति उपेंद्र ने भी रायबरेली में अपने आवास पर फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी पर पुलिस अस्पताल पहुंची और संतोषी के परिजनों से पूछताछ की। साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# ट्रेलर की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

संवाददाता फतेहपुर


हादसे के बाद हाईवे पर फैला धान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चौडगरा ओवरब्रिज पर शुक्रवार सुबह ट्रेलर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इससे ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई। हादसे में ट्रैक्टर सवार एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान ट्रैक्टर रेलिंग से टकरा गया। पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को डायवर्ट कर यातायात को सुचारू कराया।

शुक्रवार सुबह करीब दस बजे रायबरेली जिले के सरेनी थाना अंतर्गत भोजपुर गांव के किसान बृजेश कुमार दीक्षित (45) अपने साथी इसरार (43) के साथ ट्रैक्टर पर धान लादकर गोधरौली की एक मिल में बेचने जा रहे थे। जब वह कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा ओवरब्रिज पर पहुंचे, तभी सामने से आ रहे एक ट्रेलर ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी।

ट्रेलर की टक्कर से ट्रैक्टर ओवरब्रिज की रेलिंग पर चढ़ गया और उसके परखच्चे उड़ गए। ट्रैक्टर चालक बृजेश कुमार दीक्षित सड़क पर दूर तक घिसटते चले गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ बैठे इसरार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चौडगरा, कल्यानपुर और औंग थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने वहां जमा भीड़ को हटाकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। घायल इसरार को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर सड़क से बाहर चल रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद सड़क पर धान बिखर गया। इस दौरान सड़क पर जाम की स्थिति पैदा हो गई।

### रोडवेज बस की टक्कर से युवक की चली गई जान

**फतेहपुर।** बिन्दकी के मुगलाही निवासी मोहम्मद शमीम अंसारी दो दिन पूर्व अपने ससुराल कानपुर गया था। जहां से शुक्रवार को लौटते समय रोडवेज बस को ओवरटेक करने के प्रयास में सड़क हादसे का शिकार हो गया। चौडगरा चौकी इंचार्ज मनोज कुमार सिंह ने बताया कि घायल को एबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# एमपी जा रही 41 बोरी खाद पकड़ी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, उरई

- कृषि विभाग के अधिकारियों ने चलाया जांच अभियान

**अमृत विचर।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन में कृषि विभाग ने अवैध तरीके से बेची जा रही उर्वरक खाद को लेकर अभियान चलाया। कृषि विभाग की टीम ने मध्य प्रदेश में खाद की सप्लाई करने वालों पर देर रात बड़ी कार्रवाई की। चेकिंग टीम को ट्रैक्टर-ट्राली से 41 बोरी खाद बरामद हुई। जिसके बाद संबंधित ट्रेडर्स के संचालक के खिलाफ माधौगढ़ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

रबी फसल को लेकर जिले के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रहे साथ ही खाद की कालाबाजारी न हो इसके लिए कृषि विभाग ने जिले के सभी ब्लॉक में टीमें तैयार की हैं। गुरुवार रात को कार्रवाई की। जिसमें एक ट्रैक्टर ट्राली से 16 बोरी डीएपी और 25 बोरी यूरिया बरामद की। खाद मध्य प्रदेश में अवैध तरीके से सप्लाई की जा रही थी। देर रात कृषि अधिकारी गौरव यादव और अपर कृषि अधिकारी पुष्कर दीक्षित की टीम ने सूचना के आधार पर टीम ने मध्य प्रदेश बॉर्डर से एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी, जिसमें डीएपी खाद और यूरिया लदा हुआ था।

शरदोत्सव | भक्तिमती शबरी नाटक रहा आकर्षण का केंद्र

# मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे, राम आएंगे...


शरदोत्सव में शबरी नाटक का दृश्य। अमृत विचार


शरदोत्सव में अभिनय करते कलाकार। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** भारत रत्न नानाजी देशमुख की जयंती पर दीनदयाल परिसर में शरदोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हुई प्रस्तुतियों ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मुंबई के साधो द बैंड की नाट्य प्रस्तुति भक्तिमती शबरी ने लोगों को भक्तिरस से ओतप्रोत कर दिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सविता दाहिया सतना के निर्देशन में नाट्य प्रस्तुति भक्तिमति शबरी से की गई। आलेख योगेश त्रिपाठी एवं संगीत संयोजन मिलिंद त्रिवेदी का रहा। इसमें बताया गया कि शबरी पिछले जन्म में एक रानी थीं, जो भक्ति करना चाहती थीं लेकिन राजा मना कर देते हैं।

तब शबरी अगले जन्म में भक्ति करने की बात कहकर गंगा में डूब कर अपने प्राण त्याग देती हैं। दूसरे जन्म में गंगा किनारे गिरिवन में बसे भील समुदाय को शबरी गंगा से मिलती हैं। भील समुदाय शबरी का लालनपालन करते हैं और युवावस्था में उनका विवाह का प्रयोजन किया जाता है। विवाह में जानवरों की बलि देने का विरोध कर घर छोड़ कर घूमते हुए मतंग ऋषि के आश्रम में पहुंचती हैं, जहां ऋषि शबरी को दीक्षा देते हैं। मतंग ऋषि माता शबरी से कहते हैं कि इस जन्म में मुझे तो प्रभु राम के दर्शन नहीं हुए, लेकिन तुम जरूर इंतजार करना। प्रभु जरूर दर्शन देंगे। भगवान राम और माता शबरी मिलाप प्रसंग में भगवान राम माता शबरी को नवधा भक्ति कथा सुनाते हैं और शबरी उन्हें माता सीता तक पहुंचने वाले मार्ग के बारे में बताती हैं। अंत में शबरी समाधि ले लेती हैं। भजन मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे.. राम आएंगे-आएंगे राम आएंगे... सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, देख लो मेरे दिल के नगीने में... भजन ने भी मोहा।

### नानाजी का कृतित्व हिमालयी है : रामहृदय दास

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मप्र की नगरीय निकाय एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि नानाजी देशमुख ने वैभव को त्यागकर समाज को प्रेरणा देने का काम किया। समाज और देश की सेवा करने वाले व्यक्ति पूज्य हो जाते हैं। रामायणी कुटी के महंत रामहृदय दास ने कहा कि बड़ा संयोग है कि चंद्र के अमृत के रूप में शरदपूर्णिमा के दिन नानाजी का जन्म हुआ और उन्होंने सत्ता और पद को ठुकराते हुए समाजिक जीवन में कुछ करके दिखाया। नानाजी का कृतित्व हिमालयी है। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति विभाग के विनोद गूजर ने किया।

### तीसरे दिन होगी पवनदीप राजन की प्रस्तुति

शरदोत्सव के तीसरे दिन सुगम संगीत का आयोजन होगा। इसमें इंडियन आइडल के विजेता गायक पवनदीप राजन एवं अरुणिता कांजीलाल मुंबई भी अपनी प्रस्तुति देंगे।

## बीमारी से तंग आकर महिला ने लगाई फांसी

**औरैया।** गुरुवार की देर शाम दिबियापुर नगर के मंडी गेट के पास सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक की बहू ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय घर में ससुर व छोटी पुत्री थी। भाई की सूचना पर सीओ सदर ,दिबियापुर थाना प्रभारी मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

दिबियापुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर शाम नगर के मंडी गेट के पास रह रहे रिटायर्ड उपनिरीक्षक बालिस्टर सिंह के छोटे पुत्र कपिल की पत्नी समता (30 वर्ष) ने अपने कमरे में फांसी पर लटककर जान दे दी। घटना के समय ससुर व छोटी पुत्री घर के बाहर बैठे हुए थे। पति कपिल बाहर से जब अंदर गया तो कमरे में पत्नी को फांसी के फंदे पर लटकते देख उसके होश उड़ गए। सूचना पर महिला के मायके वाले भी पहुंच गए। उन्होंने मामले की सूचना 112 पर दी। पिता करन सिंह ने बताया कि पुत्री समता की शादी 2018 में कपिल के साथ की थी अभी तक घर में वाद विवाद की कोई शिकायत नहीं थी।

# प्रेम संबंध के चलते किशोरी ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, औरैया


रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सहायल थाना क्षेत्र के फतेहपुर भट्टा गांव की किशोरी पूजा उर्फ सिम्मी 16 वर्ष ने नीम के पेड़ में दुपट्टे से सुबह करीब 4 बजे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

मृतका पूजा उर्फ सिम्मी की बड़ी बहन अर्चना ने घटना के बारे में बताया की सहायल थाना क्षेत्र के बंदी पुर्वा गांव निवासी एक लड़के से उसकी बहन का एक वर्ष से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। बताया की मेरी बहन रात्रि 11 बजे तक मेरे साथ लेटी थी उसके बाद पता नहीं वह कब और कहां चली गई। जब मैं सुबह सो कर उठी तो मेरी बहन गायब थी। खोजने का जब प्रयास किया तो घर के पीछे आंगन में करीब 4 बजे नीम के पेड़ के सहारे फांसी पर लटकती मिली। सूचना मिलने पर फॉरेंसिक टीम व सहायल थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता रामआसरे ने आरोपित लड़के के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सहायल थाना अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया मृतका के पिता रामेश्वर के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# नहीं हुई नमाज, मस्जिद में लगा रहा ताला

## महराजगंज में भारी फोर्स की तैनाती से नहीं गए नमाजी, पूरे दिन सड़कों पर गश्त करती रही पुलिस



भगवानपुर में पैदल मार्च करते पुलिस के जवान।



नगर में भ्रमण करतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी। अमृत विचार

**बहराइच हिंसा**

संवाददाता, भगवानपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद के महराजगंज बाजार में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान हुई हिंसा के बाद शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद में ताला लगा रहा। इस दौरान बाजार व आसपास के क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसके चलते लोग मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए लोग नहीं गए।

हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान हुई हिंसा में राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। इसे देखते हुए पूरे बाजार और क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस, पीएससी और आरएएफ के जवान तैनात रहे। शुक्रवार को जुमा होने से सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई। पुलिस की मौजूदगी के बाद भी मुस्लिम समाज के लोग नमाज के लिए नहीं गए। शुक्रवार होने के बाद भी मस्जिद का ताला नहीं खुला। पूरे दिन पुलिस गश्त करती रही। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने कहा कि क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पूरी तरह शांति है। उन्होंने लोगों से निर्भीक होकर घरों से बाहर निकलने की अपील की।

### आरोपियों को संरक्षण दे रहा था प्रधानपति अफजल



**भगवानपुर, बहराइच।** जिले के महराजगंज में रविवार को हुई हिंसा में शामिल आरोपियों को गांव का प्रधानपति मोहम्मद अफजल उर्फ कल्लू ही संरक्षण दे रहा था। ऐसे में पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के साथ-साथ ग्राम प्रधान पति को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को कोतवाली नानपारा क्षेत्र के हाड़ा बसेहरी नहर के निकट से मकान मालिक अब्दुल हमीद, बेटे सरफराज उर्फ रिंकू, मोहम्मद तालिब और फहीम को गिरफ्तार किया था। घटनास्थल से 12 बोर एसबीएल, जिंदा कारतूस और एक खोखा भी बरामद किया गया था। पांचवां आरोपी मोहम्मद अफजल उर्फ कल्लू पुत्र अनवर महराजगंज का ग्राम प्रधानपति है। वह हिंसा में शामिल आरोपियों को संरक्षण दे रहा था। ऐसे में हिंसा में संलिप्तता और अपराधियों को संरक्षण देने में पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### बहराइच जाने से परमहंस आचार्य को पुलिस ने रोका

**अयोध्या** : बहराइच में हुई हिंसा और रामगोपाल मिश्रा की हत्या के विरोध में शुक्रवार को तपस्वी छावनी के परमहंस आचार्य पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के लिए निकले तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। परमहंस आचार्य ने सीओ आशुतोष तिवारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देते हुए कहा कि इस घटना में इंडिया गठबंधन और सपा कांग्रेस के लोगों का हाथ है। कहा कि सरकार हिंदुओं पर हो रहे हमले पर रोक लगाए। क्षेत्राधिकार अयोध्या ने कहा कि परमहंस आचार्य के द्वारा बहराइच जाने का प्रयास किया जा रहा था। जिन्हें रोका गया।

### नगर में भ्रमणशील रहे एडीजी, डीएम व एसपी

**बहराइच।** जिले में शान्ति तथा लोगों में सुरक्षा का एहसास कराने के उद्देश्य से एडीजी गोरखपुर जोन डॉ. केएस प्रताप सिंह, डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला प्रशासनिक, पुलिस अधिकारियों तथा सुरक्षा बलों के लगातार नगर क्षेत्र में भ्रमणशील रहे। वे घण्टाघर से छावनी, दरगाह शरीफ, रामलीला मैदान, बशीरगंज चौराहा, जामा मस्जिद, रोडवेज, पानी की टंकी, अस्पताल चौराहा व छोटी बाजार होते हुए सम्पूर्ण नगर क्षेत्र में कानून व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसपी नगर रामानंद कुशवाहा, सीओ सिटी रमेश कुमार पांडेय भी मौजूद रहे।

### हिंसा में शामिल 26 और आरोपी दबोचे गए

**बहराइच।** जिले के महराजगंज बाजार में रविवार को हुई हिंसा में पुलिस ने शुक्रवार को 26 और लोगों गिरफ्तार किया। मेडिकल जांच के बाद सभी को जेल भेज दिया गया है। मामले अब तक 83 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। प्रभारी निरीक्षक कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस टीम ने महराजगंज बाजार निवासी अलताफ पुत्र असलम, अनवर हुसैन पुत्र अंसार अहमद, तालिब पुत्र जहिद, नफीस पुत्र रमजान, नौशाद पुत्र आमीन, सलाम बाबू पुत्र मुनऊ, गुलाम पुत्र दानिश, अनवार अशरत पुत्र मो तुफैल, मो एहसान पुत्र मो अली, मो अली पुत्र मो शफी, दोस्त मोहम्मद पुत्र नजीर अहमद, मो जाहिद पुत्र अब्दुल शाहिद, सुद आलम पुत्र गुलाम सैय्यद, मो इमरान पुत्र मो नसीम, जीशान आदिल पुत्र मो नसीम, रिजवान पुत्र लतीफ, फुलकान पुत्र लतीफ, इमरान पुत्र लतीफ, समसुद्दीन पुत्र अयूब, इमरान पुत्र अनवर, मेराज पुत्र भग्गन, आमीर पुत्र पीर आमीर, शाहजादे पुत्र गुलाम, मो मौसीन पुत्र मो नसीम, शहजादे पुत्र मो शमीम और सलमान पुत्र मो शमीम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# अफीम तस्कर की संपत्तियों की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● कानपुर में पकड़ी गई अफीम में झारखंड के तस्करों से जुड़े हैं आंवला के मेराज के तार

**अमृत विचार।** नारकोटिक्स ब्यूरो (एनसीबी) लखनऊ ने आंवला के अफीम तस्कर मेराज अहमद, उसकी पत्नी और उसके भाई के साथ झारखंड के तस्करों की संपत्तियों को खंगालना शुरू कर दिया है। एनसीबी के इंस्पेक्टर कौशलेंद्र मिश्रा ने तस्करों की संपत्ति की जांच कराकर रिपोर्ट भेजने के लिए जिलाधिकारी, एसडीएम आंवला और उप निबंधक आंवला को पत्र लिखा है।

इंस्पेक्टर ने कृषि भूमि, प्लॉट, मकान और दुकान तहसील, जिला या अन्य स्थानों पर होने के संबंध में जानकारी मांगी है।

कानपुर नगर में पकड़ी गई 10 किलो अफीम के मामले में आंवला के तस्कर मेराज अहमद, उसकी पत्नी अर्सी नाज और उसके भाई आफताब के तार भी जुड़े हैं। अर्सी नाज ने अपने खाते से राम नाथ मुंडा निवासी हंट, पोस्ट अधकी, जिला कुंती (झारखंड) के फोन पे के खाते में 70 हजार रुपये ट्रांसफर किए। ये ट्रांजेक्शन 6 जून को तीन बार में किए गए थे। मेराज के भाई ने अपने खाते से 6 जून को ही रामनाथ मुंडा के खाते में 50 हजार रुपये का ट्रांजेक्शन किया था। एसबीआई खाते में हुए ट्रांजेक्शन के बाद ही नारकोटिक्स ब्यूरो लखनऊ की टीम को तस्कर मेराज और झारखंड के अफीम तस्करों के बीच कनेक्शन मिला है। 12 जुलाई को नारकोटिक्स की टीम ने प्रयागराज-झांसी राज मार्ग कानपुर नगर, निकट मंगला विहार सेकेंड के पास से फ्लाईओवर से 10 किलो अफीम के साथ तस्कर पकड़े थे। अफीम सीज कर नारकोटिक्स टीम ने एनडीपीएस में रिपोर्ट दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई, इसके बाद अफीम तस्करी के तार जुड़ते चले गए।

## त्रिस्तरीय पंचायतों को इस माह मिले 800 करोड़

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने शुक्रवार को त्रिस्तरीय पंचायतों को पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुति के तहत पंचायती राज संस्थाओं को अक्टूबर माह के लिए 800 करोड़ की रुपये की धनराशि की है। इसमें जिला पंचायतों को 120 करोड़, ब्लाकों को 120 करोड़ और ग्राम पंचायतों 560 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है।

शासन के विशेष सचिव आलोक दीक्षित ने शुक्रवार को पंचायती राज निदेशक को जारी शासनादेश में राज्य की स्वीकृति की जानकारी देते हुए कहा है कि यह राशि जिला पंचायतों, ब्लाक पंचायतों और ग्राम पंचायतों को आवंटित धनराशि उनके खाते में भेजी जाएगी। एक सप्ताह में आहरण करने के साथ बिल-बाउचर शासन को भेजें।

# नकलविहीन व पारदर्शिता से हो पीसीएस-2024 परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्य सचिव ने दिये फुलप्रूफ व्यवस्था करने के निर्देश

**अमृत विचार।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पीसीएस-2024 परीक्षा नकलविहीन व पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित कराई जाय। उन्होंने फुलप्रूफ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को प्रोटोकॉल के अनुसार पूरा सम्मान दिया जाय। मुख्य सचिव शुक्रवार को लोकभवन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिये सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि परीक्षा 7 व 8 दिसंबर को प्रस्तावित है। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग के निर्देशों की बुकलेट बनाकर जिलों को भेजी जाय, ताकि कहीं भी कोई अव्यवस्था की आशंका न रहे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को प्रोटोकॉल के अनुसार पूरा सम्मान देने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी अपने सम्बन्धित सांसद व विधायक के फोन नंबर मोबाइल में 'सेव' रखें। मंडल व जिला स्तर पर आयोजित बैठकों में प्रोटोकॉल के अनुसार बैठने की सम्मानजनक व्यवस्था हो। प्रमुख सचिव राजस्व पी गुरुप्रसाद, प्रमुख सचिव पशुधन केरवीन्द्र नायक, सचिव कृषि अनुराग यादव समेत अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

## सार-संक्षेप



फीता काटकर देवा मेले की शुरुआत करतीं जिलाधिकारी की पत्नी सुप्रिया कुमारी।

### देवा मेला शुरू, जिलाधिकारी की पत्नी ने किया उद्घाटन

**देवा, बाराबंकी** : शहनाई की धुन और पीएसी बैंड की सुमधुर ध्वनि के बीच शुक्रवार को दस दिवसीय देवा मेले का आगाज हो गया। मेला अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटे 38 मिनट की देरी से शुरू हुआ। डीएम सत्येन्द्र कुमार की पत्नी सुप्रिया कुमारी ने शेख हसन गेट पर फीता काटकर इसकी शुरुआत की। इसके बाद शांति के प्रतीक कबूतर उड़ाए गए। उद्घाटन होते ही कई किमी की परिधि में फैला मेला परिसर जीवंत हो उठा। पूरी दुनिया को कौमी एकता का पैगाम देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की मजार पर उनके पिता सैयद कुर्बान अली शाह उर्फ दादा मियां की याद में हर साल यह मेला लगाया जाता है। धीरे-धीरे यह मेला भव्य रूप लेता चला गया और आज देश ही नहीं दुनिया के कोने-कोने से लोग मेले में जियारत के लिए आते हैं। मेले के दौरान पूरे परिसर के साथ-साथ समूचा कस्बा भी जायरीनों की आमद से गुलजार रहता है। उदघाटन के मौके पर अपर जिलाधिकारी व सचिव देवा मेला प्रदर्शनी समिति अरुण कुमार सिंह, मेला सुपरवाइजर इत्तिदार अहमद शक्कू, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा, क्षेत्राधिकारी नगर सुमित त्रिपाठी, कोतवाल देवा अनिल कुमार पांडेय, मेला प्रभारी राम नरेश यादव सहित तमाम अधिकारी व मेला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

### अग्निवीरों के मोबाइल, एटीएम चोरी करने वाले को पकड़ा

**बरेली** : जाट रेजिमेंट सेंटर के कुक हाउस में एक निजी कंपनी के कर्मचारी ने दो अग्निवीरों के मोबाइल फोन और एटीएम कार्ड चोरी कर लिए। उसने एटीएम से रुपये भी निकाल लिए। थाना कैंट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जाट रेजिमेंट सेंटर में तैनात सूबेदार ब्रजवासी ने बताया कि थाना कैंट क्षेत्र के 483-सदर कैंट निवासी निखिल पांच महीने से विवाश एंड आर कंपनी के अंतर्गत कुक हाउस में काम कर रहा था। 11 अक्टूबर को रात 9 बजे वह अग्निवीर लाइन में गया और वहां से अग्निवीर मनीत का एटीएम कार्ड और आकाश सोलंकी का मोबाइल फोन चुरा लिया। मनीत के मोबाइल पर खाते से 45 हजार पांच सौ 60 रुपये कटने का मेसेज आया तो उन्होंने अधिकारियों को जानकारी दी। एटीएम में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने से आरोपी की पहचान हुई। उसे गुरुवार सुबह 4 बजे सैन्यकर्मियों ने जाट रेजिमेंट के गेट से उसे पकड़ लिया और उसके पास से चुराया हुआ एटीएम कार्ड और मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। उसके बाद पुलिस को सौंप दिया गया।

### नीट एमडीएस काउंसिलिंग में मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** राज्य के डेंटल कॉलेजों में एमडीएस की रिक्त सीटों के लिए होने वाली तीसरी काउंसिलिंग स्पेशल स्ट्रे वैकेंसी राउंड में 237 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची जारी कर दी गई है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय ने शुक्रवार को सूची जारी कर दी है। मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थी कल से मनपंसद कॉलेज की प्राथमिकताएं देंगे, 21 अक्टूबर को सीट आवंटन परिणाम घोषित किए जाएंगे। सीट आवंटन के बाद दाखिले की प्रक्रिया शुरू होगी।

### फर्जी एनकाउंटर से डराने का प्रयास कर रही है सरकार

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा पुलिस के द्वारा राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ अन्याय, अत्याचार कर रही है। झूठे मुकदमे लगाकर परेशान कर रही है। फर्जी एनकाउण्टर कर लोगों को डराने का प्रयास कर रही है। सपा प्रमुख शुक्रवार को कहा कि सच्चाई यह है कि लोकसभा चुनाव में हार से डरी भाजपा उपचुनाव का सामना नहीं करना चाहती है। अब असामाजिक तत्वों के जरिए जगह-जगह हिंसा और बवाल करा रही है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा की साजिश और षडयंत्र को समझ रही है। प्रदेश की जनता लोकसभा चुनाव की तरह उपचुनाव में भी भाजपा को करारी शिकस्त देगी।

### लैब में जहरीली गैस रिसने से 4 छात्र हुए बेहोश

**बाराबंकी** : सतरिख थाना क्षेत्र के शरीफाबाद स्थित शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में शुक्रवार को विज्ञान प्रयोगशाला में प्रैक्टिकल के दौरान जहरीली गैस बन गयी। इसकी चपेट में आकर चार छात्र बेहोश हो गए। छात्रों को तत्काल सीएचसी ले जाया गया। शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज में शुक्रवार की सुबह करीब 9:30 बजे विज्ञान की प्रयोगशाला में प्रैक्टिकल करने के लिए कक्षा 6 के छात्र शिक्षक जैमिनी से जिद करने लगे तो वह सभी छात्रों को लैब लेकर चले गए। शिक्षक जैमिनी की मौजूदगी में छात्र प्रैक्टिकल करने लगे। उसी दौरान गैस के छल्ले निकलने लगे। इससे रसूलपुर गांव के आशीष वर्मा (12), दियानतनगर गांव के हर्षित सिंह (12), इसी गांव के सत्यम अवस्थी (13) व खपुरवा के प्रतीक यादव (14) बेहोश हो गए।

# मंदिरों को बनाएं सनातन शक्ति का केंद्र : माधवी लता

अयोध्या कार्यालय



कार्यक्रम का उद्घाटन करतीं भाजपा की नेता माधवी लता। अमृत विचार

● तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन में 10 को मिला अरविंदो सम्मान

**अमृत विचार :** शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन में देश 10 लोगों को अरविंदो सम्मान से सम्मानित किया गया। हैदराबाद से आईं भाजपा नेत्री माधवी लता ने कहा कि मंदिरों को सनातन शक्ति का केन्द्र बनाया जाना चाहिए। जहां से ही सामाजिक गतिविधियों को चलाई जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर ही सनातन संस्कृति के ऊर्जा का स्रोत है मंदिरों की खोई हुई शक्ति को पुनर्जागृत करने का समय आ गया है।

अध्यक्षता कर रहे मेजर रमेश उपाध्याय ने बताया कि यह संस्था देश भर में सनातन संस्कृति के मंदिरों को सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनाने के कार्य में लगी हुई है। कार्यक्रम में प्रथम श्रेणी प्रकृति की समृद्धि, संरक्षण, संवर्धन, शैक्षिक सक्रियता के लिए दिल्ली प्रान्त से डॉ. स्मिता सुंदरम और मध्यप्रदेश प्रान्त से मनोज जोशी को सम्मानित किया गया। दूसरी श्रेणी में धर्म का पालन, गोसेवा, धर्म रक्षा, ज्ञान, अध्यात्म के लिए महेन्द्र जोशी राजस्थान और तीव्रा ठाकुर को बिहार प्रान्त से सम्मानित किया गया।

तीसरी श्रेणी में समाज की सेवा, शिक्षा, संस्कार, स्वरोजगार के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले डॉ दीपक कुलकर्णी मध्यप्रदेश, शरदचंद्र डीएस कर्नाटक, हरीश बहुगुणा उत्तराखंड और बोधमिता श्रीवास्तव पश्चिम बंगाल को सम्मानित किया गया है। चौथी श्रेणी में संस्कृति का संरक्षण कला-संगीत, योग-साधना, साहित्य के लिए आचार्य रामकुमार शर्मा उत्तरप्रदेश और डॉ. सुनीता भारती बिहार को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महंत परशुराम दास, महंत जगदीश दास, महंत शशिकांत दास, किशोर मोहता, राष्ट्रीय संयोजक संजय शर्मा, राकेश शर्मा, उदय वीर शर्मा, मनीष जायसवाल, मनोज लोहिया, दुर्गेश पांडेय, रोनित कश्यप आदि मौजूद रहे।

## आज मुख्यमंत्री ने बुलाई उप चुनाव की तैयारी बैठक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उप चुनाव के मद्देनजर अपने आवास पर सुबह 11 बजे बैठक बुलाई है। इसमें चुनाव जीतने की रणनीति के साथ प्रत्याशियों के नाम की घोषणा भी हो सकती है।बैठक में दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह समेत संगठन से जुड़े कई नेताओं को भी बुलाया गया है।

# डरी सपा उपचुनाव से भाग रही

अयोध्या कार्यालय

● बोले पूर्व विधायक, हाईकोर्ट में याचिका वापसी का विरोध करने से यह हो गया साफ

**अमृत विचार:** भाजपा के पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने शुक्रवार को कहा कि मिल्कीपुर में पीडीए का फार्मूला प्रभावी नहीं हो पाया। इसलिए सपस अब उपचुनाव से भाग रही है। यह उच्च न्यायालय में याचिका वापसी में वकील खड़ा करके विरोध करने से यह साफ हो गया। वह शुक्रवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने माना कि उपचुनाव के मद्देनजर दाखिल याचिका को लेकर चूक हुई। वकीलों से बातचीत की थी लेकिन विजयी प्रत्याशी के पद पर न होने से उसे प्रभावहीन मान लिया। जैसे ही आयोग की घोषणा में मिल्कीपुर का नाम ने होने की जानकारी हुई। उन्होंने कोर्ट प्रोसीडिंग के जरिए याचिका वापसी की कार्रवाई शुरू कर दी। अपने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में याचिका वापसी की अर्जी दिलवाई। स्वयं वहां मौजूद रहे लेकिन सपा की असलियत इसके साथ सामने आ गई। बताया कि अचानक सपा के तत्कालीन विधायक अवधेश प्रसाद के वकील के साथ कई अधिवक्ता कोर्ट में पहुंच गए। उन्होंने याचिका वापसी को लेकर विरोध शुरू कर दिया। अब न्यायालय से नोटिस जारी होगा, फिर सुनवाई होगी। कहा कि उपचुनाव को लेकर कल तक भाजपा पर आरोप लगाने वाले लोगों ने दोहरी चाल शुरू कर दी।

**अच्छी खबर** बाघिन और तीन शावकों को कुकरा-बांकेगंज मार्ग पार करते देख ठिठके लोग

# दुधवा में बढ़ता जा रहा बाघों का कुनबा

संवाददाता, बांकेगंज/कुकरा (खीरी)

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व की वफर जोन की मैलानी रेंज जंगल से सटे बरौछा नाला में एक बाघिन तीन शावकों के साथ देखी गई। कुकरा-बांकेगंज मार्ग पर शुक्रवार सुबह सवा आठ बजे बाघिन अपने शावकों के साथ सड़क पार करने लगी तो लोग ठिठक गए। वाहनों के पहिए थम गए। कुछ लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। करीब आधे घंटे बाद आवागमन शुरू हो सका।



बांकेगंज-कुकरा रोड क्रॉस करती बाघिन।

### कोई सहम गया तो कोई वीडियो बनाने लगा

खुले में बाघ को पहली बार देखने वाले कुकरा निवासी धर्मेंद्र यादव बताते हैं कि बाघिन को इस तरह सामने देखकर वह सहम गए थे इस बीच कुछ लोग वीडियो भी बना रहे थे। मैलानी रेंज जटपुरा बीट के फॉरेस्टर अखिलेश सिंह ने बताया कि उन्हें बाघिन के साथ तीन शावकों के होने की जानकारी मिली है। गोला वन रेंजर संजीव तिवारी ने बताया कि बाघिन की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। यह बाघ जंगल से निकलकर कभी मैलानी वन रेंज में जाता है तो कभी गोला वन रेंज में प्रवेश करता है।

> इस मार्ग पर बाघ और शावकों की आमद है, इसलिए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। स्टाफ को मौके पर भेजा जा रहा है, ताकि हालात पर काबू पाया जा सके। -संजीव कुमार तिवारी, वन क्षेत्राधिकारी गोला

शुक्रवार की सुबह बाघिन अपने एक शावक को मुंह में दबाए सड़क पार कर रही थी, जिसे देखते ही लोगों के पांव ठिठक गए, वाहनों की रफ्तार थम गई। बाघिन अपने एक शावक को सड़क की दूसरी तरफ रखकर वापस आई और दूसरे शावक को मुंह में दबाकर सड़क पार करने लगी। इस बीच बाघिन के पीछे-पीछे पहला शावक सड़क पर आ गया था। बाघिन एक शावक को मुंह में दबाए और दूसरे को धक्का देते हुए खेत की ओर चली गई। वहां दोनों शावकों को छोड़कर पुनः सड़क के दूसरी तरफ आई और तीसरे शावक को मुंह में दबाकर सड़क पार करने लगी। इतने में दोनों शावक भी सड़क पर आ गए थे। बाघिन तीसरे शावक को मुंह में दबाए और अन्य दोनों को धक्का देते हुए खेत में उतर गई। पौन घंटे तक राहगीर सड़क के दोनों तरफ खड़े रहे, बाघिन तीनों शावकों के साथ खेत में चली गई।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 568/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2024-25/ दिनांक 26.07.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती पुष्पा रानी पत्नी सियाराम | श्री पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र रतनलाल | दीवानपुरा-2 | 03 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद-राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1206/1/न0पा0प0-राठ/म्यु0सू0/2024-25/ दिनांक 12.09.2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती बसन्ती देवी पत्नी परमेश्वरी दयाल | श्री कमलापत पुत्र धर्मदास | दीवानपुरा-2 | 03 | 264 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ-हमीरपुर

**महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय**
**चित्रकूट, जिला- सतना (म.प्र.)**

**कैन्टीन संचालन तथा फोटोकापी, कम्प्यूटर टाइपिंग संचालन हेतु निविदा**

विश्वविद्यालय की कैन्टीन एवं मेस परिसर में (विश्वविद्यालय कैन्टीन, कृषि प्रक्षेत्र में कैन्टीन एवं महिला छात्रावास में मेस) के संचालन हेतु मुहर बन्द निविदायें दिनांक 06 नवम्बर 2024 अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 01.30 बजे खोली जायेंगी। निविदा फार्म म.गां.चि. ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट की वेबसाइट www.gramodayachitrakoot.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म के साथ रू. 1000/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट लगाकर कुलसचिव कार्यालय में रखी टेण्डर पेटी में जमा किये जा सकते हैं।

विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु MP Online, कियोस्क सेन्टर, फोटोकापी एवं कम्प्यूटर टाइपिंग संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। मुहर बन्द निविदायें दिनांक 06 नवम्बर 2024 अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 03.30 बजे खोली जायेंगी। निविदा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.gramodayachitrakoot.ac.in से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है। निविदा फार्म के साथ रू. 1000/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट लगाकर कुलसचिव कार्यालय में रखी टेण्डर पेटी में जमा किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र पर दिये गये निर्देशों एवं शर्तो के आधार पर ही MP Online, कियोस्क सेन्टर, फोटोकापी एवं कम्प्यूटर टाइपिंग संचालन हेतु दिया जायेगा।

वेबसाइट :- www.gramodayachitrakoot.ac.in
दूरभाष :- 07670-265411, 265689

कुलसचिव

## एक नजर

### कोटे में कोटा एससी वर्ग को बांटने का षड्यंत्र :मायावती

**अमृत विचार, लखनऊ** : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने उच्चतम न्यायालय के अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में आरक्षण लागू करने का आदेश लागू कर दिया गया है। ऐसा करना अनुसूचित वर्ग को बांटने व आपस में लड़ाते रहने का षड्यंत्र है। सोशल मीडिया 'एक्स' पर उन्होंने कहा कि ऐसा करने से रोकने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के आगे नहीं आने से यह साबित हो गया है कि कांग्रेस की तरह भाजपा भी आरक्षण को पहले निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने व अन्तत: इसे समाप्त करने में लगी है।

### आप के शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बने महेंद्र सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ** : आम आदमी पार्टी (आप) में मीडिया प्रभारी रहे महेंद्र सिंह को शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। वंशराज दुबे को मुख्य प्रदेश प्रवक्ता, सर्वेश मिश्रा को चीफ मीडिया कॉर्डिनेटर और सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्षा बोईशाली सिन्हा को नई ज़िम्मेदारी दी है। गोमतीनगर स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने कहा कि महेंद्र सिंह सभी जिलों में शिक्षक प्रकोष्ठ का विस्तार कर पार्टी को नई धार देने का काम करेंगे।

### छात्रवृत्ति से लेकर अभ्युदय योजना पर होगा विमर्श

**अमृत विचार, लखनऊ** : समाज कल्याण विभाग की ओर से चलाई जा रही छात्रवृत्ति योजना से लेकर प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना पर 21 अक्टूबर को योजना भवन में विमर्श होगा। बैठक में उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और मध्य प्रदेश से समाज कल्याण विभाग के सचिव और निदेशकों भी शामिल होंगे।

# निवेश और भू-अधिग्रहण में देरी पर जिलाधिकारी होंगे जिम्मेदार

## तीन स्तरों पर होगी समीक्षा, हर विभाग में नामित किए जाएं नोडल अधिकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


योजना भवन में प्रदेश के आथिक विकास के प्रयासों की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी।

**अमृत विचार :** वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के लिए चल रहे प्रयासों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि निवेश और भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। इसके लिए जिलाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। कहा कि एमओयू को धरातल पर उतारें। विभिन्न स्वीकृतियों की प्रक्रियाओं को समयबद्ध करना होगा। निर्देश दिए कि पब्लिक ग्रीवांस सिस्टम को और लाभकारी बनाया जाने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हर विभाग में एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। नोडल अधिकारी साप्ताहिक, प्रमुख सचिव स्तर पर पाक्षिक और विभागीय मंत्री के स्तर पर मासिक समीक्षा बैठक की जाए। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से संवाद-समन्वय बनाएं।

**निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिका**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की सफलता में निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। ऐसे में निवेशकों से संपर्क-संवाद का क्रम जारी रखें और प्रत्येक एमओयू को धरातल पर उतारें। लैंडबैंक के विस्तार, नीतिगत सुधार और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए और बेहतर प्रयास करें। साथ ही बीमार यूनिट की पहचान करें। कहा कि अपेक्षित परिणाम के लिए आंकड़ों का संग्रहण शुद्धता के साथ होना आवश्यक है, इसके लिए प्रशिक्षण दिए जाएं।

बैठक में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, बेसिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योगेंद्र उपाध्याय, मंत्री दिनेश प्रताप सिंह समेत मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, एसीएस एसपी गोयल, एसीएस दीपक कुमार, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद मौजूद रहे।

### ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज और कम्युनिकेशन में 129 प्रतिशत वृद्धि

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के सेक्टरवार विकास में आशातीत परिणाम मिल रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अलग-अलग सेक्टरों के लिए सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) का जो लक्ष्य रखा गया, उसके सापेक्ष अधिक वृद्धि हुई। कृषि और सहायक सेक्टर के लिए अनुमानित जीवीए 5.85 लाख करोड़ के सापेक्ष 5.98 लाख करोड़, विनिर्माण के 2.48 लाख करोड़ के सापेक्ष 2.79 लाख करोड़, ट्रांसपोर्ट, स्टोरेज और कम्युनिकेशन के अनुमानित जीवीए के सापेक्ष 129 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। ऐसे ही हाल अन्य सेक्टरों में भी है। ओवरऑल 2023-24 में राज्य के लिए अनुमानित जीएसवीए 23 लाख करोड़ के सापेक्ष सकल मूल्य वर्धन 23.24 लाख करोड़ रहा है।

### एआई और ड्रोन पॉलिसी लागू करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर आईटी/आईटीईइस का ग्लोबल हब बन कर उभरा है। प्रदेश में इसके टेस्टिंग सेंटर की स्थापना का प्रयास करें। लखनऊ में एआई सिटी की भूमि चिन्हित की जा चुकी है, इससे संबंधित पॉलिसी यथाशीघ्र लाई जाए। साथ ही ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेनिंग के लिए भी प्रस्ताव मिले हैं, इसकी संभावनाओं का लाभ लेने के लिए यथाशीघ्र अपनी ड्रोन पॉलिसी लागू करनी चाहिए। स्टार्ट अप पंजीकरण के लिए कानपुर के साथ नोएडा में भी सुविधा कार्यालय शुरू कराया जाए।

# एडीजी वाराणसी करेंगे सीओ विनय चौहान के खिलाफ विभागीय जांच

**एक महीने में शासन को सौंपनी होगी रिपोर्ट**

## एसपी सिद्धार्थनगर की जांच में दोषी सीओ निलंबित, डीजीपी मुख्यालय से किए गए संबद्ध

## चार महीने पहले बस्ती में जयपुर की महिला डॉक्टर को सीओ, पत्नी और बेटी ने पीटा था

डी.पी.शुक्ल, लखनऊ

**24** मई को बस्ती में सीओ आवास में हुई थी घटना

**01** जून को सीओ, उनकी पत्नी व बेटी पर दर्ज हुआ था केस

**अमृत विचार :** शासन ने जयपुर की रहने वाली डॉ. महिला मित्र के साथ मारपीट के आरोपी बस्ती के तत्कालीन सीओ सिटी विनय चौहान के खिलाफ विभागीय जांच वाराणसी जोन के एडीजी पीयूष मोर्डिया को सौंपी है। गृह सचिव डॉ संजीव गुप्ता ने एडीजी पीयूष मोर्डिया को भेजे पत्र में एक माह के अन्दर जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा है। मालूम रहे कि एसपी सिद्धार्थनगर ने अपनी जांच रिपोर्ट में सीओ को दोषी ठहराते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की, जिस पर उन्हें निलंबित कर डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध किया जा चुका है।

बस्ती के एसपी से की गई शिकायत में सीओ सिटी विनय चौहान के साथ वर्षों से रिलेशनशिप में रहने का हवाला देते हुए जयपुर की महिला डाक्टर ने 24 मई को बस्ती उनके सरकारी आवास पर सीओ की पत्नी और बेटी पर मारपीट करने का आरोप लगाया था। वह सीओ के बुलाने पर ही वहां गई थीं। आरोप है कि सीओ, उनकी पत्नी और बेटी ने मिलकर उसका मुंह दबाया, उसे जूतों से पीटा, कपड़े फाड़े, धमकी और जातिसूचक गालियां दी। उसने सीओ पर शादी का झासा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप भी लगाया था। इस मामले में बस्ती शहर कोतवाली में 01 जून को सीओ, उनकी पत्नी तथा बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

मामला संज्ञान में आने पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने मामले की जांच सिद्धार्थनगर की पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह को सौंपी थी। प्राची सिंह की जांच रिपोर्ट के आधार पर सीओ विनय चौहान को निलम्बित करते हुए उन्हें डीजीपी मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। वहीं शासन ने पूरे मामले की जांच वाराणसी जोन के एडीजी पीयूष मोर्डिया को सौंपी है। उनसे एक महीने में जांच रिपोर्ट मांगी गई है।

## दीपावली पर चौकस होगी बिजली आपूर्ति व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** दीपावली के मौके पर प्रदेश की बिजली आपूर्ति व्यवस्था चौकस रहेगी। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने वितरण निगमों के प्रबंध निदेशकों को निर्देश जारी किए हैं।

पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार दीपावली पर बिजली की मांग बढ़ जाती है। इसे पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से अतिरिक्त बिजली की व्यवस्था की गई है। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को प्रदेश में अधिकतम बिजली की मांग 23,259 मेगावाट दर्ज की गई। दोपहर में तकनीकी खराबी के कारण रिहंद बिजलीघर की 500 मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां ठप हो गईं। पहले से चार इकाइयों के बंद रहने के कारण लगभग दो हजार मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया।

# महाकुंभ में एप से होगी जल प्रबंधन की निगरानी

▸▸ यूपीएलसी को सौंपा गया तकनीक के विकास का जिम्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार वेबसाइट व मोबाइल ऐप आधारित 'वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम' के जरिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में जल प्रबंधन की प्रक्रिया को पूरा करने पर फोकस कर रही है। इसके जरिए निगरानी व जलापूर्ति जैसे कार्यों को पूरा किया जाएगा। तकनीक के विकास व निर्माण का कार्य यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को सौंपा गया है।

परियोजना के अनुसार महाकुंभ जल निगरानी प्रणाली एक व्यापक समाधान है जो एक वेब पोर्टल और एक मोबाइल एप्लिकेशन को एकीकृत करता है जिसे विभिन्न पूर्वनिर्धारित नियंत्रण बिंदुओं पर जल स्तर की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसका उद्देश्य डाटा को त्वरित समीक्षा के लिए संक्षिप्त, पूर्व-संगठित प्रारूप में समेकित करना और बढ़े हुए जल स्तर, भारी वर्षा और बाढ़ जैसी स्थितियों के दौरान त्वरित निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करना है।

### 20 करोड़ से स्नान का क्षेत्र बढ़ाएगी सरकार

आस्था की डुबकी लगाने आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योगी सरकार संगम तट पर सर्कुलेशन क्षेत्र में वृद्धि में जुट गई है। इसके लिए संगम नोज पर रिवर चैनलाइजेशन एवं ड्रेजिंग पर वितीय वर्ष 2024-25 में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। मालूम हो कि निरंतर हो रहे कटाव के कारण संगम तट पर उपलब्ध भूमि 2019 की तुलना में 60 प्रतिशत तक कम हो गई है। आईआईटी गुवाहाटी के विशेषज्ञों द्वारा परामर्श के आधार पर मेला प्रशासन और सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग काम तेज करने में जुट गया है। इसके अतिरिक्त नदी के दाहिने तट पर जियो बैग का बैक पेवमेंट का कार्य के लिए प्रस्ताव तैयार कर नगर विकास विभाग को भेजा जा रहा है।

## 21 को पुलिस स्मृति दिवस परेड की सलामी लेंगे मुख्यमंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी रिजर्व पुलिस लाइन्स में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस परेड की सलामी लेंगे। वहीं, प्रदेश में एक सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024 के बीच शहीद हुए दो जवानों फतेहगढ़ के सिपाही रोहित कुमार और कन्नौज के सिपाही सचिन राठी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद परिजन को सम्मानित करेंगे।

पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर 1959 में चीन की सीमा पर देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों की याद में मनाया जाता है। पिछले एक वर्ष में देश भर में 214 पुलिस कर्मियों ने अपनी जान गवां दी। इनमें यूपी पुलिस के दो जवान रोहित व सचिन हैं। फतेहगढ़ के नवाबगंज थाने में तैनात सिपाही रोहित कुमार मिट्टी खनन कराने वाले बाइक सवारों की टक्कर से ट्राली की चपेट में आकर शहीद हो गए थे। वहीं कन्नौज के छिबरामऊ थाने में तैनात सिपाही सचिन राठी दबिश के दौरान नशीले पदार्थों के तस्करों की गोली से शरीद हुए थे।

# रालोद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. मैराजउद्दीन कांग्रेस में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


डॉ मैराजउद्दीन

**अमृत विचार :** गाजियाबाद में आयोजित 'संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन' के दौरान शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ मैराजउद्दीन अहमद अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए।

सदस्यता ग्रहण करने के बाद डॉ अहमद ने कहा कि रालोद के मुखिया जयंत चौधरी अपने दादा, पिता व पार्टी की विचारधारा से भटक गए हैं। उन्होंने कहा कि रालोद प्रमुख ने उस विचारधारा की पार्टी से समझौता कर लिया जिसने इस देश में किसानों, अनुसूचित वर्ग व अल्पसंख्यकों के साथ ज्यादती की। इससे पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय व कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' की उपस्थिति में उन्हें सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल, सांसद तनुज पुनिया मौजूद रहे।

### न्याय की लड़ाई का हिस्सा बन रहे दूसरे दलों के नेता : अविनाश

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी देश के संविधान व लोकतंत्र को बचाने के लिए संघर्ष की मुहिम चला रहे हैं, इससे प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं की सोच परिवर्तित हुई है और वह न्याय की इस लड़ाई का हिस्सा बनने के लिए कांग्रेस में अपनी आस्था दिखा रहे है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा प्रदेश में जाति-धर्म के नाम पर बांटने का कार्य कर रही है। धार्मिक उन्माद फैलाकर समाज में हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# उप चुनाव : नौ सीटों के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 25 अक्टूबर तक नामांकन कर सकेंगे प्रत्याशी, 13 नवंबर को होगा मतदान

**अमृत विचार :** प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन किसी सीट पर नामांकन नहीं हुआ। प्रत्याशी 25 अक्टूबर तक नामांकन कर सकेंगे। 13 नवंबर को मतदान होगा।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर (अजा), करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी व मझवां सीट के लिए होने वाले नामंकन के पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी।

उप चुनाव वाले जिलों मुजफ्फर नगर, मुरादाबाद, गाजियाबाद, अलीगढ़, मैनपुरी, कानपुर नगर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर व मिर्जापुर में चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

## सपा ने मांगी उप चुनाव क्षेत्र वाली सभी नौ सीटों की मतदाता सूची

**अमृत विचार, ,लखनऊ :** सपा ने सभी नौ सीटों पर होने वाले उप चुनाव क्षेत्र में उपयोग होने वाली मतदाता सूची मांगी है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के नेतृत्व में शुक्रवार को प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की और इस सिलसिले में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रदेश अध्यक्ष ने शिकायत करते हुए कहा कि उप चुनाव वाले सभी नौ निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची संशोधित हो चुकी है। लोकसभा चुनाव होने के बाद सूची में नाम काटे गए, जोड़े गए हैं। बावजूद जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सशोधित मतदाता सूची उन्हें उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। ज्ञापन सौपने वालों में केके श्रीवास्तव एवं राधेश्याम सिंह शामिल थे।

## हार की हताशा में सपा-कांग्रेस कर रहे मिल्कीपुर उप चुनाव टालने की पैरवी

**अमृत विचार , लखनऊ :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा और कांग्रेस हताशा में मिलकर मिल्कीपुर विधानसभा का उप चुनाव समय से न हो, इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। उप चुनाव के लिए भाजपा तैयार है और सभी सीटों को जीत दर्ज करेगी।

चौधरी ने कहा कि सपा मुखिया की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। वे सोशल मीडिया पर लगातार लोगों को बरगलाने का काम करते है। सपा ने अपने सांसद व अधिवक्ता सभा के सदस्यों के जरिए कोर्ट में मिल्कीपुर उप चुनाव समय पर कराने में अड़ंगा लगाया है। इससे साबित होता है कि सपा डरी हुई है और वह किसी भी तरह मिल्कीपुर का चुनाव टालने की कोशिश कर रही है।

# गन्ना समिति व चीनी मिल संघ के चुनाव में भाजपा का दबदबा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**148** सीटों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी जीते

**25** स्थानों पर सहकारी चीनी मिल संघ चुनाव जीता

**अमृत विचार :** नौ साल बाद हुए गन्ना समिति एवं चीनी मिल संघ के चुनावों में भाजपा का दबदबा रहा। प्रदेशभर में सहकारी गन्ना समिति की 151 सीटों में 148 पर भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजयी हुए, जबकि सहकारी चीनी मिल संघ चुनाव में सभी 25 स्थानों पर विपक्ष एक भी जगह नहीं जीत सका।

भाजपा के बेहतर प्रदर्शन पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने किसानों का आभार जताया। शुक्रवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में कहा कि गन्ना किसानों की सच्ची हितैषी भाजपा ही है। गन्ना किसानों के हित के लिए तत्पर भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर प्रदेश के किसानों ने जीत की मुहर लगाई है। कहा कि प्रदेश में 9 वर्ष बाद हुए चुनाव हुए है। चुनाव से पूर्व में डेलिगेट व संचालक का चुनाव हुआ, जिसमें भाजपा के हजारों की संख्या में डेलीगेट व 1500 से अधिक डायरेक्टर निर्वाचित हुए। गन्ना समिति के चुनाव की प्रक्रिया 23 सितंबर से 18 अक्टूबर तक चली है। उन्होंने कहा कि इनमें प्रतिष्ठित मेरठ, रामपुर, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, बिजनौर सहित सभी जिलों में सहकारी गन्ना समितियों में भाजपा के उम्मीदवार विजयी हुए है।

### जीत में गन्ना मूल्य भुगतान व एमएसपी का असर : चौधरी

भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने 2 लाख करोड़ से ज्यादा का गन्ना मूल्य का भुगतान किसानो को किया है। केंद्र सरकार ने रबी की छह प्रमुख फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी की है। इसी का असर परिणाम में दिखा है। उन्होंने प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी है।

## वर्ग पहेली-226

**बाएं से दाएं**

1. छोटा लोटा। (मु.)-डुबो देना : बहुत बड़ी हानि कर बैठना। -डूब जाना : (कोई काम) बुरी तरह से बिगड़ जाना।

3. 1. नगरमोथा 2. जलीय भूमि में होने वाला एक क्षुप 3. उक्त की जड़ जो औषध के काम आती है।

5. 1. गांव में रहने वाला 2. खेती करने वाला किसान 3. ग्रामीण, गांव में रहने वाला व्यक्ति, देहाती।

7. 1. कागज़

8. रेल द्वारा भेजे जाने वाले सामान या माल की रसीद जिसे प्रस्तुत करने पर वह सामान मिलता है, जावकपत्र।

**ऊपर से नीचे**


2. 1. टिके होने की अवस्था या भाव, स्थायित्व 2. स्थिरता से टिकने की जगह; पड़ाव।

4. 1. सरल या आसान काम 2. ठट्ठा

5. 1. एक प्रकार की घास जिसकी जड़ सुगंधित होती है, जिसे खस कहते हैं 2. एक दूब 3. गंडदूर्वा नामक घास।

6. 1. पूछताछ 2. रोककर पूछने की क्रिया या भाव 3. रोक, मनाही, निषेध।

7. 1. जो सुडौल न हो 2. भद्दा, कुरूप, भद्दी बनावट का, बेढंगा।




### वर्ग पहेली -225 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 टँ | का | ई | ■ | 2 ध | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 ट | प | रा |
| ■ | ■ | 4 बु | ला | ना | ■ |
| ■ | ■ | ■ | ट | ■ | 5 के |
| 6 को | ख | 7 ज | ली | ■ | ला |
| ■ | ■ | डे | ■ | ■ | सी |
| 8 अँ | धि | या | री | ■ | य |

## सुडोकू-139

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 5 | | 3 | 1 |
| | 9 | | 1 | | | 8 | | |
| 3 | | 2 | | 8 | | | 5 | 4 |
| | 8 | | 6 | | 3 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| | | | 7 | | 2 | | 8 | |
| 7 | 3 | | | 2 | | 5 | | 8 |
| | | 8 | | | 1 | | 7 | |
| 4 | 6 | | 8 | | | 3 | | |

### सुडोकू - 138 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 9 | 1 | 8 | 5 | 6 | 3 |
| 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 3 | 1 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 1 |
| 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 9 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 8 | 2 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 अक्टूबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 09.48 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को अच्छी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी आपका आत्मविश्वास बढ़ायेगा। अपने विचारों को सदैव स्पष्ट रखें। नए लोगों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको सफलता मिल सकती है।

**वृष** – आज व्यर्थ के विचारों से आपको बचना चाहिए। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। कारोबारियों को अपने व्यापार की चिंता रहेगी। अचानक आए खर्चों के कारण आपको परेशानी हो सकती है। पेट में गैस व गर्मी की समस्या हो सकती है।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र में आपके संबंध मजबूत होंगे। व्यवसाय में नए क्लाइन्ट्स जुड़ सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में काफी सुधार होगा। यात्रा की योजना बना सकते हैं। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है। आपकी योजनाएं समय से पूर्ण हो जाएंगी।

**कर्क** – आज निजी रिश्तों में प्रेम भाव बढ़ेगा। प्रतिष्ठित लोगों से आपके संबंध मजबूत होंगे। तय लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आपकी दिनचर्या में सुधार होगा। जॉब के शानदार अवसर प्राप्त होने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** – आज रिलेशनशिप के मामलों को लेकर भावुक हो सकते हैं। कारोबार में आय की तुलना में व्यय ज्यादा होगा। आपको नींद पर्याप्त मात्रा में आपको लेनी चाहिए। आपके मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव हो सकता है।

**कन्या** – आज नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बनाकर रखें। पारिवारिक सदस्यों से अच्छा तालमेल रखें। रोगियों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आपके जिद्दी रवैये के कारण परिजन नाराज हो सकते हैं। कारोबारी यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**तुला** – आज व्यवसाय को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आर्थिक गतिविधियों को लेकर काफी सावधान रहना चाहिए। आयात-निर्यात से जुड़े कार्यों में बड़ा लाभ हो सकता है। आपको नई जिम्मेदारी मिलने के योग बन रहे हैं। पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**वृश्चिक** – आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। परिवार के साथ घूमने जा सकते हैं। बॉस आपसे काफी प्रसन्न रहने वाला है। आप लोगों की काफी मदद करेंगे। साहित्य से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है।


**धनु** – आज ऑफिस में अपने सहयोगियों को लेकर निर्भर न रहें। बिना किसी विशेष उद्देश्य के धन उधार न दें वरना आपके संबंध बिगड़ सकते हैं। अवसाद और तनाव की स्थितियां निर्मित हो सकती हैं। आपको नियमों का पालन करना चाहिए।

**मकर** – आज अपनी इच्छाओं को दूसरों पर न थोपें। वैवाहिक जीवन का भरपूर आनंद उठाएंगे। किसी पारिवारिक समस्या का समाधान होगा। कई दिनों से लंबित कार्यों को कम समय से ही पूरा कर लेंगे। साझेदारी में किए गए व्यवसाय में लाभ प्राप्त होगा।

**कुंभ** – आज आपकी योजनाओं और कार्यशैली की प्रशंसा करेंगे। सहकर्मियों के साथ मिलजुल कर कार्य करें। शुभचिंतकों से अपने मन की बातें कर सकते हैं। जिन बातों को लेकर विवाद उत्पन्न होते हैं, उन पर चर्चा न करें। आप अपने स्वास्थ्य का खास ध्यान देंगे।

**मीन** – आज उलझनों के बावजूद आपको कुछ महत्वपूर्ण काम करने पड़ेंगे। धर्म-कर्म में आप काफी सक्रियता दिखा सकते हैं। व्यापार के विस्तार के लिए आप मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। हालांकि किसी बड़े निर्णय को लेना उचित नहीं होगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 10.46 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हैसियत – सुबह : 09.00
चालबाज – शाम : 06.09


&pictures
क्रैक – सुबह : 11.16
मिस्टर एंड मिसेज माही – रात : 08.00

SONY PIX
सीजे 7 – सुबह : 10.26
मैकेनिक – रात : 09.00

ZEE CINEMA
शादी में जरूर आना – सुबह : 11.16
भीमा – रात : 08.00

ZEE ACTION
जख्मी सिपाही – सुबह : 11.01
घायल – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 11.16 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

संजू एक डॉक्टर के पास गया और उससे पूछा
संजू- डॉक्टर साहब, घर जाकर चेक करने की क्या फीस है?
डॉक्टर ने कुछ सोचा और बोला : 300 रुपये।
संजू- ठीक है, तो चलिए इतना सुनते ही डॉक्टर ने अपनी बाइक निकाली और संजू के साथ उसके घर जा पहुंचा।
वहां पहुंचकर डॉक्टर ने पूछा- मरीज किधर है?
संजू- अरे मरीज-वरीज कोई नहीं है पागल, टैक्सी वाला 500 रुपये मांग रहा था और तू 300 में ले आया।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 -7000 अरहर 7500 -8200 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14700-14800 अरहरस्पेशल 11600-11700 चनादाल 8600-8700 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7400-7450 मसूरदाल 7600-7650 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न.1. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600-1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500- 11000 मूंगफली दाना षिवपुरी 9400- 11500 बटाली 8500 -11000 सेहुआं 4000 - 4500 सरसोंकोल्हू 14400-14500 अलसी 12700-12800 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1960-1979 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1950-1947 मयूर 1950-1947 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3850-3900 मंगलौरलड्डू 4700-4750 देशीभेली 4400-4500 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4230 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000-62000 औरय्या 52300-52300 माधौगढ़ 55900-56000

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 94700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 105000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 110000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 79350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 59150-59350 |

# पुलिस नहीं है आरबीआई, वित्तीय बाजार पर रहती है कड़ी नजर: दास

### नवी फिनसर्व व तीन एनबीएफसी पर कार्रवाई के बाद गवर्नर ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रीय बैंक पुलिस की तरह काम नहीं करता, बल्कि वह वित्तीय बाजार पर नजर रखता है और जरूरत पड़ने पर नियामकीय कदम उठाता है। आरबीआई गवर्नर की यह टिप्पणी आरबीआई की तरफ से नवी फिनसर्व और तीन अन्य गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) के खिलाफ गुरुवार को की नियामकीय कार्रवाई के एक दिन बाद आई है।

आरबीआई ने सचिन बंसल की नवी फिनसर्व व तीन एनबीएफसी को 21 अक्टूबर की कारोबार समाप्ति से कर्ज मंजूर करने और वितरण से रोकने का आदेश दिया है। यह कदम मूल्य निर्धारण सहित पर्यवेक्षी चिंताओं पर उठाया गया है। गवर्नर दास ने ब्लूमबर्ग के इंडिया क्रेडिट फोरम के कार्यक्रम में कहा कि भारत की वृद्धि की गाथा अब भी कायम है। मुद्रास्फीति काफी हद तक लक्ष्य सीमा के भीतर आ गई है। इसके कम होने की उम्मीद है। उन्होंने वृद्धि और मुद्रास्फीति के बीच संतुलन पर कहा कि आरबीआई इन दोनों के संबंध में समग्र दृष्टिकोण की निगरानी में बहुत सावधानी बरत रहा है।



- ब्लूमबर्ग के इंडिया क्रेडिट फोरम के कार्यक्रम में दास ने कहा- भारत की वृद्धि की गाथा अब भी कायम

### इस समय ब्याज दर में कटौती जोखिम भरा

शक्तिकान्त दास ने कहा कि नीतिगत ब्याज दर में कटौती के लिए मौजूदा समय असामयिक और जोखिम भरा होता क्योंकि खुदरा मुद्रास्फीति अब भी ऊंचे स्तर पर है। दास ने कहा कि भविष्य का मौद्रिक नीतिगत कदम आगामी आंकड़ों और आर्थिक परिदृश्य पर निर्भर करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला हुआ था। हालांकि इसने मौद्रिक नीति के रुख को संशोधित करते हुए तटस्थ कर दिया।

# न्यूट्रल पैटर्न: तटस्थता से लाभ उठाने की कला

न्यूट्रल पैटर्न तकनीकी विश्लेषण की विशेष विधि है, जो निवेशकों को बाजार की उतार-चढ़ाव से सुरक्षित रखते हुए लाभ कमाने के अवसर देती है। यह दृष्टिकोण विशेष रूप से उन समयों में उपयोगी होता है जब बाजार तेजी या मंदी में नहीं होता। निवेशक विभिन्न संकेतकों और रणनीतियों का उपयोग करके तटस्थ स्थिति में रहकर अपने पोर्टफोलियो को विविधता देते हैं। हालांकि, न्यूट्रल पैटर्न में लाभ के साथ-साथ कुछ जोखिम भी होते हैं, जिन्हें समझना और प्रबंधित करना आवश्यक है। यह निवेश के क्षेत्र में एक संतुलित और रणनीतिक दृष्टिकोण प्रदान करता है। आइए इस पर गौर करें...

### कैसे करता है काम


- **डेटा एनालिसिस:** न्यूट्रल का उपयोग करने के लिए, विश्लेषक कई चार्ट्स और आंकड़ों का अध्ययन करते हैं ताकि संभावित रुझानों की पहचान की जा सके।
- **हेजिंग स्ट्रेटेजी:** निवेशक कई विकल्पों और वायदा अनुबंधों का उपयोग करके निवेश को सुरक्षित करने के लिए न्यूट्रल का उपयोग कर सकते हैं।
- **पोर्टफोलियो विविधीकरण:** न्यूट्रल पैटर्न में विभिन्न प्रकार के निवेशों को मिलाने से जोखिम को कम किया जा सकता है।

### इसकी पहचान

- **बोलिंजर बैंड्स:** जब कीमतें बैंड्स के बीच स्थिर रहती हैं।
- **आरएसआई (रिपेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स):** आरएसआई स्तर 30-70 के बीच हो।
- **मूविंग एवरेज:** जब छोटी-बड़ी मूविंग एवरेज एक दूसरे के करीब होती हैं।

### निवेशकों को लाभ

- **कम जोखिम:** न्यूट्रल का उपयोग करके निवेशक जोखिम को कम कर सकते हैं।
- **संभावनाएं:** यदि बाजार में तेजी या मंदी नहीं है, तो अन्य निवेश विकल्पों में लाभ कमा सकते हैं।
- **संरक्षण:** यह रणनीति बाजार में होने वाली अस्थिरता से सुरक्षित रहने में मदद करती है।




न्यूट्रल पैटर्न एक उपयोगी तकनीक है, विशेष रूप से उन निवेशकों के लिए जो जोखिम को कम करना चाहते हैं। हालांकि, इसे समझदारी से उपयोग करना चाहिए, क्योंकि इसमें संभावित लाभ और जोखिम दोनों होते हैं।

### जोखिम

- **कम लाभ:** न्यूट्रल रणनीतियों से कभी कम लाभ होता है क्योंकि वे बाजार के रुझानों का लाभ नहीं उठातीं।
- **मार्जिन कॉल्स:** अगर बाजार अप्रत्याशित तरीके से चलता है, तो निवेशकों को संभावित नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।
- **संवेदनशीलता:** न्यूट्रल पैटर्न्स कुछ बाजार स्थितियों में प्रभावी नहीं हो सकते, जैसे कि अत्यधिक उतार-चढ़ाव।

## एनएसडीएल में डीमैट के तौर पर रखीं 500 लाख करोड़ की प्रतिभूतियां

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि. (एनएसडीएल) ने शुक्रवार को कहा कि डिपोजिटरी में डीमैट रूप में रखी गई प्रतिभूतियों का मूल्य 2024 में 500 लाख करोड़ (6 हजार अरब डॉलर) पहुंच गया। डिपॉजिटरी को 2014 में 100 लाख करोड़ तक पहुंचने में 18 साल लगे, 2020 में 200 लाख करोड़ को छूने में छह साल व 500 लाख करोड़ छूने में चार साल लगे। एनएसडीएल के एमडी एस गोपालन ने कहा कि निवेशकों, सहभागियों, नियामकों को इसके लिए धन्यवाद देते हैं।

## वैश्विक स्तर पर भारत की वृद्धि सबसे उज्ज्वल हिस्से में से एक

वाशिंगटन, एजेंसी

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत की वृद्धि दर सबसे उज्ज्वल हिस्सों में से एक है। बंगा ने कहा कि मुझे लगता है कि 6-7% और उससे अधिक की दर से वृद्धि करना ये दर्शाता है कि उन्होंने इसके लिए कई कदम उठाए हैं। विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की होने वाली वार्षिक बैठक से पहले बंगा ने यह बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत में हुई अधिकतर वृद्धि घरेलू बाजार के दम पर मुमकिन हुई है जो कुछ मायनों में अच्छा संकेत है। वहीं विश्व बैंक की प्रबंध निदेशक (परिचालन) एन्ना बेर्डे ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर बल दिया, क्योंकि भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं।



- विश्व बैंक के अध्यक्ष बंगा ने कहा- भारत ने इसके लिए कई कदम उठाए हैं

## जीएसटी दरों पर सुझाव के लिए गठित जीओएम की पहली बैठक आज

**नई दिल्ली।** जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने और स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पर दर कम करने के बारे में सुझाव देने के लिए गठित दो मंत्री समूहों (जीओएम) की (आज) शनिवार को बैठक होगी। बीमा प्रीमियम पर दर कम करने पर गठित जीओएम की यह पहली बैठक होगी।

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अगुवाई वाला मंत्री समूह बीमा प्रीमियम पर कर की दर को 18% से कम करने पर सुझाव देगा। चौधरी की अगुवाई में एक अन्य मंत्री समूह की भी बैठक होगी, जिसे जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित किया गया था। इस बैठक में 12% स्लैब को कम करने, अधिक वस्तुओं को 5% कर के दायरे में लाने, चिकित्सा एवं औषधि से संबंधित वस्तुओं, साइकिल और बोतलबंद पानी पर करों को युक्तिसंगत बनाने पर चर्चा होगी। यह मंत्री समूह 12 और 18% की दरों के विलय की संभावना पर चर्चा कर सकता है।

## सोना रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, चांदी में 1,000 रुपये की आई उछल

नई दिल्ली, एजेंसी

त्योहारों में मजबूत मांग से शुक्रवार को सर्राफा बाजार में सोना 550 रुपये की तेजी के साथ 79,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है।

गुरुवार को 99.9% शुद्धता वाला सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार तीसरे दिन की तेजी के साथ 99.5% शुद्धता वाला सोना 550 रुपये उछलकर 79,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। पिछले सत्र में यह 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस बीच, चांदी 1,000 रुपये उछलकर 94,500 रुपये प्रति किलो पहुंच गई। गुरुवार को चांदी 93,500 रुपये प्रति किलो थी। वायदा कारोबार में, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में दिसंबर डिलीवरी वाले सोने का भाव 77,620 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। कारोबार के दौरान सोना वायदा 77,667 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।



- त्योहारों में मजबूत मांग से सोना की दर में आई तेजी, 550 रुपये बढ़ा

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### भवानी को दी जमानत रद करने से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जनता दल (सेक्युलर) से निलंबित नेता एवं दुष्कर्म के आरोपी प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अपहरण मामले में दी अग्रिम जमानत रद करने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत एवं उज्ज्वल भुइयां ने कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और राज्य सरकार द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दिया। भवानी पर महिला को शिकायत दर्ज कराने से रोकने का आरोप है जिसका प्रज्वल ने यौन उत्पीड़न किया था।

### बृज भूषण की अर्जी पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह की उस याचिका पर शुक्रवार को शहर की पुलिस और पहलवानों से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने कई महिला पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी को रद करने के अनुरोध वाली अर्जी पर जल्द सुनवाई का आग्रह किया है। सिंह ने 13 जनवरी, 2025 को सूचीबद्ध मुख्य याचिका पर पहले सुनवाई करने का अनुरोध किया है कि निचली अदालत में मामला अभियोजन साक्ष्य दायर करने के चरण में है और याचिका जब तक उच्च न्यायालय के समक्ष आएगी, तब तक अधिकतर गवाहों के बयान दर्ज हो चुके होंगे। न्यायमूर्ति मनोज ओहरी ने याचिका पर दिल्ली पुलिस और पहलवानों को नोटिस जारी किया है।

### कार्यक्रम के दौरान हमले से 10 घायल, दो गिरफ्तार

**जयपुर।** जयपुर में मंदिर में शरद पूर्णिमा समारोह के दौरान लोगों के समूह ने चाकूओं और अन्य हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें आरएसएस के 10 कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उसने कल देर रात हुई घटना में शुक्रवार को दो लोगों को हिरासत में लिया। यह घटना गुरुवार को हुई जब जयपुर के करणी विहार में स्थित मंदिर में जागरण हो रहा था। लोगों ने देर रात को अपने पड़ोस में शोर व भीड़ होने पर आपत्ति जताई। अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के बीच खीर बांटी जा रही थी, तब दो लोग वहां पहुंचे और विवाद हो गया।

### सियालदह ईएसआई अस्पताल में लगी आग

**कोलकाता।** कोलकाता के सियालदह ईएसआई अस्पताल में शुक्रवार सुबह आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर 10 दमकल वाहनों को भेजा गया और दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सूचना के बाद पश्चिम बंगाल के अग्निशमन और आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस अस्पताल पहुंचे।

# राजग के एजेंडे पर जनता को भरोसा: मोदी

### प्रधानमंत्री ने राजग को सबसे बड़ा समूह बताया और साल में दो बैठकें आयोजित करने का दिया सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हरियाणा की जनता ने विपक्ष की नकारात्मक राजनीति को खारिज कर स्पष्ट संदेश दिया है कि उसका भरोसा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की प्रगति और सुशासन के एजेंडे पर है। प्रधानमंत्री ने राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों से गुरुवार को यह बात कही। एक बयान में शुक्रवार को यह जानकारी दी गई।

प्रधानमंत्री ने राजग को 1975 के बाद गैर-कांग्रेसी दलों का सबसे बड़ा समूह बताया और साल में दो बैठकें आयोजित करने का सुझाव दिया। इस सम्मेलन में कुल 17 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों ने भाग लिया। हरियाणा में भाजपा की जीत को महत्वपूर्ण करार देते हुए मोदी ने कहा कि राजग ने सभी वर्गों का विश्वास और समर्थन हासिल किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज राजग सरकार आम नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है और अंतिम छोर तक डिलीवरी सुनिश्चित करना इसकी विशिष्टता रही है, जिसने 2014 से सरकार के प्रति जनता में विश्वास बनाने में मदद की है। सुशासन का अर्थ लोगों की समस्याओं का समाधान खोजना है पर मोदी ने कहा कि शिकायत निवारण पर ध्यान देने के साथ समाधान-केंद्रित शासन सभी राजग शासित राज्य सरकारों की विशिष्ट पहचान है। मोदी ने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के 10 वर्षों में 5 लाख पत्रों की तुलना में पिछले 10 वर्षों में उन्हें जनता से 4.5 करोड़ पत्र प्राप्त हुए हैं। यह राजग सरकार में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। सुचारू शासन, तेजी से निर्णय लेने और शासन में पारदर्शिता ने राजग शासित राज्यों में निवेशकों और निवेश को आकर्षित करने में मदद की।



- राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों से बोले
- समाधान-केंद्रित शासन राजग शासित सरकारों की विशिष्ट पहचान

### मोदी कर्मयोगी सप्ताह की आज करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार (आज) को कर्मयोगी सप्ताह यानी राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह की शुरुआत करेंगे। लोक सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकसित करने की दिशा में नए सिरे से प्रोत्साहन की कवायद होगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि कर्मयोगी की शुरुआत सितंबर 2020 में हुई थी और तब से इसने पर्याप्त प्रगति की है। इसमें वैश्विक परिप्रेक्ष्य के साथ भारतीय लोकाचार में निहित भविष्य के लिए तैयार सिविल सेवा की कल्पना की गई है। राष्ट्रीय शिक्षण सप्ताह लोक सेवकों के लिए व्यक्तिगत और संगठनात्मक क्षमता विकास की दिशा में नई गति देने वाला अपनी तरह का आयोजन होगा। पीएमओ ने कहा कि यह पहल सीखने और विकास के लिए एक नई प्रतिबद्धता को प्रोत्साहित करेगी। कार्यक्रम व्यक्तिगत प्रतिभागियों और मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा जुड़ाव के विभिन्न रूपों के माध्यम से सीखने के लिए समर्पित होगा। प्रत्येक कर्मयोगी चार घंटे की योग्यता से जुड़े गुर सीखने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध होगा।

## महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने कुछ कंपनियों को पहुंचाया लाभ : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र की महायुति सरकार ने बुनियादी ढांचे से जुड़ी कुछ परियोजनाओं में चंदे के बदले कुछ कंपनियों को लाभ पहुंचाया, जिससे करदाताओं का 10,903 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा भी किया कि चुनावी बॉण्ड के बाद यह एक और महाघोटाला है। कांग्रेस के आरोप पर महायुति सरकार या भाजपा की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति में शिवसेना, भाजपा और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली रांकपा हैं। रमेश ने एक्स कहा कि महायुति सरकार ने चुनावी चंदे के बदले में इन्फ्रास्ट्रक्चर टेंडर में कुछ कंपनियों को विशेषाधिकार दिया, जिससे करदाताओं को कम से कम 10,903 करोड़ का नुक़सान हुआ है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि महाराष्ट्र में ऐसा ही एक कांड हुआ है, जिसमें 10 हजार करोड़ की डकैती खुद महायुति सरकार ने कराई है। ये 10 हजार करोड़ जनता के हैं, जो सरकार को कर के रूप में दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले चंदा दो-धंधा लो की योजना चल रही थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने रोक दिया। जब से कार्ट ने रोका है, तब से पैसे बटोरने की नई-नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि चुनावी बॉण्ड में भी 13% चंदा महाराष्ट्र से वसूला गया था।



- करदाताओं का 10,903 करोड़ का हुआ नुकसान
- कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा- चुनावी बॉण्ड के बाद यह एक और महाघोटाला

## रक्षा उत्पादन नीति से संबंधित याचिका रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रक्षा उत्पादन नीति से संबंधित याचिका यह कहकर रद किया कि यह केंद्र के अधिकार क्षेत्र का मामला है।

अदालत में पेश हुए याचिकाकर्ता को प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि यह ऐसे मामले हैं जो केंद्र सरकार के नीतिगत क्षेत्र के अधीन हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस मुद्दे से राष्ट्रीय सुरक्षा प्रभावित होती है। पीठ ने टिप्पणी की कि राष्ट्रीय सुरक्षा को देखना सरकार का काम है। यह नीतिगत मामला है।

## बिहार: जहरीली शराब से 10 और मौत, मृतक संख्या बढ़कर हुई 35

पटना, एजेंसी

- नीतीश सरकार के शराब पर लगाए प्रतिबंध की प्रभावशीलता पर विपक्षी ने उठाए सवाल

बिहार के सिवान और सारण जिलों में जहरीली शराब से 10 और लोगों की मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 35 हो गई है। सारण रेंज के डीआईजी नीलेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि सिवान की मगहर तथा औरिया पंचायतों में शराब से अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है। सारण जिले के मशरख थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर में भी सात लोगों की शराब पीने से मौत हुई है।

वहीं विपक्षी दल नीतीश सरकार द्वारा शराब पर लगाए प्रतिबंध की प्रभावशीलता पर सवाल उठा रहे हैं। दोनों जिलों के लोगों ने दावा किया कि जहरीली शराब पीने के बाद लोगों की जान गई। पुलिस अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर दावा किया कि दोनों जिलों के 25 से अधिक लोग अब भी सीवान, सारण और पटना के कई अस्पतालों में गंभीर हालत में हैं। डीआईजी ने कहा कि मौत का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही पता चलेगा। पुलिस ने अबतक 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों जिलों के प्रशासन ने मगहर, औरिया व इब्राहिमपुर क्षेत्रों के तीन चौकीदारों को निलंबित और पांच पुलिसकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## पड़ोस में हिंदुओं के मानवाधिकार उल्लंघन पर वैश्विक चुप्पी क्यों

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत के पड़ोस में हिंदुओं के मानवाधिकार उल्लंघन का जिक्र करते हुए दुनिया की चुप्पी पर शुक्रवार को सवाल उठाया और कहा कि इस तरह के उल्लंघन के प्रति अत्यधिक सहिष्णु होना उचित नहीं है। धनखड़ ने नैतिक उपदेशकों, मानवाधिकारों के संरक्षकों की गहरी चुप्पी पर कहा कि उनकी असलियत सामने आ गई है। उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह में कहा कि वे ऐसी चीज के भाड़े के टट्टू हैं जो मानवाधिकारों के प्रतिकूल है। उन्होंने कहा कि हम बहुत सहिष्णु हैं और इस तरह के अपराधों के प्रति सहिष्णु होना उचित नहीं है। धनखड़ ने कहा कि लड़के, लड़कियों और महिलाओं को किस तरह की बर्बरता एवं यातना और मानसिक आघात झेलना पड़ता है, उस पर गौर कीजिए।

- उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- अत्यधिक सहिष्णु होना उचित नहीं

## एमवीए में सीट बंटवारे पर कांग्रेस फैसले लेने में सक्षम नहीं : राउत

मुंबई, एजेंसी

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) में सीट बंटवारा वार्ता पर देरी को लेकर शुक्रवार को निराशा जताई। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की प्रदेश इकाई के नेता फैसले लेने में सक्षम नहीं हैं। राउत ने कहा कि एमवीए के घटक दलों में महाराष्ट्र विधानसभा की कुल 288 सीट में से 200 पर सहमति है।

राउत ने बताया कि उन्होंने सीट बंटवारे पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और मुकुल वासनिक तथा महाराष्ट्र के लिए पार्टी प्रभारी रमेश चेन्निथला से शुक्रवार सुबह बात की। उन्होंने कहा कि दिन में वह राहुल गांधी से भी बात करेंगे। राउत ने कहा कि लंबित फैसला जल्द होना चाहिए। बहुत कम समय बचा है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता फैसले लेने में सक्षम नहीं हैं।



- राज्यसभा सांसद ने कहा- राहुल गांधी से करेंगे बात

## झारखंड में आजसू 10, जदयू दो व लोजपा एक सीट पर लड़ेंगी चुनाव

रांची, एजेंसी

झारखंड विस चुनाव में राजग की घटक ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) 10, जद(यू) दो और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के सह प्रभारी व मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरमा ने कहा कि सीट बंटवारे की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा चुका है लेकिन भाजपा देखो और प्रतीक्षा करो की रणनीति अपना रही है क्योंकि प्रतिद्वंद्वी दलों ने अपनी योजना का खुलासा नहीं किया है। झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को होंगे। गिनती 23 को होगी।



- भाजपा के सह प्रभारी और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने दी जानकारी

## बेअदबी मामलों में राम रहीम के खिलाफ सुनवाई का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी से जुड़े मामलों में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के खिलाफ सुनवाई का रास्ता शुक्रवार को साफ कर दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवाई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा इन मामलों में सुनवाई पर लगाई रोक हटा दी और राम रहीम से जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार की याचिका पर यह फैसला लिया और वह मामले में चार हफ्ते बाद सुनवाई करेगी। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने हाईकोर्ट के उस आदेश को पलटने का अनुरोध किया, जिसके तहत फरीदकोट के बाजाखाना थाने में दर्ज तीन मामलों की सुनवाई पर रोक लगी थी।

- पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की लगाई रोक को सुप्रीम कोर्ट ने हटाया

## कर्नाटक के एमयूडीए मामले में ईडी का छापा, राज्य में चढ़ा सियासी पारा

बेंगलुरु, एजेंसी

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया व उनके परिवार के किसी भी परिसर पर नहीं की गई कार्रवाई

ईडी ने शुक्रवार को मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) से जुड़े धन शोधन में छापेमारी की। ईडी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनके परिजनों और अन्य के खिलाफ इस संबंध में मामला दर्ज किया है। ईडी की कार्रवाई के बाद कांग्रेस शासित राज्य में सियासी पारा चढ़ गया है।

केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के साथ पहुंची एजेंसी ने मैसूरु स्थित एमयूडीए कार्यालय तथा बेंगलुरु में कुछ स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने देवराजू के आवास की तलाशी ली। मुख्यमंत्री या उनके परिवार के किसी परिसर पर छापेमारी नहीं की। एमयूडीए सचिव प्रसन्ना कुमार ने बताया कि ईडी जो भी जानकारी मांगेगी, हम उपलब्ध कराएंगे। ईडी ने कहा है कि वे आज और कल यहीं काम करेंगे। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि ये केवल दस्तावेज जमा करने और सत्यापन की कवायद थी। पूर्व सांसद डीके सुरेश ने इसे राजनीति से प्रेरित छापेमारी करार दिया। शहरी विकास मंत्री सुरेश बीएस ने कहा कि ईडी को दस्तावेज उपलब्ध कराएगा। भाजपा और जद (एस) ने छापेमारी का स्वागत किया।

## ईशा फाउंडेशन के खिलाफ कार्यवाही बंद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु जग्गी वासुदेव के कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन के खिलाफ दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर मद्रास हाईकोर्ट की कार्यवाही का दायरा बढ़ाने को शुक्रवार को अनुचित करार देते हुए कार्यवाही बंद कर दी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने महसूस किया कि बंदी प्रत्यक्षीकरण कार्यवाही के दायरे को बढ़ाना अनुचित था, क्योंकि हाईकोर्ट का अधिकार क्षेत्र अच्छी तरह से परिभाषित है।



# विधेयक मसौदे से बढ़ेगा निलंबन का खतरा : उषा

नई दिल्ली, एजेंसी



- **आईओए अध्यक्ष बोलीं- प्रस्तावित नियामक प्राधिकरण से खेल संघों की स्वायत्तता को नुकसान**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे के कुछ प्रावधानों पर चिंता जताते हुए कहा कि इसमें प्रस्तावित नियामक प्राधिकरण आईओए और राष्ट्रीय महासंघों की स्वायत्तता को कमजोर करेगा और इससे देश पर अंतर्राष्ट्रीय निलंबन का खतरा होगा।

उषा ने खेल मंत्री मनसुख मांडविया को लिखे पत्र में यह भी कहा कि विधेयक राज्य ओलंपिक संघों (एसओए) की भूमिका पर स्पष्टता प्रदान नहीं करता है, जिससे खेल प्रशासन के विकेंद्रीकरण की प्रक्रिया कमजोर हो जाती है। उनकी सबसे बड़ी चिंता हालांकि आईओए और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) की स्वायत्तता को लेकर है। विधेयक के प्रस्ताव में भारतीय खेल नियामक बोर्ड के गठन का जिक्र है जो उनके कामकाज की देखरेख करेगा। यह शासन को मजबूत कर सकता है और भ्रष्टाचार या कुप्रबंधन जैसे प्रशासनिक मुद्दों को रोक सकता है लेकिन इससे खेल निकायों, खासकर आईओए, एनएसएफ और एसओए की स्वायत्तता की चिंता बढ़ जाएगी। ऐतिहासिक रूप से इन संगठनों की स्वायत्तता अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशासन में एक प्रमुख सिद्धांत रही है। आईओसी विशेष रूप से राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों की स्वतंत्रता और सरकारी हस्तक्षेप को लेकर काफी सख्त है।

उषा गुरुवार को मांडविया द्वारा आयोजित हितधारकों की बैठक में मौजूद थी। मसौदा विधेयक को 25 अक्टूबर तक जनता की प्रतिक्रिया के लिए रखा गया है। इसे लंबे समय से कार्यरत अधिकांश प्रशासकों का समर्थन मिला है। विधेयक में पदाधिकारियों की आयु और कार्यकाल की सीमा में ढील देने का प्रावधान है।

# सैफ फुटबॉल में भारत ने पाकिस्तान को हराया

**काठमांडू।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने पाकिस्तान को 5-2 से हराकर सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 अभियान की रोमांचक शुरुआत की है। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने गुरुवार को दशरथ स्टेडियम पर खेले गए मैच में आक्रामक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान पर 5-2 से शानदार जीत दर्ज की।

ग्रेस डांगमेई ने पांचवें और 42वें मिनट में दो गोल करके भारत की ओर से बढ़त बनाई। मनीषा कल्याण ने 17वें मिनट में एक और गोल किया। इसके बाद बाला देवी ने 35वें मिनट में एक शानदार फ्री-किक पर गोल करके अपने अंतर्राष्ट्रीय गोलों की संख्या 50 तक पहुंचाने के साथ वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं।

# सेमीफाइनल में अल्कराज से हारे नडाल


रियाद, एजेंसी

राफेल नडाल सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में स्पेन के अपने साथी खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज से 6-3, 6-3 से हार गए लेकिन उन्होंने कहा कि वह डेविस कप के लिए पूरी तरह तैयार हैं जो उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट भी होगा।

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने दूसरे सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-7 (0), 6-4 से हराया। सऊदी अरब का टेनिस में यह नया प्रयोग है। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि मिलती है लेकिन एटीपी रैंकिंग अंक नहीं मिलते हैं। नडाल पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह डेविस कप फाइनल खेलने के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। यह स्टार खिलाड़ी अपनी तैयारी से संतुष्ट हैं।

उन्होंने कहा एक महीने के अंदर मुझे डेविस कप में खेलना है इसलिए प्रत्येक दिन मेरे लिए बेहतर बनने और अपने टेनिस करियर के इस अंतिम टूर्नामेंट के लिए तैयार रहने का अवसर है। मैं अपनी तैयारी से खुश हूं। नडाल शनिवार को तीसरे स्थान के मैच में जोकोविच से भिड़ेंगे जबकि फाइनल में सिनर का सामना अल्कराज से होगा।

सिक्स किंग्स स्लैम



जीत दर्ज करने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते कार्लोस अल्कराज ● एजेंसी

## खेल डायरी

### बीसीबी ने प्रमुख कोच हथरुसिंघे को हटाया

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने टीम के प्रमुख कोच चंडिका हथरुसिंघे को दो दिन पहले हुए निलंबन के बाद पद से हटा दिया है। यह निलंबन मैदान पर मौजूद उनके व्यवहार और रोजगार शर्तों के उल्लंघन के आधार पर किया गया है। बीसीबी के अध्यक्ष फारूक़ अहमद ने मंगलवार को कहा कि हथुरुसिंघे ने बंगलादेश के एक क्रिकेटर के साथ मारपीट की और अपने अनुबंध में उल्लेखित से अधिक छुट्टियां लीं। बोर्ड ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर कदाचार के दो मामलों पर स्पष्टीकरण मांगा था। हथुरुसिंघे ने अगले दिन प्रतिक्रिया दी जिसके बाद गुरुवार को स्थिति की समीक्षा के लिए एक आपातकालीन बोर्ड बैठक बुलाई गई। बीसीबी ने कहा सभी कारकों पर विचार करने के बाद बोर्ड ने हथुरूसिंघे के स्पष्टीकरण को असंतोषजनक और अस्वीकार्य माना। उनकी बर्खास्तगी तत्काल प्रभाव से लागू होती है।

### भारतीय टीम ने सुल्तान जोहोर कप में जापान को हराया

**जोहोर (मलेशिया)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम शनिवार को यहां 12वें सुल्तान जोहोर कप के शुरुआती मैच में जापान से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य पूर्व दिग्गज गोलकीपर और अपने सम्मानित कोच पीआर श्रीजेश से प्रेरणा लेना होगा। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता श्रीजेश के लिए कोच के तौर पर यह पहला कार्यकाल होगा। उन्होंने इस साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद खिलाड़ी के तौर पर खेल को अलविदा कहा था। भारत ने मई 2023 में जूनियर एशिया कप में अपने आखिरी मुकाबले में जापान पर 3-1 से जीत हासिल की और 2022 के सुल्तान जोहोर कप में भी इस टीम को 5-1 से हराया था। कप्तान आमिर अली ने कहा टीम नए मुख्य कोच पीआर श्रीजेश के नेतृत्व में अच्छी ट्रेनिंग कर रही है और हम उनके साथ अपना पहला टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्साहित हैं। पिछली बार जर्मनी से हारने के बाद, हम अपने खिताब का बचाव नहीं कर सके थे। इस बार हमारी तैयारी अच्छी है और हम प्रतियोगिता में किसी भी टीम से मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। जापान के बाद भारतीय टीम 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन, 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया और फिर 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी।

### एरिगैसी ने डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स का खिताब जीता

**लंदन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने डब्ल्यूआर शतरंज मास्टर्स के फाइनल में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर खिताब अपने नाम किया। एरिगैसी ने क्लासिक शतरंज में दो ड्रॉ मुकाबलों के बाद आर्मागेडन गेम में फ्रांस के खिलाड़ी को पछाड़ा। एरिगैसी ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान लय बरकरार रखते हुए शानदार खेल दिखाया। उन्होंने इस जीत से पुरस्कार के तौर पर 20000 यूरो (लगभग 18.23 लाख रुपये) हासिल किये। उन्होंने इस नॉक आउट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में अपने दोस्त आर प्रज्ञानानंदा को शिकस्त दी थी। सोलह खिलाड़ियों के टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में एरिगैसी ने इंग्लैंड की नौ साल खिलाड़ी शिवानंदा बोधाना को शिकस्त दी। शिवानंदा हाल ही शतरंज ओलंपियाड का हिस्सा बनने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं थी। एरिगैसी ने इसके बाद अगले दो दौर में क्रमश: विदित गुजराती और प्रज्ञानानंदा को एक समान 1.5-0.5 के अंतर से हराया। वाचिएर-लाग्रेव ने फाइनल में विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज एरिगैसी को कड़ी टक्कर दी लेकिन आर्मागेडन गेम में पिछड़ गए। इस जीत के साथ एरिगैसी 2800 ईएलओ रेटिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए हैं।

### पहली कश्मीर मैराथन के लिए तैयारियां पूरी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में 20 अक्टूबर को होने वाली पहली कश्मीर मैराथन के लिए तैयारियां पूरी की ली गई है। मैराथन में अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित लगभग 2,000 धावक भाग लेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस मैराथन के क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन होने की उम्मीद है जिसमें दुनिया भर के एथलीट भाग लेंगे। पर्यटन प्रचार कश्मीर की उप निदेशक दीबा खालिद ने आज श्रीनगर में मीडिया को बताया हमारे पास यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका के प्रतिभागियों सहित 60 अंतरराष्ट्रीय धावक हैं साथ ही भारत के शीर्ष पेशेवर भी हैं। मैराथन में दो श्रेणियां होंगी जिनमें 42 की एक पूर्ण मैराथन और 21 किलोमीटर की एक हाफ मैराथन है। कुल पुरस्कार राशि तीन करोड़ रुपये होगी। यह मैराथन पोलो व्यू से शुरू होगी और प्रतिष्ठित बुलेवार्ड और फोरशोर रोड के साथ-साथ जारी रहेगी एवं हजरतबल के रास्ते में डल झील से होकर गुजरेगी। इस आयोजन में सुनील शेट्टी, साइना नेहवाल और अनिल अंबानी सहित कई हस्तियों के भाग लेने की उम्मीद है।

# तीसरे दिन भारत ने किया पलटवार

## भारत ने दूसरी पारी में बनाए तीन विकेट पर 231 रन, विराट, रोहित और सरफराज के अर्धशतक

**9,000**
रन टेस्ट क्रिकेट में पूरे करने वाले चौथे भारतीय बने विराट कोहली



**विराट कोहली**
70 रन
102 गेंद
8/1 चौके/छक्के

टेस्ट में 9,000 रन सबसे कम पारियों में पूरे करने वाले भारतीय

| | |
|---|---|
| 176 | राहुल द्रविड़ |
| 179 | सचिन तेंदुलकर |
| 192 | सुनील गावस्कर |
| 196 | विराट कोहली |

बेंगलुरु, एजेंसी

सरफराज खान (नाबाद 70), विराट कोहली (70) और कप्तान रोहित शर्मा (52) के अर्धशतक की मदद से भारत ने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में तीन विकेट पर 231 रन बना लिये है। हालांकि न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे होने के कारण दिन की आखिरी गेंद पर विराट का विकेट खोने से भारत की मैच में वापसी को झटका लगा।

न्यूजीलैंड के पहली पारी में 402 रन के जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी भारतीय टीम ने इस बार संभलकर शुरुआत की। यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। 18वें ओवर की पहली गेंद पर एजाज पटेल ने यशस्वी जायसवाल (35) को ब्लंडल के हाथों स्टंप आउट करा न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। नए बल्लेबाज विराट कोहली ने कप्तान का साथ देते हुए टीम के स्कोर को 95 रन तक पहुंचाया जहां एक बार फिर पटेल ने अपना कारनामा दिखाते हुए रोहित को बोल्ड आउट कर भारत को दूसरा झटका दे दिया। रोहित ने 63 गेंदों में शानदार 52 रन बनाए। तीसरे विकेट के लिए विराट को सरफराज खान ने अपना पूरा सहयोग दिया और टीम के स्कोर को 231 रनों तक पहुंचाया दिया। खेल समाप्ति के समय में फिलिप्स की आखिरी गेंद पर विराट ब्लंडल के हाथों में कैच थमा बैठे। सरफराज ने 78 गेंदों में 70 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले भारत पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड की पहली पारी को 402 के स्कोर पर रोक दिया। सिराज ने टिम साउदी (65) को आउटकर किया। कुलदीप ने रचिन (134) को आउट कर न्यूजीलैंड की पहली पारी का 402 पर अंत कर दिया।



विराट का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते फिलिप्स व अन्य खिलाड़ी। ● एजेंसी

### कोहली के 15,000 रन पूरे

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 15,000 रन पूरे कर लिए और ऐसा करने वाले वो दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गए। इससे पहले ऐसा कमाल नंबर तीन पर खेलते हुए रिकी पोंटिंग और कुमार संगकारा ने किया था। यही नहीं कोहली नंबर तीन पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं जबकि पोंटिंग पहले और संगकारा दूसरे नंबर पर हैं।

### नंबर तीन पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

| रन | खिलाड़ी | मैच |
|---|---|---|
| 22,869 | रिकी पोंटिंग | 540 |
| 22,011 | कुमार संगकारा | 468 |
| 15,696 | केन विलियमसन | 337 |
| 15,009 | विराट कोहली | 316 |
| 14,555 | राहुल द्रविड़ | 329 |
| 11,236 | जैक कैलिस | 283 |

### टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्ले

| रन | खिलाड़ी | औसत |
|---|---|---|
| 15,921 | सचिन तेंदुलकर | 53.78 |
| 13,288 | राहुल द्रविड़ | 52.31 |
| 10,122 | सुनील गावस्कर | 51.12 |
| 9,000 | विराट कोहली | 48.90 |
| 8,586 | वीरेंद्र सहवाग | 49.34 |

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी: 46 रन**

**न्यूजीलैंड पहली पारी: 402/10** (91.3 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3/0 |
| डेवोन कोंवे बो अश्विन | 91 | 105 | 11/3 |
| विल यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5 0 |
| रचिन रविंद्र का जुरेल बो कुलदीप | 134 | 157 | 13/4 |
| डेरिल मिचेल का जायसवाल बो सिराज | 18 | 49 | 2/0 |
| टॉम ब्लंडल का राहुल बो बुमराह | 5 | 8 | 1/0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो जडेजा | 14 | 18 | 1/1 |
| मैट हेनरी बो जडेजा | 8 | 9 | 2/0 |
| टिम साउदी का जडेजा बो सिराज | 65 | 73 | 5/4 |
| एजाज पटेल पगबाधा कुलदीप | 4 | 8 | 1/0 |
| विलियम ओ राउर्के नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 15, गेंदबाजी : बुमराह 19-7-41-1, सिराज 18-2-84-2, अश्चिन 16-1-94-1, कुलदीप 18.3-1-99-3, जडेजा 20-1-72-3

**भारत दूसरी पारी: 231/3** (49 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल स्टं. ब्लंडल बो पटेल | 35 | 52 | 6/0 |
| रोहित शर्मा बो पटेल | 52 | 63 | 8/1 |
| विराट कोहली का ब्लंडल बो फिलिप्स | 70 | 102 | 8/1 |
| सरफराज खान नाबाद | 70 | 78 | 7/3 |

अतिरिक्त : 4, गेंदबाजी : साउथी 7-1-22-0, हेनरी 11-1-52-0, ओ राउर्के 11-1-48-0, पटेल 12-2-70-2, फिलिप्स 8-1-36-1

### तीसरे दिन नहीं खेले पंत

**बेंगलुरु।** ऋषभ पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में घुटने में चोट लगने के कारण तीसरे दिन नहीं खेले। तीसरे दिन का खेल शुरू होने से कुछ देर पहले यह जानकारी दी। बीसीसीआई की चिकित्सा टीम उनकी प्रगति पर निगरानी रखे हुए है।

# लियोनेल मेस्सी को पहला मार्का अमेरिका पुरस्कार

**फोर्ट लॉडरडेल।** अमेरिकी क्लब इंटर मियामी की तरफ से खेलने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनेल मेस्सी को पहले मार्का अमेरिका पुरस्कार से सम्मानित किया है। यह पुरस्कार स्पेन स्थित मीडिया कंपनी देती है जो मेस्सी की कई उपलब्धियों में एक नई उपलब्धि है। उन्होंने क्लब या देश के लिए रिकॉर्ड 46 ट्रॉफियां जीती हैं और व्यक्तिगत स्तर पर कम से कम 56 अन्य पुरस्कार हासिल किए हैं। इंटर मियामी के घरेलू मैदान चेस स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने स्पेनिश में कहा यह सफर काफी लंबा रहा है। इस दौरान हमने बहुत सी खूबसूरत चीजों का अनुभव किया है लेकिन इस बीच कुछ विषम पल भी आए। इस 20 वर्ष के सफर में सब कुछ अनुकूल नहीं रहा। आपको हर समय जीत नहीं मिल सकती है। मेस्सी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में विश्व कप जीता था जिसे यह स्टार फुटबॉलर अपने करियर का सबसे बड़ा पुरस्कार मानता है।



मैच के दौरान लियोनेल मेस्सी ● एजेंसी >>

# पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 152 रन से हराया

मुल्तान (पाकिस्तान), एजेंसी

- **पाकिस्तान के नोमान और साजिद ने लिए 20 विकेट**
- **लगातार छह हार के बाद पाकिस्तान को मिली जीत**

नोमान अली और साजिद खान ने स्पिनरों की मददगार पिच पर सभी 20 विकेट लिए जिससे पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को शुक्रवार को यहां 152 रन से हराकर घरेलू धरती पर लंबे समय से मिली जीत का इंतजार को खत्म किया।

बाएं हाथ के स्पिनर नोमान ने दूसरी पारी में 46 रन देकर आठ विकेट लिए और इस तरह से मैच में 11 विकेट हासिल किये। उनकी शानदार गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने इंग्लैंड को दूसरी पारी में मैच के चौथे दिन पहले सत्र में ही 144 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 111 रन देकर सात विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर साजिद ने दूसरी पारी में 93 रन दे कर दो विकेट लिए। इन दोनों स्पिनर की कमाल की गेंदबाजी से 297 के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी इंग्लैंड की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। शान मसूद की कप्तान के रूप में यह पहली जीत है। पिछले साल टेस्ट टीम का कप्तान बनने के बाद उन्हें लगातार छह मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इस जीत से पाकिस्तान का घरेलू धरती पर पिछले 11 मैच से जीत नहीं दर्ज कर पाने का सिलसिला भी टूट गया।



जीत का जश्न मनाते पाकिस्तान के खिलाड़ी। ● एजेंसी

# हिमांशु के शतक से हरियाणा मजबूत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**रणजी ट्रॉफी: दूसरा चरण**

**अमृत विचार :** हिमांशु राणा (114) के शानदार शतक की बदौलत हरियाणा ने यूपी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के ग्रुप सी मैच के पहले दिन 6 विकेट पर 242 रन बनाये। शिवम शर्मा ने तीन विकेट लेकर यूपी को मैच में वापसी कराई। पहले दिन का खेल खत्म होने पर धीरू सिंह 25 रन और सुमित कुमार बिना खाता खोले पिच पर मौजूद है।

स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट ग्राउंड पर हरियाणा ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दस रन के योग पर हरियाणा का पहला पहला विकेट लक्ष्य (9) का गिरा। यूपी के गेंदबाज यश ने उनकी गिल्लियां बिखेर दी। 25 रन के योग पर ही मयंक शांडिल्य (5) के रूप में गिरा। इसके बाद विकेट पर पहुंचे हिमांशु रणा और अंकित कुमार ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी की। दोनों के बीच 178 रनों की साझेदारी हुई। अंकित ने 77 रन बनाये। शतकीय पारी खेलने वाले हिमांशु राणा ने 176 गेंदों का सामना किया और 114 रन बनाये। 215 रनों के योग पर अंकित का विकेट सौरभ कुमार ने लिया। सौरभ की गेंद पर एसडी नाथ ने उनका कैच लपका। कपिल हुड्डा बिना खाता खोले और जयंत यादव 9 रन बना कर आउट हो गये। यूपी की ओर से शिवम शर्मा ने 23 ओवर में 46 रन देकर 3 विकेट चटकाए।



यूपी के खिलाफ शतक लगाने वाले बल्लेबाज हिमांशु राणा।

### तमिलनाडु से साई सुदर्शन का दोहरा शतक

**नई दिल्ली।** साई सुदर्शन (नाबाद 202) के दोहरे शतक और वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 96) की बेहतरीन पारी की मदद से तमिलनाडु ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में ग्रुप डी के मुकाबले में दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 379 के स्कोर के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। आज यहां दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी तमिलनाडु के लिए साई सुदर्शन और कप्तान नारायण जगदीशन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 168 रन जोड़े। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए वॉशिंगटन सुंदर ने दिन का खेल समाप्त होने तक (नाबाद 96) रन बना लिये है। वहीं साई सुदर्शन ने 23 चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 202) दोहरा शतक ठोकते हुए तमिलनाडु को 379 स्कोर के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया है।

## बॉलीवुड हलचल



### फिल्म इमरजेंसी को मिला सेंसर सर्टिफिकेट

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अभिनीत, निर्मित और निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी को आधिकारिक तौर पर सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। इमरजेंसी पहले 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। इमरजेंसी को अब आधिकारिक तौर पर सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए कंगना ने कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमें अपनी फिल्म इमरजेंसी के लिए सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### जिगरा ने पहले सप्ताह 22 करोड़ की कमाई की

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा ने अपने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 22 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म जिगरा में आलिया भट्ट के साथ वेदांग रैना की भी अहम भूमिका है। फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है। फिल्म जिगरा का निर्देशन वसन बाला ने किया है। इस फिल्म को वायकॉम 18 स्टूडियोज, धर्मा प्रोडक्शन और एटरनल सनशाइन प्रोडक्शंस ने मिलकर पेश किया है। इस फिल्म के निर्माता करण जौहर, अपूर्व मेहता, आलिया भट्ट, शाहीन भट्ट और सोमेन मिश्रा हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म जिगरा ने पहले दिन 4.55 करोड़, दूसरे दिन 6.55 करोड़, तीसरे दिन 5.5 करोड़, चौथे दिन 1.65 करोड़, पांचवे दिन 1.6 करोड़, छठे दिन 1.35 करोड़ और सातवें दिन 1.21 करोड़ की कमाई की है। इस तरह फिल्म जिगरा अपने पहले सप्ताह में सात दिनों में 22 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।



### होम्बले फिल्म्स की फिल्म बघीरा का पहला गाना रुधिरा धारा रिलीज

मुंबई। होम्बले फिल्म्स की अगली फिल्म बघीरा का पहला गाना ''रुधिरा धारा'' रिलीज हो गया है। फिल्म बघीरा के जबरदस्त टीजर से दर्शकों को प्रभावित करने के बाद, होम्बले फिल्म्स ने इस फिल्म का पहला गाना रुधिरा धारा को रिलीज कर दिया है। इस गाने का संगीत अजनीश लोकनाथ ने तैयार किया है, जबकि गाने को अनिरुद्ध शास्त्री ने अपनी आवाज से सजाया है। ट्रैक में एक्शन और थ्रिल के जबरदस्त नजर दिखाएं गए हैं, और विजुअल्स भी बेहद खूबसूरत हैं। गाने में श्रीमुरली बेहद कमाल के लग रहे हैं और उन्हें देख सुपरहीरो की वाईब्स आ रही है। गाने से पता चलता है कि बघीरा, होम्बले फिल्म्स की एक सुपरहीरो फिल्म होगी, जो इस एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ एक नया जॉनर लेकर आएगी। केजीएफ और सलार : पार्ट 1- सीजफायर के बाद यह होम्बले फिल्म्स का प्रशांत नील के साथ अगला प्रोजेक्ट है। होम्बले फिल्म्स की फिल्म बघीरा डॉ. सूरी ने निर्देशित किया है, और प्रशांत नील ने इसे लिखा है। यह फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## फैलेगा प्रदूषण



फसलों के उत्पादन और उसे बाजार तक पहुंचाने के बाद किसान बचे हुए अवशेष यानी कि पराली में आग लगा देते हैं। इसके कई हानिकारक प्रभाव देखने को मिलते हैं। अमृतसर के बाहरी इलाके में पराली जलाता किसान।

## प्रधानमंत्री मोदी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22-23 अक्टूबर को रूस की यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की 16वीं बैठक रूस के कजान में आयोजित की जाएगी। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए एक बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री मोदी रूस की अपनी यात्रा के दौरान ब्रिक्स के सदस्य देशों के अपने समकक्षों और कजान में आमंत्रित नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं। ब्रिक्स के इस साल के शिखर सम्मेलन का विषय वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करना है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह सम्मेलन नेताओं को दुनिया के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

# दुनिया की एक अरब आबादी घोर गरीबी में जी रही

- संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा भारत 23.4 करोड़ लोग गरीब

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

दुनिया में एक अरब से भी ज्यादा लोग घोर गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं और इनमें से आधे बच्चे हैं जबकि करीब 40 ऐसे लोग संघर्ष वाले या अस्थिर देशों में रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 83 प्रतिशत से अधिक गरीब लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं और इन लोगों के इतने प्रतिशत ही उप-सहारा अफ्रीका और दक्षिण एशिया में रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम और ऑक्सफोर्ड



2010 से ही हर साल बहु आयामी गरीबी सूचकांक जारी कर रहे हैं जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर सहित 10 संकेतकों को आधार बनाया जाता है। इस साल के सूचकांक में दुनिया के 112 देशों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया जिनमें दुनिया की 6.3 अरब आबादी निवास करती है। सूचकांक के मुताबिक 1.1 अरब लोग घोर गरीबी में जीवन यापन कर रहे हैं जिनमें से करीब आधे पांच देशों भारत (23.4 करोड़), पाकिस्तान (9.3 करोड़), इथियोपिया (8.6 करोड़), नाइजीरिया (7.4 करोड़) और कांगो (6.6 करोड़) में निवास करते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक घोर गरीबी में रह रहे लोगों में करीब आधे यानी 58.4 करोड़ बच्चे हैं जिनकी उम्र 18 साल से कम है। उनमें से 31.7 करोड़ लोग उप सहारा अफ्रीका में रहते हैं जबकि 18.4 करोड़ लोगों का निवास स्थान दक्षिण एशिया है।

### संघर्ष के बीच गरीबी पर केंद्रित है रिपोर्ट

यूएनडीपी और ऑक्सफोर्ड ने कहा कि इस वर्ष की रिपोर्ट संघर्ष के बीच गरीबी पर केंद्रित है, क्योंकि 2023 में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे अधिक संघर्ष हुए और युद्ध, आपदाओं और अन्य कारकों के कारण अब तक की सबसे अधिक संख्या यानी 11.7 करोड़ लोगों को अपने घरों को छोड़कर विस्थापित होना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक पेड्रो कॉन्सेकाओ ने बताया, पहली बार वैश्विक एमपीआई आंकड़ों के साथ संघर्ष के आंकड़ों को मिलाकर तैयार की गई रिपोर्ट उन लोगों की कठिन वास्तविकताओं को उजागर करती है जो एक साथ संघर्ष और गरीबी का सामना कर रहे हैं।

## एक नजर

### जापान में महसूस किये गये भूकंप के मध्यम झटके

**बीजिंग।** जापान के नोडा से 48 किलोमीटर उत्तर पूर्व में शुक्रवार को भूकंप के मध्यम झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गयी। अमेरिका के भूगर्भीय सर्वेक्षण के अनुसार आज चार बजकर 38 मिनट (जीएमटी) पर आये भूकंप का केंद्र प्रारंभिक जानकारी के अनुसार 40.30 डिग्री उत्तरी आक्षांश और 142.33 डिग्री पूर्वी देशांतर के बीच जमीन से 63.4 किलोमीटर की गहराई पर था।

### 10 साल के बच्चों के लिए जेल की सजा का प्रावधान फिर शुरू

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के नादर्न टेरिटेरी( एनटी) में सरकार ने आपराधिक जिम्मेदारी की उम्र कम कर दी है जिससे 10 साल की उम्र के बच्चों को जल्द ही फिर से जेल भेजा जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलियाई राज्यों और क्षेत्रों पर अन्य विकसित देशों और संयुक्त राष्ट्र की सलाह के अनुसार इसे 10 से बढ़ाकर 14 वर्ष करने का दबाव है। पिछले साल एनटी 12 साल की उम्र तक की सीमा को बढ़ाने वाला पहला क्षेत्र बन गया था, लेकिन अगस्त में निर्वाचित नयी कंट्री लिबरल पार्टी (सीएलपी) सरकार ने कहा है कि युवा अपराध दर को कम करने के लिए इसे उलटना आवश्यक है।

### हैरिस-टिम वाल्ज को वोट दूंगा का वीडियो जारी किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रमुख चुनावी राज्यों में दक्षिण एशियाई मतदाताओं को एकजुट करने के मकसद से डेमोक्रेटिक पार्टी के एक भारतीय-अमेरिकी समर्थक ने मैं कमला हैरिस-टिम वाल्ज को वोट दूंगा शीर्षक से वीडियो जारी किया है। बॉलीवुड से प्रेरित इस वीडियो का संगीत फिल्म रोजा के प्रसिद्ध गीत दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, विस्कॉन्सिन, जॉर्जिया, नेवादा, एरिजोना और उत्तरी कैरोलाइना में दक्षिण एशियाई मतदाताओं को एकजुट करना है।

### रूस की सहायता के लिए उत्तर कोरिया ने भेजे सैनिक

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई खुफिया एजेंसियों ने पता लगाया है कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस की सहायता के लिए उत्तर कोरिया ने अपने 12,000 सैनिक भेजे हैं। इनमें विशेष अभियानों को अंजाम देने में सक्षम टुकड़ी भी शामिल हैं। योनहाप समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को अपनी खबर में यह जानकारी दी। योनहाप ने राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) के हवाले से बताया कि उत्तर कोरियाई सैनिक रूस की सहायता के लिए पहले ही रवाना हो चुके हैं।

### दुष्कर्म की घटना के विरोध में दो दिन के लिए स्कूल बंद

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में अधिकारियों ने शुक्रवार को सभी कॉलेज और विश्वविद्यालयों को दो दिन के लिए बंद करनने की घोषणा की। अधिकारियों ने यह कदम एक निजी कॉलेज के परिसर में हुए कथित दुष्कर्म के विरोध में छात्रों द्वारा किए जा रहे प्रदर्शन को फैलने से रोकने के लिए उठाया है। पूर्वी शहर लाहौर में कथित दुष्कर्म की खबर सोशल मीडिया पर फैलने के बाद से कॉलेज परिसरों में तनाव बढ़ गया है और चार शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। पंजाब प्रांत के गुजरात में छात्रों और पुलिस के बीच झड़प में एक की मौत हो गई।

# रॉ ने रची थी पन्नू की हत्या की साजिश

## अमेरिका का आरोप- प्रधानमंत्री मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान हुआ था प्रयास

- अधिकारी की पहचान 39 वर्षीय विकास यादव के रूप में की गई

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में एक भारतीय रॉ अधिकारी पिछले साल गर्मियों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश की राजकीय यात्रा के दौरान एक सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश में शामिल था। संघीय अभियोजकों ने गुरुवार को न्यूयॉर्क की एक अमेरिकी अदालत में दायर एक अभियोग में यह आरोप लगाया। संघीय अभियोजकों ने दावा किया कि अधिकारी की पहचान 39 वर्षीय विकास यादव के रूप में हुई है। यादव कैबिनेट सचिवालय में कार्यरत था जहां भारत की विदेशी खुफिया सेवा अनुसंधान एवं विश्लेषण विंग (रॉ) का मुख्यालय है। यादव अब सरकारी कर्मचारी नहीं है। उस पर तीन आरोप लगाए गए हैं, जिनमें भाड़े के अपराधियों की मदद से हत्या को अंजाम देने का प्रयास और धन शोधन की साजिश शामिल है। न्याय विभाग ने कहा कि यादव अब भी फरार है। उसके साथ इस साजिश में शामिल सहआरोपी निखिल गुप्ता को पिछले वर्ष चेकोस्लोवाकिया में गिरफ्तार किया गया था तथा प्रत्यर्पण के बाद वह अमेरिकी जेल में बंद है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक बी. गारलैंड ने कहा, आज के आरोप दर्शाते हैं कि न्याय विभाग अमेरिकियों को निशाना बनाने और उन्हें खतरे में डालने तथा प्रत्येक अमेरिकी नागरिक के अधिकारों को कमजोर करने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं करेगा। एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने कहा आरोपी एक भारतीय सरकारी कर्मचारी है। उसने कथित तौर पर एक आपराधिक सहयोगी के साथ मिलकर साजिश रची और संविधान के प्रथम संशोधन अधिकारों का प्रयोग कर अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक की हत्या का प्रयास किया। भारत सरकार ने अमेरिकी धरती पर किसी अमेरिकी नागरिक की हत्या की ऐसी किसी साजिश में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है।



### मिलर ने कहा- वह भारत सरकार का कर्मचारी नहीं

मिलर ने कहा गुरुवार को हुई बैठक में हमने जांच समिति के सदस्यों को अमेरिका द्वारा की जा रही जांच के बारे में जानकारी दी। हमें उनके द्वारा की जा रही जांच के बारे में जानकारी मिली है। यह एक सार्थक बैठक थी। उन्होंने कहा उन्होंने हमें बताया कि जिस व्यक्ति का नाम न्याय विभाग के अभियोग में था, अब वह भारत सरकार का कर्मचारी नहीं है। गुरुवार को जारी 18 पन्नों के अभियोग पत्र में यादव की सैन्य पोशाक में एक तस्वीर है और न्यूयॉर्क में एक कार में दो व्यक्तियों द्वारा डॉलर का आदान-प्रदान करने की तस्वीर भी है, जिसके बारे में संघीय अभियोजकों कहना है कि इस तस्वीर में दिख रहा व्यक्ति गुप्ता और यादव की ओर से न्यूयॉर्क में सिख अलगाववादी नेता की हत्या के लिए कथित हत्यारे को पैसे दे रहा था।

### अभियोग पत्र में सिख अलगाववादी का नाम नहीं लिखा गया

अभियोग पत्र में अमेरिकी नागरिक एवं सिख अलगाववादी का नाम नहीं लिखा गया है। न्याय मंत्रालय द्वारा अभियोग जारी किए जाने के बाद अलगाववादी सिख फॉर जस्टिस के महाधिवक्ता गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बयान में कहा रॉ अधिकारी विकास यादव पर भाड़े की हत्या की साजिश का आरोप लगाकर अमेरिकी सरकार ने देश और विदेश में अमेरिकी नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करने के मौलिक संवैधानिक कर्तव्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। अभियोग में आरोप लगाया गया है कि यादव ने निखिल गुप्ता के साथ मिलकर 2023 की गर्मियों में सिख अलगाववादी नेता की हत्या की साजिश रची थी। गुप्ता ने भाड़े पर एक व्यक्ति को इस हत्या को अंजाम देने का काम सौंपा था। अज्ञात व्यक्ति एफबीआई का मुखबिर था, जिसने इस काम के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर मांगे थे और नौ जून, 2023 को अग्रिम भुगतान के रूप में उसे 15,000 अमेरिकी डॉलर मिले थे। यह सारा घटनाक्रम तब का है जब राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को 22 जून को ऐतिहासिक राजकीय यात्रा पर आमंत्रित किया था। अभियोग के अनुसार, यादव ने गुप्ता और किराए के हत्यारे को राजकीय यात्रा से ठीक पहले या उस दौरान काम नहीं करने के लिए कहा था। अभियोग के अनुसार, अमेरिकी सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश और उसी अवधि के दौरान कनाडा में एक अन्य सिख अलगाववादी निज्जर की हत्या के बीच संबंध था।

## हुती नेटवर्क से संबंधों को लेकर दो भारतीयों पर प्रतिबंध लगाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरानी तेल परिवहन मामले में एक हुती नेटवर्क से कथित संबंध के चलते 18 कंपनियों और लोगों पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंधित लोगों में दो भारतीय भी शामिल हैं। आरोप है कि इस तेल के परिवहन से अर्जित राजस्व से हुती संगठन को इजराइल पर हमले करने और लाल सागर क्षेत्र में पोत परिवहन को बाधित करने में मदद मिलती है।

इस संबंध में जारी एक नोट में कहा गया कि अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर-कुद्स बल समर्थित हुती के वित्तीय अधिकारी सैद अल जमाल और उसके नेटवर्क से संबंध रखने के चलते संबंधित कंपनियों और अवैध तेल परिवहन में शामिल जहाजों के कप्तानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रतिबंधित 18 कंपनियों में मार्शल द्वीप-पंजीकृत 'चांगताई शिपिंग एंड मोशनविगेशन्स लिमिटेड' और संयुक्त अरब अमीरात आधारित 'इंडो गल्फ शिप मैनेजमेंट' भी शामिल हैं। वित्त विभाग के अनुसार, प्रतिबंधित किए गए दो भारतीय नागरिक 'इंडो गल्फ शिप मैनेजमेंट' से जुड़े हैं। संयुक्त अरब अमीरात और भारत में रहने वाले भारतीय नागरिक राहुल रतनलाल वारिकू 'इंडो गल्फ शिप मैनेजमेंट' के प्रबंध निदेशक हैं।

**कनाडा के विपक्षी नेता ने सरकार पर लगाए आरोप**

# ट्रूडो ध्यान भटकाने के लिए निज्जर मामले का कर रहे इस्तेमाल

**ओटावा, एजेंसी**

कनाडा के एक विपक्षी नेता ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर अन्य विवादों से ध्यान भटकाने के लिए हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और सरकार से पिछली प्रशासनिक गलती को सुधारने के लिए खालिस्तानी आतंकवादी की नागरिकता मरणोपरांत छीन लेने को कहा है। पीपुल्स पार्टी ऑफ कनाडा के नेता मैक्सिम बर्नियर ने यह भी कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी, जो पूरे विवाद के केंद्र में है, वह एक विदेशी आतंकवादी था, जिसे किसी तरह 2007 में नागरिकता प्रदान कर दी गई थी। रॉयल कनाडियन माउंटेड पुलिस ने सोमवार को कहा कि उसने जून 2023 में हुई निज्जर की हत्या में, संभावित संदिग्ध के रूप में कनाडा में भारत के उच्चायुक्त और पांच अन्य राजनयिकों की पहचान की थी। आरसीएमपी ने यह भी कहा कि उसने भारत सरकार के एजेंटों द्वारा कनाडाई लोगों के खिलाफ तेजी से एक अभियान चलाये जाने के सबूत भी पाए हैं। बर्नियर ने कहा कि अगर यह सच है, तो आरसीएमपी और कनाडा सरकार द्वारा लगाए गए ये आरोप कि भारतीय राजनयिकों की हमारे देश में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता रही है, बहुत गंभीर हैं।



### निज्जर एक विदेशी आतंकवादी था : बर्नियर

बर्नियर ने कहा कि निज्जर एक विदेशी आतंकवादी था, जिसने कनाडा में शरण लेने के लिए कई बार फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा हालांकि इस भ्रम को दूर किया जाना चाहिए कि इस विवाद का केंद्र बिंदु, खालीस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर, जिसकी पिछले साल हत्या कर दी गई थी, एक कनाडाई था। वह असल में एक विदेशी आतंकवादी था।

## आईआईटी मद्रास दुबई में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय केंद्र खोलेगा

**दुबई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास 2025 के शुरुआत में अनुसंधान, नवोन्मेष और उद्यमिता के लिए पहला अंतर्राष्ट्रीय केंद्र दुबई में खोलेगा। संस्थान ने शुक्रवार को यह जानकारी की। संस्थान के मुताबिक आईआईटीएम ग्लोबल दुबई सेंटर अत्याधुनिक क्षेत्रों जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा विज्ञान, रोबोटिक्स और सतत ऊर्जा में विशेषज्ञता हासिल करेगा और भारत के उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए एक नये सेतु की भूमिका निभाएगा। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास और दुबई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग (डीईटी) के बीच हुए समझौता हुआ है।

# ताइवान का कार्यालय खोलने पर भारत का जताया विरोध

**बीजिंग, एजेंसी**

- विदेश मंत्रालय ने राजनयिक स्तर पर दर्ज कराया विरोध

चीन ने मुंबई में ताइवान के ताइपे आर्थिक एवं सांस्कृतिक केंद्र (टीईसीसी) के हाल में स्थापित कार्यालय को लेकर भारत के समक्ष राजनयिक स्तर पर विरोध दर्ज कराया है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक सवाल के जवाब में कहा, दुनिया में केवल एक-चीन है और ताइवान चीन के क्षेत्र का एक अविभाज्य हिस्सा है।

उन्होंने कहा, चीन अपने साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों और ताइवान के बीच हर प्रकार के आधिकारिक संपर्क और संवाद का कड़ा विरोध करता है जिसमें एक-दूसरे का प्रतिनिधित्व करने वाले कार्यालयों की स्थापना भी शामिल है।

### ताइवान से आधिकारिक बातचीत न करे भारत

चीन ने कहा कि वह भारतीय पक्ष से आग्रह करता है कि वह अपनी प्रतिबद्धताओं का सख्ती से पालन करे, ताइवान से संबंधित मुद्दों को विवेकपूर्ण और उचित तरीके से सुलझाए, ताइवान के साथ किसी भी प्रकार की आधिकारिक बातचीत न करे और चीन-भारत संबंधों को सुधारने की प्रक्रिया में बाधा डालने से बचे।

## सऊदी अरब में लोकप्रिय है योग, महिलाओं का है इसमें प्रभुत्व

**रियाद।** सऊदी अरब के लोगों ने सात साल पहले बिना किसी संकोच के योग को अपना लिया था और अब यह प्राचीन भारतीय विधा इस देश में काफी लोकप्रिय है तथा इसमें महिलाओं का प्रभुत्व है। देश की पहली प्रमाणित योग प्रशिक्षक और पद्म श्री सम्मान से नवाजी गई अरब की पहली नागरिक नोऊ मरवाई ने यह बात कही। मरवाई ने कहा कि सऊदी अरब के लोग स्वास्थ्य के लिए अच्छी किसी भी चीज को पसंद करते हैं। उन्होंने 2017 में सऊदी अरब में योग की शुरुआत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और उन्हें 2018 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

# मालावी से द्विपक्षीय संबंधों पर की बातचीत

- राष्ट्रपति मुर्मू ने मलावी के राष्ट्रपति से मुलाकात की

**लिलोंग्वे (मलावी), एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को यहां मलावी के राष्ट्रपति लाजारुस मैककार्थी चाकवेरा से मुलाकात की और द्विपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर सार्थक चर्चा की। मुर्मू अफ्रीका के तीन देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में गुरुवार को मलावी पहुंचीं।

उनकी उपस्थिति में कला और संस्कृति, खेल और फार्मास्युटिकल सहयोग समेत अनेक क्षेत्रों में समझौतों पर भी हस्ताक्षर किए गए। यह मुलाकात लिलोंग्वे में स्टेट हाउस में हुई। राष्ट्रपति कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा दोनों नेताओं ने भारत-मलावी रिश्ते को और गहरा करने के लिए विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। उसने कहा, वह मानवीय सहायता के रूप में प्रतीकात्मक रूप से 1000 मीट्रिक टन चावल तथा स्वास्थ्य सहयोग के रूप में मलावी को भाभाट्रॉन कैंसर उपचार मशीन सौंपे जाने की भी साक्षी बनीं। राष्ट्रपति ने मलावी में एक स्थायी आर्टिफीशियल लिंब फिटमेंट सेंटर स्थापित करने में भारत सरकार के सहयोगी की भी घोषणा की। मुर्मू ने इससे पहले यहां राष्ट्रीय समर स्मारक पर जाकर प्रथम और द्वितीय विश्व युद्धों में जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी जिनमें भारतीय सैनिक भी शामिल थे।




मलावी को मानवीय सहायता के रूप में प्रतीकात्मक रूप से 1000 मीट्रिक टन चावल सौंपतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

# हिजबुल्ला बोला- युद्ध का नया चरण शुरू

**येरुशलम, एजेंसी**

गाजा में एक दिन पहले इजराइली सेना की कार्रवाई में हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार की मौत के बाद लेबनान के उग्रवादी समूह हिजबुल्ला ने शुक्रवार को कहा कि आक्रमणकारी इजराइली सैनिकों के खिलाफ उसकी लड़ाई नए चरण में प्रवेश कर गई है।

इजराइल की इस घोषणा कि उसके सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता सिनवार को मार गिराया, पर हमास ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन उसके सहयोगी ईरान ने संयुक्त राष्ट्र में अपने अभियान के माध्यम से फिलिस्तीन उग्रवादी नेता की स्मृति में एक बयान जारी किया है। सिनवार दक्षिणी इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। इजराइल के सहयोगी देशों की सरकारों से लेकर गाजा के लोगों को सिनवार की मौत से उम्मीद है कि यह युद्ध की समाप्ति का मार्ग प्रशस्त कराएगी। लेकिन इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सिनवार के मारे जाने का ऐलान करते हुए अपने भाषण में कहा कि हमारा युद्ध अभी समाप्त नहीं हुआ है। हमास के उग्रवादियों ने पिछले साल सात अक्टूबर को सुरक्षा बाड़ को ध्वस्त कर इजराइल में घुसकर हमला किया था।



### इजरायल के 55 लोगों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में जमीनी अभियान शुरू होने के बाद से इजराइली सेना के नुकसान में 55 लोग मारे गए हैं और 500 से अधिक सैनिक और अधिकारी घायल हुए हैं। लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्ला ने एक बयान यह जानकारी दी। बयान में कहा गया प्रतिरोध सेनानियों की पुष्टि के अनुसार, शत्रु हताहतों की संख्या 55 तक पहुंच गई है और 500 से अधिक घायल सैनिक और अधिकारी मारे गए हैं। इसके अलावा, 20 मर्कवा टैंक और चार सैन्य बुलडोजर नष्ट कर दिए गए हैं।

**ज्ञान-विज्ञान** एनओएए ने जारी की भविष्यवाणी, 60 फीसद रहेगा असर

# ला नीना से मार्च तक बनी रह सकती है ठंड

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** दुनिया में ला नीना का असर 60 फीसद रहने की संभावना मौसम के जानकारों ने जताई है। दिसंबर व जनवरी में अधिक प्रभावशाली रह सकता है। अलबत्ता मार्च तक इसका प्रभाव बने रहने की संभावना रहेगी। जलवायु पर नजर रखने वाली संस्था अमेरिका की राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन (एन ओ ए ए) ने ला नीना पर ताजा रिपोर्ट जारी की है। यदि अनूमान सही साबित हुआ तो इस बार कड़ाके की ठंड तो पड़ेगी ही पहाड़ों में भी जमकर बर्फबारी होगी।

इससे भी बड़ी बात यह है कि सर्दियां लंबी खींच जाएगी और मार्च तक ठंड का असर बने रहेगा। हालाकि भारतीय मौसम विज्ञान ने अभी कोई ताजा एडवाइजरी जारी नही की है। दो माह पूर्व भारत मे भी इसका प्रभाव रहने की संभावना जताई थी। इधर एनओएए के अनुसार उत्तरी गोलार्ध के शरद ऋतु के महीनों में विकसित होने वाली ला नीना को कमजोर बताया है। इस घटना का असर 60 फीसद रहने की भविष्यवाणी की है। साथ ही कहा है कि यदि यह प्रभावी होता है, तो इसके जनवरी से मार्च तक बने रहने की उम्मीद रहेगी। इससे अमेरिका में शुष्क और हल्की सर्दी हो सकती है। दक्षिण और मैक्सिको के कुछ हिस्सों के साथ अमेरिका के पूर्वोत्तर में अधिक सर्दी होगी, जबकि अमेरिका और दक्षिणी कनाडा का उत्तरी स्तर औसत से अधिक सर्द हो सकता है।



### दुनियाभर के मौसम में प्रभाव डालता है ला नीना

नैनीताल : ला नीना मध्य और पूर्व-मध्य भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह के तापमान का समय-समय पर ठंडा होना है। आम तौर पर ला नीना की घटना 3 से 5 साल में होती हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण अब ये लगातार वर्षों में भी हो सकती हैं। भविष्य में इसका असर दुनिया भर के मौसम को प्रभावित कर सकता है। एनओएए महासागरों का अध्ययन करता है और वैश्विक स्तर पर मौसम का पूर्वानुमान लगाता है।